सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 47, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 650 अंकों की उछाल

सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650 .39 अंक चढ़कर 83,277 .15 अंक पर बंद हुआ। } 14

## दिल्ली पुलिस के लिए बनेगा विशेष प्रकोष्ठ : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ का एकीकृत मुख्यालय आतंकवाद और अपराध से निपटने का एक प्रभावी साधन बनेगा। } 16

## जेईई मेन्स रिजल्ट : 12 अभ्यर्थियों को परफेक्ट 100



एजेंसी

नयी दिल्ली। इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मुख्य 2026 में 12 अभ्यर्थियों ने परफेक्ट 100 अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें से अधिकांश राजस्थान से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को यह घोषणा की। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13.04 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। सूत्रों के अनुसार, छात्रों और अन्य हितधारकों द्वारा विसंगतियों को उजागर किए जाने के बाद अंतिम उत्तर कुंजी से कम से कम नौ प्रश्न हटा दिए गए। एक सूत्र ने बताया कई पालियों में हटाए गए नौ प्रश्नों के लिए, उस विशेष पाली में उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को पूरे अंक दिए जाएंगे। पिछले साल ऐसे सवालों की संख्या छह थी। जिन प्रतिभागियों ने एनटीए में परफेक्ट 100 अंक प्राप्त किए हैं, उनमें से तीन राजस्थान से, दो आंध्र प्रदेश से और एक-एक दिल्ली, बिहार, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना से हैं। ये सभी 12 अभ्यर्थी लड़के हैं और इनमें से 11 सामान्य श्रेणी से हैं। शीर्ष अभ्यर्थियों में - राजस्थान से कबीर छिल्लर, चिरंजीव कर और अर्नव गौतम, आंध्र प्रदेश से नरेंद्रबाबू गारी माहिथ और पासाला मोहित, श्रेयस मिश्रा (दिल्ली), शुभम कुमार (बिहार), भावेश पात्रा (ओडिशा), अनय जैन (हरियाणा), माधव विराडिया (महाराष्ट्र), पुरोहित निमय (गुजरात) और विवान शरद माहिश्वरी (तेलंगाना) शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार, एनटीए स्कोर प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं है, बल्कि यह मानकीकृत स्कोर है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का किया उद्घाटन

### एक्सपो में स्थापित किये गये 13 देशों के मंडप



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी गतिविधियों पर केंद्रित प्रदर्शनी इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद प्रदर्शनी में हिस्सा ले रही स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। यह एक्सपो ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत मंडपम में एआई सम्मेलन का आगाज



नयी दिल्ली। दुनिया का सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन सोमवार को भारी भीड़ और लंबी कतारों के बीच यहां भारत मंडपम शुरू हुआ। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रौद्योगिकी और उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, संस्थापक और विशेषज्ञ शामिल होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में सम्मेलन के प्रतिनिधियों, वक्ताओं और मेहमानों के स्वागत के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं। सम्मेलन के सुबह साढ़े नौ बजे से काफी पहले ही भारत मंडपम के बाहर लंबी कतारें लग गईं, जो इस विषय और सम्मेलन में लोगों की गहरी रुचि को दर्शाता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### मेरठ में पाकिस्तानी मां बेटी के खिलाफ मुकदमा

मेरठ (उप्र)। मेरठ में एक महिला और उसकी बेटी के खिलाफ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और वैध नागरिकता के बिना देश में रहने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दिल्ली गेट थाना क्षेत्र की निवासी रुकसाना नामक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और पुलिस अधीक्षक (नगर) को दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि जली कोठी स्थित नादिर अली बिल्डिंग में रहने वाली फरहत मसूद ने 1988 में पाकिस्तान जाकर एक पाकिस्तानी नागरिक से निकाह किया था। शिकायत में कहा गया है कि 1993 में पाकिस्तान में जन्मी उनकी बेटी ऐमन फरहत को पाकिस्तानी पासपोर्ट पर भारत लाया गया और बाद में उसे यहां एक स्कूल में दाखिला दिलाया गया, लेकिन भारतीय नागरिकता नहीं दिलाई गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि संबंधित महिला ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेटी का पासपोर्ट बनवाया तथा अपने नाम से दो अलग-अलग पहचान पत्र बनवाए।

### 10वीं के लिए पहली परीक्षा अनिवार्य : सीबीएसई

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है और जो विद्यार्थी पहले चरण में कम से कम तीन विषयों में उपस्थित नहीं होते हैं, उन्हें अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जायेगा। सीबीएसई 2026 से कक्षा 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने जा रहा है। बोर्ड द्वारा यह स्पष्टीकरण कुछ अनुरोध प्राप्त होने के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि कुछ कारणों से कक्षा 10वीं के जो विद्यार्थी पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जानी चाहिए। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा सभी विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है।

# रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया है यूपी : योगी

○ जनता जनार्दन पर कोई अतिरिक्त कर नहीं लगाया ○ टैक्स चोरी को रोकने के लिए उठाये व्यापक कदम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति की तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने राजस्व अनुशासन, किसानों की आय वृद्धि और कृषि क्षेत्र में तकनीकी बदलावों को सरकार की प्रमुख उपलब्धि बताया। कहा कि बिना अतिरिक्त कर लगाए टैक्स चोरी पर अंकुश और विकास के संतुलित मॉडल से प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी मात्र 13 लाख करोड़ रुपये थी। 1947 से लेकर 2017 तक इस यात्रा को तय करने में 70 वर्ष लगे। 2017 के बाद मात्र आठ से साढ़े आठ वर्ष के बीच में डबल इंजन सरकार ने इसमें 23 लाख करोड़ अतिरिक्त जोड़े हैं। सीएम योगी ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 36 लाख करोड़ की हो चुकी है। जब देश आजाद हुआ था, यूपी का शेयर 14 प्रतिशत था। लगातार घटते-घटते 2016-17 में यह आठ प्रतिशत रह गया। अब लगातार आगे बढ़ते हुए 9.5 प्रतिशत तक पहुंचने में सफलता प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर कैपिटा इनकम को तीन गुना करने में सफलता मिली है। इसके लिए जनता जनार्दन पर कोई अतिरिक्त टैक्स नहीं लगाया। हमने टैक्स चोरी को जरूर रोका है। रेवेन्यू लीकेज पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया। आज प्रदेश पिछले पांच वर्षों में लगातार रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में अपने आप को स्थापित कर चुका है। सीएम ने कहाकि बैंकों में पहले उत्तर प्रदेश के अंदर 100 रुपये जमा होते थे जो मात्र 43 रुपये जनता के उपयोग में खर्च होते थे। हमने इसे बढ़ाकर 61-62 रुपये तक पहुंचा दिया है। उत्तर प्रदेश के नौजवानों और व्यापारियों तक इसके उपयोग को पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है। यानी सीडी रेशियो 43 से बढ़कर 62 प्रतिशत पहुंचाने में हमने सफलता प्राप्त की है। मुझे इस बात का गर्व है कि उत्तर प्रदेश आज सही दिशा में बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष के लोग भी गाहे-बगाहे अन्नदाता की चर्चा करते हैं, लेकिन नीयत उनकी साफ नहीं है। उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा खाद्यान्न उत्पादन भी करता है लेकिन अन्नदाता किसानों की स्थिति उनके समय में क्या थी। इन्होंने कहां पहुंचा दिया था? भारत आज से 2000 वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था का सिरमौर था। 44 प्रतिशत वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारत का अधिकार था। वह भारत का स्वर्ण युग था। आज से 400 वर्ष पहले भी भारत की स्थिति यही थी और ग्लोबल इकॉनामी में भारत का शेयर 24-25 प्रतिशत था। 2017 के पहले कृषि के बारे में कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। अन्नदाता केवल वोट बैंक बन गया था। लागत अधिक, उत्पादन कम था और बिचौलियों का वर्चस्व था। 2017 के बाद डबल इंजन की डबल स्पीड से लागत कम, उत्पादन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### कांग्रेस मुक्त हुई विधान परिषद : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान परिषद में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के नेताओं पर जमकर बरसे। सीएम ने विधान परिषद की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के सदस्यों से कहा कि कांग्रेस से सबक ले लीजिए। कांग्रेस विधान परिषद विहीन हो गई है। यदि सपा को भी विधानसभा व परिषद विहीन होना है तो अनर्गल प्रलाप और महापुरुषों का अपमान करें। अन्यथा ऐसा आचरण न करें, जो समाज में विद्वेष की स्थिति पैदा करता है।

सीएम ने विपक्षी दलों के सदस्यों से अनुरोध किया कि यूपी की नई पहचान को संकट में मत डालिए। प्रदेश के विकास की यात्रा के साथ बढ़ने के लिए जिम्मेदार विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे तो प्रदेश की जनता आपको सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश को सभी सेक्टर में अच्छी सफलता प्राप्त हुई है। प्रदेश और देश में जब टीमवर्क से काम होता है, तब परिणाम आता है। आज हर तबके (गांव, गरीब, युवा, महिला, किसान, हस्तशिल्पी) के मन में विश्वास है ...शेष पृष्ठ 14 पर

### विकास ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान परिषद में चर्चा के दौरान कांग्रेस व सपा को निशाने पर रखा। उन्होंने पुलिस व कानून व्यवस्था पर भी अपनी बातें रखीं। सीएम योगी ने कहा कि देश व प्रदेश विरासत पर गौरव की अनुभूति करता है। विरासत से युक्त विकास ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती है। जिन्होंने भारत की आत्मा पर प्रहार किया और आस्था को रौंदा, उन आक्रांताओं का महिमामंडन कोई राजनीतिक स्वार्थ के लिए करे, नए भारत का नया उत्तर प्रदेश यह स्वीकार नहीं करेगा। देशद्रोही तत्वों के समर्थन में बयानबाजी या राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करना राष्ट्रद्रोह से कम नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि वंदे मातरम का 150वां वर्ष चल रहा है। पीएम मोदी ने राष्ट्रगीत को देश में अनिवार्य रूप से लागू करने के लिए नोटिफिकेशन जारी कराया। राष्ट्रगीत भारत की आन, बान व शान का प्रतीक है। इन प्रतीकों व राष्ट्रनायकों का सम्मान भारतीयों का दायित्व बनता है। आक्रांताओं का महिमा मंडन और राष्ट्र प्रतीकों (तिरंगा, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रोहित शेट्टी गोलीकांड : यूपी से धरे गये सात शार्प शूटर

विशेष संवाददाता

○ यूपी एसटीएफ व मुम्बई पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन

लखनऊ। फिल्मकार रोहित शेट्टी के घर पर हुई गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों को विशेष अदालत ने सोमवार को 25 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने अदालत को बताया कि लारेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य शुभम लोनकर के इशारे पर शेट्टी को नुकसान पहुंचाने और भय का माहौल पैदा करने के इरादे से वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों को रविवार की रात हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया और सोमवार को मुंबई लाया गया। इनमें कथित शूटर दीपक शर्मा भी शामिल है।

महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों की सुनवाई के लिए नामित विशेष अदालत ने सभी को 25 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने साजिश का पर्दाफाश करने और लोनकर समेत मामले के अन्य वांछित आरोपियों के ठिकाने का पता लगाने के उद्देश्य से पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगी। पुलिस ने अदालत को यह भी बताया कि घटना में इस्तेमाल किए गए आग्नेयास्त्रों को अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है। पुलिस ने उनकी हिरासत की मांग करते हुए अदालत को बताया कि लोनकर के आदेश पर शेट्टी को नुकसान पहुंचाने और गिरोह द्वारा निशाना बनाए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम धामी ने जन चौपाल में सुनी समस्याएं

### जनता की कसौटी पर ही परखी जायेगी सरकार : मुख्यमंत्री



प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। हरिद्वार के कांगड़ी क्षेत्र स्थित ग्राम आर्यनगर (गाजीवाली), श्यामपुर में आयोजित मुख्य सेवक जन चौपाल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि सरकार की वास्तविक उपलब्धि वही है, जो सीधे तौर पर जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए।

जन चौपाल में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, सामाजिक प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी कई मांगें सामने रखीं। सड़कों की स्थिति, पेयजल संकट, विद्युत आपूर्ति में बाधाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, भूमि से जुड़े मामले और विकास कार्यों की गति जैसे विषय प्रमुख रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और तय समय सीमा के भीतर समाधान प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि जनहित के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने और उसकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राजस्थान : अवैध पटाखा फैक्टरी में लगी आग, सात लोगों की मौत



एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी कस्बे में सोमवार को पटाखे बनाने वाली एक अवैध फैक्टरी में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में सात लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 14.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें

○ समस्याओं के समाधान में विलंब स्वीकार नहीं (पृष्ठ-02)
○ नो-मैपिंग व विसंगतियों की सुनवाई को अधिकारी नियुक्त (पृष्ठ-02)
○ डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 पर स्थिर (पृष्ठ-14)
○ एआई से गलत सूचना लोकतंत्र के लिए खतरा (पृष्ठ-14)
○ स्नैपडील पर पांच लाख रुपये का जुर्माना (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — आर्टिफिशियल मशीन लर्निंग और न्यू मटीरियल का बढ़ रहा है प्रयोग

## रक्षा क्षेत्र में बढ़ायेंगे विकास की गति : राजनाथ

एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अगली पीढ़ी के एयरो इंजन के विकास में तेजी लाने की अपील की और कहा कि देश के पास समय कम है। अगर किसी इंजन के विकास में आमतौर पर 25 साल लगते हैं, तो यह मानकर चलें कि 20 साल बीत चुके हैं और अब हमारे पास केवल पांच साल बचे हैं।

रक्षामंत्री ने विशेषज्ञों व शोधकताओं से कहा, अगर किसी इंजन को विकसित करने में 25 साल लग रहे हैं, तो भारत की मौजूदा स्थिति , हमारी रणनीतिक जरूरत और हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी हैं कि आप मानकर चलिए कि आपके 20 साल पहले ही खत्म हो चुके हैं और अब सिर्फ पांच साल ही आपके पास बचे हैं। यह कोई अचरज वाली बात नहीं है, यह एक चुनौती है। हमें पांच साल में वो कर दिखाना है, जो दूसरे देश 20 साल में करते हैं। इसी में हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। उन्होंने कहा कि हमें भविष्य की तरफ भी देखना होगा। हम सिर्फ 5वीं पीढ़ी के इंजन तक सीमित नहीं रह सकते। छठी पीढ़ी की एडवांस टेक्नोलॉजी का विकास भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में अदालत परिसरों को बम की धमकी

### लखनऊ समेत कई कोर्टों में चलाया गया सघन तलाशी अभियान

विशेष संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊमें सोमवार की सुबह जिला न्यायाधीश को बम धमाके की धमकी ईमेल के जरिये दिये जाने के बाद अदालत परिसर की सुरक्षा और पुख्ता कर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की देखरेख में बम निरोधक दस्ते तथा श्वान दस्ते की मदद से अदालत परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि मेरठ, वाराणसी, आजमगढ़ और अमरोहा से भी अदालत परिसरों में बम विस्फोट की धमकी दिये जाने की खबरें आयी हैं।

लखनऊ के वजीरगंज के थाना अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग सात बजे जिला न्यायाधीश को एक ईमेल के जरिए अदालत में बम विस्फोट करने की धमकी दी गयी थी। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की देखरेख में अदालत परिसर की सघन तलाशी का अभियान शुरू किया गया। इस काम में बम निरोधक दस्ते तथा श्वान दस्ते की भी मदद ली गयी। उन्होंने कहा कि चैंबर, न्यायालय कक्षों और कूड़ेदान की भी जांच की गई। उन्होंने कहा कि तीन टीम द्वारा चलाया गया यह तलाशी अभियान सुबह लगभग आठ बजे शुरू हुआ और दोपहर लगभग 12 बजे तक चला। इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय द्वारा 14 फरवरी को बीबीडीयू की चासंलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से आशा कार्यकताओं का गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग एवं ओरल पैथोलॉजी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आशा कार्यकताओं को ग्रामीण समुदाय के प्रति उनकी समर्पित एवं निःस्वार्थ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया तथा पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. श्रीकृष्ण श्रीवास्तव, प्रति-कुलपति प्रो. (डॉ.) सतीश चंदर शर्मा तथा प्राचार्य प्रो. (डॉ.) नीता पसरीचा ने आशा कार्यकताओं की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी करुणा, ईमानदारी और मेहनत देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में टाटा मोटर्स के डिप्टी जनरल मैनेजर (मेडिकल) डॉ. रोहित कुमार को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

जन परिवार कल्याण संस्थान की मेडिकल ऑफिसर डॉ. दिव्या अबरोल ने आशा कार्यकताओं के कार्यों एवं प्रतिबद्धता की सराहना की तथा बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से चलाए जा रहे ओरल हेल्थकेयर कार्यक्रमों की प्रशंसा की। समारोह के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को प्रशंसा-पत्र वितरित किए गए तथा डॉ. सुगंधा अग्रवाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कॉलेज की उन्नत सुविधाओं की जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. नीता पसरीचा ने अपने संबोधन में कहा कि आशा कार्यकर्ता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी निष्ठा मरीजों के विश्वास और स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करती है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें जन परिवार कल्याण संस्थान, टाटा मोटर्स तथा बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के समस्त स्टाफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में अंतरराष्ट्रीय ओएमएफएस सप्ताह का आयोजन



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ में हाल ही में अंतरराष्ट्रीय ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान की शैक्षणिक एवं चिकित्सीय उत्कृष्टता की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष रूप से मनाया गया। कार्यक्रमों का आयोजन बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग द्वारा किया गया।

यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास के प्रेरणा से हुआ एवं डॉ. नीता पासरिचा,प्राचार्य, बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज,के दिशा निर्देशन में मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग द्वारा हुआ. स्मृति सप्ताह का शुभारंभ 10 फरवरी 2026 को रोड सेफ्टी अवेयरनेस विषय पर आयोजित व्याख्यान से हुआ, जिसे पंकज शर्मा (सेफ्टी ऑफिसर, ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क, हीरो मोटोकॉर्प) ने संबोधित किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात अनुशासन एवं दुर्घटना-निवारण उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

11 फरवरी को विभाग द्वारा शहर के कैसरबाग बस स्टैंड, लखनऊ में निःशुल्क मुख कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सुपारी एवं तंबाकू सेवन से जुड़े जोखिमों के प्रति जनजागरूकता फैलाना था।12 फरवरी को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों पर पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए ह्लसंजीवनीह्व नामक एएचए प्रमाणित बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज, सिकंदराबाद के सहयोग से सम्पन्न हुआ। उनकी टीम में डॉ. (ले. कर्नल) संदीप बटूला (ट्रेनिंग ऑपरेशंस इंचार्ज,ईएमएलसी हैदराबाद), डॉ. सतीश कुमार (सीनियर क्लीनिकल इंस्ट्रक्टर, ईएमएलसीझ्रहैदराबाद) तथा डॉ. दावूद हुसैमी (स्टेट हेड, इमरजेंसी मेडिसिन लर्निंग सेंटरझ्रईएमआरआई 108/102 एम्बुलेंस सर्विसेज, उत्तर प्रदेश) शामिल थे। कुल 30 प्रतिभागियों ने कठोर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिससे परिसर में आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया क्षमता और सुदृढ़ हुई।

सप्ताह का समापन 13 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस के अवसर पर हुआ। डॉ. जितेंद्र कुमार अरोड़ा, विभागाध्यक्ष (ओएमएफएस विभाग) ने सप्ताह भर के कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए पिछले एक वर्ष में विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं सर्जिकल कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विभाग में ट्रॉमा, टीएमजे डिसऑर्डर, ऑर्थोग्नैथिक सर्जरी, मुख कैंसर, विशिष्ट डेंटल इम्प्लांट (जाइगोमैटिक, प्टेरिगॉइड एवं बेसल इम्प्लांट) तथा वर्चुअल सर्जिकल प्लानिंग एवं गाइडेड सर्जरी जैसी विशेष सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

समारोह के दौरान गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं सप्ताह भर के कार्यक्रम में सहयोग देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। डॉ. अमर्त्य प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. मोहित सक्सेना, डॉ. आशीष उप्पल, डॉ. पूजा सहरावत, विभाग के रेजिडेंट्स और अन्य छात्रों ने इस साप्ताहिक कार्यक्रम को संपादित करने में अपना सक्रिय योगदान दिया और जागरूकता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

# न कर्फ्यू है न दंगा, यूपी में सब चंगा : योगी

## नौ वर्षों में सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत और निर्णायक नेतृत्व से बदली शासन-प्रशासन की दिशा

- फियर जोन से फेथ जोन में परिवर्तित हुआ है उत्तर प्रदेश : सीएम
- आज प्रदेश कर्फ्यू कल्चर से कानून के राज और अविश्वास से आत्मविश्वास तक पहुंचा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सोमवार को विधान परिषद में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सदन में राज्यपाल के प्रति अभद्र और अशिष्ट व्यवहार करने पर विपक्ष को जमकर लताड़ लगाई। साथ ही प्रभावी कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि न कर्फ्यू है, न दंगा है, बल्कि यूपी में सब चंगा है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल प्रदेश का संवैधानिक प्रमुख होता है। इसके बावजूद राज्यपाल पर प्रतिपक्ष की ओर से अभद्र व्यवहार किया गया। यह न केवल लोकतंत्र को कमजोर करता है बल्कि संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े सभी प्रमुख हस्तियों की अवमानना के भी दायरे में आता है। यह हम सबका दायित्व बनता है कि हम अपने राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करें। साथ ही संविधान की व्यवस्था के तहत संवैधानिक प्रमुखों के प्रति सम्मान और आदर का भाव रखें। उनके प्रति कोई ऐसा आचरण न करें, जो आचरण देश की भावी पीढ़ी को गलत दिशा की ओर अग्रसर करे, लेकिन प्रतिपक्ष से इसकी अपेक्षा करना व्यर्थ है।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राज्यपाल एक अनुभवी राजनेता होने के साथ आज प्रदेश सरकार की संवैधानिक प्रमुख के रूप में अपना मार्गदर्शन और नेतृत्व सभी को प्रदान कर रही हैं। उनके प्रति अभद्र व्यवहार समाजवादी पार्टी की वास्तविक सोच और प्रतिपक्ष की नकारात्मक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। पिछले नौ वर्ष में प्रदेश ने एक अपनी यात्रा तय की है। यह यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन, कर्फ्यू से कानून के राज, उपद्रव से उत्सव की यात्रा, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। इस यात्रा को देश और दुनिया स्वीकार करती है। वे कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में बदलाव आया है।

यह अधिकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को पहले ही मिलना चाहिये था लेकिन अपने संकुचित एजेंडे को लेकर चलने वाली सरकारों ने प्रदेश के भविष्य और जनता जनार्दन के साथ खिलवाड़ किया। उनके सामने पहचान का संकट खड़ा किया। प्रदेश को अराजकता, अव्यवस्था, अपराध का एक गढ़ बना दिया। इस दौरान कर्फ्यू यहां की पहचान बन गई थी। उत्तर प्रदेश को भारत के शाश्वत मूल्यों की आधारभूमि माना जाता है, उसमें किस प्रकार की अव्यवस्था थी, यह हम सबने देखा है।

वहीं डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता से आज उत्तर प्रदेश ने बॉटलनेक से देश की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथॉट बनाने में सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यूपी रेवन्यू सरप्लस और उत्सव प्रदेश के रूप में अपनी यात्रा को लेकर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। इस समय जब दुनिया तेजी से इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ रही है, तब भारत भी इस दिशा में मजबूत और दूरदर्शी रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी राष्ट्रीय सोच के अनुरूप उत्तर प्रदेश ने भी पिछले साढ़े आठ से पौने नौ वर्षों में खुद को परिवर्तन की आधारभूमि के रूप में स्थापित किया है। प्रदेश में आए इस व्यापक बदलाव को टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी के रूप में देखा जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश देश और दुनिया के सामने टेक्नोलॉजी, भरोसे और परिवर्तन के समन्वित मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है। यह त्रिवेणी केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली और विकास की दिशा का प्रतीक बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन हुआ। प्रयागराज में माघ मेला भी संपन्न हुआ। इस बार माघ मेले में 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रयागराज में 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया। वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ। अब हम कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न दंगा है, बल्कि यूपी में सब चंगा है।

# पॉलिसी पैरालिसिस से पॉलिसी स्टेबिलिटी की ओर बढ़ा यूपी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान परिषद में उत्तर प्रदेश के निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में पिछले साढ़े आठ वर्षों में हुए बदलावों को ऐतिहासिक करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश जो वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया के लिए जाना जाता था, आज उसकी पहचान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में होती है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में न स्पष्ट औद्योगिक नीति थी और न सही नियत थी। प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल न होने के कारण अपार संभावनाओं के बावजूद निवेशक उत्तर प्रदेश आने से हिचकते थे। वही उत्तर प्रदेश आज अपने ट्रिपल-टी यानी ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्म और टाइमली डिलीवरी के मॉडल को अपनाते हुए देश का प्रमुख निवेश गंतव्य बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की यात्रा के बारे में कहा कि औद्योगिक निवेश की पहली शर्त होती है सुरक्षा, दूसरी सुविधा और तीसरी स्पष्ट नीति। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में इन तीनों का अभाव था, जिसके चलते उद्योगों का विकास अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया। अब प्रदेश ने फियरलेस बिजनेस, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ट्रस्ट इन डूइंग बिजनेस को अपनी नई पहचान बनाया है।

प्रदेश सरकार इसे ट्रिपल-एस मॉडल यानी सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड के रूप में प्रस्तुत कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के कारण प्रदेश के विकास कार्यों में गति स्वाभाविक रूप से बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पॉलिसी पैरालिसिस से पॉलिसी स्टेबिलिटी की ओर ऐतिहासिक यात्रा तय की है।

# समस्याओं के समाधान में विलंब स्वीकार नहीं : सीएम

- बच्चों से बोले सीएम, मन लगाकर पढ़ो, खूब खेलो और खिलते रहो
- प्राइमरी विद्यालयों में फिजिकल एजुकेशन अनिवार्य करने की मांग पर सकारात्मक संकेत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। उन्होंने यहां आए हर फरियादी से स्वयं मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया कि लखनऊ आने से पहले अपनी समस्याओं को लेकर जनपद व मंडल स्तर पर तैनात अधिकारियों से जरूर मुलाकात करें। वहां भी हर अधिकारी आमजनों की समस्याओं के उचित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किन्हीं कारणों से वहां समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा हो, तो अवश्य लखनऊ आएं। सीएम योगी ने कहा कि हर परेशान व्यक्ति की समस्या का निदान सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारी हर हाल में जनपद स्तर पर ही पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण करें।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान कुछ उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने हर एक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) एवं जिला प्रशासन को तत्काल और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है और सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। यदि किसी उद्यमी को किसी भी स्तर पर परेशानी होती है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता दर्शन कार्यक्रम में एक नागरिक ने बेसिक शिक्षा परिषद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों को अनिवार्य किए जाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव को गंभीरता से लेते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल और शारीरिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही अवैध कब्जों और पुलिस से जुड़े मामलों में भी अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों का हालचाल जाना और हंसी ठिठोली भी की। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा कि किस क्लास में पढ़ते हो। बच्चों ने भी मुख्यमंत्री के प्रश्नों का उत्तर दिया, फिर सीएम ने सभी बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करो। खूब खेलो और खेलकर खिलते रहो। सीएम ने बच्चों को चॉकलेट दी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

# कांग्रेस नेता किये जा रहे हाउस अरेस्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूरे प्रदेश भर के कांग्रेसियों के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने 17 फरवरी को विधानसभा घेराव करने का ऐलान किया है जिस कारण प्रदेश की योगी सरकार ने पुलिस के दम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लखनऊ आने से रोकने के लिए एक दिन पूर्व से ही प्रदेश भर के जिलों में कांग्रेस पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट करने का काम शुरू कर दिया है।

बता दें कि मनरेगा बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में एक विशाल मनरेगा बचाओ संग्राम छेड़ रखा है जिसके तहत देश के सभी राज्यों के जिले में चौपाल, धरना प्रदर्शन एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत विधानसभा घेराव की घोषणा कर रखी है। जिस कारण पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है।

# प्रदेश में नो-मैपिंग व विसंगतियों की सुनवाई को 13,161 अधिकारी नियुक्त

- यूपी में एसआईआर के तहत 3.26 करोड़ नोटिसों में से 3.23 करोड़ नोटिस जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में नो मैपिंग से संबंधित 1 करोड़ 04 लाख मतदाता तथा तार्किक विसंगतियों से संबंधित 2 करोड़ 22 लाख मतदाता सहित कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस निर्गत किया जाना है। जिसके क्रम में अब तक कुल 3 करोड़ 23 लाख नोटिस निर्गत किये जा चुके हैं। निर्गत किये गये नोटिसों में से लगभग 1 करोड़ 58 लाख से अधिक नोटिस संबंधित मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्राप्त कराये जा चुके हैं। मतदाताओं को प्राप्त कराये गये नोटिसों में से अब तक लगभग 90 लाख नोटिसों पर अधिसूचित अधिकारियों द्वारा सुनवायी भी की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश में नोटिसों की सुनवायी हेतु कुल 13 हजार 161 अधिकारी नियुक्त है, जिसमें 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) तथा 12 हजार 758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) नियुक्त हैं।

उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम-2026 के प्रारंभ में प्रदेश में 2042 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) नियुक्त थे। इसके बाद क्रमिक रूप से अधिसूचना दिनांक 30.12.2025 द्वारा 6,948 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अधिसूचना दिनांक 13.02.2026 द्वारा 3,768 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अतिरिक्त रूप से नियुक्त किये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विगत एसआईआर 2003 से मैपिंग न होने के कारण 1.04 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। ऐसे मतदाताओं को सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित जन्मतिथि और/या जन्म स्थान को प्रमाणित करने वाले साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। इसके अतिरिक्त, तार्किक विसंगतियों वाले 2.22 करोड़ मतदाताओं को भी नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इन मतदाताओं को केवल संबंधी से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। मतदाता सुनवाई के दौरान स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत कर सकते हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारियों को आज दिया जायेगा प्रशिक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि माह जून एवं सितम्बर 2025 में प्रशिक्षण प्राप्त न कर सके प्रदेश के ऐसे जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), लखनऊ में मंगलवार को सुबह 10 बजे से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में चित्रकूट, बलरामपुर, बस्ती, हाथरस, श्रावस्ती एवं कौशांबी सहित 6 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं विभिन्न जिलों के 46 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रशिक्षण में मतदाता सूची से संबंधित विधिक प्राविधानों, ईआरओ नेट, बीएलओ ऐप तथा प्रदेश में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही नोटिस चरण एवं सुनवाई की प्रक्रिया को भी विस्तार से साझा किया जाएगा।

# फार्म-7 के फर्जीवाड़े में उलझाना चाहती है भाजपा : अखिलेश यादव

- सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर एसआईआर को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा 2027 का विधान सभा चुनाव हारने जा रही है। वह घबराई हुई है इसीलिए सपा के समर्थकों व पीडीए का वोट कटवाने के लिए फर्जीवाड़ा कर रही है। भाजपा हम सभी को फार्म-7 के फर्जीवाड़े में उलझाना चाहती है जिससे हम लोग बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों को न उठा पायें।

पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सोमवार को अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के एसआईआर में फार्म-7 को लेकर हो रहे फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए कहा कि सपा के सभी विधायक एसआईआर में फार्म-7 के दुरुपयोग और अन्य विसंगतियों की शिकायत को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन देंगे और मांग करेगें कि सपा की शिकायतों पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है। चुनाव आयोग को ज्ञापन देने के बाद विधायक इस मामले को विधानसभा में भी उठायेंगे। सभी विधायक निर्वाचन आयोग से मांग करेगें कि फार्म-7 के जरिये नाम हटाने की प्रक्रिया केवल सरकारी बीएलओ द्वारा की जाये। किस विधानसभा क्षेत्र, किस बूथ पर किसके नाम से फार्म-7 जमा हुआ है इसका डेटा जारी किया जाये। किस व्यक्ति ने किस आधार पर फार्म-7 भरा है, इसकी भी जानकारी दी जाये।

उन्होंने कहा कि एसआईआर में वोट काटने के लिए बड़े पैमाने पर खेल हो रहा है। शिकायतों पर चुनाव आयोग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। डाटा बता रहा है कि पीडीए का वोट काटा जा रहा है, यह डकैती है। बिधूना में सपा के अध्यक्ष के फर्जी दस्तावेज से सपा का वोट कटवाने का फॉर्म भरा गया। कन्नौज में भाजपा की एक सीक्रेट बैठक हुई थी जिसमें सपा का वोट कटवाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में शामिल एक नेता ने खुद ही बाहर आकर इसका खुलासा कर दिया। कन्नौज में जिलाधिकारी से शिकायत की गयी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। वहां पर वही जिलाधिकारी है जो एलडीए को लूट कर गये है। उन्होंने बताया कि बलिया में सिकन्दरपुर विधान सभा क्षेत्र में भाजपा के प्रभाव में बीएलओ ने 126 वोट कटवा दिया। हमारे विधायक रिजवी की पत्नी का वोट भी काट दिया गया। अयोध्या में वीरेन्द्र कुमार गौतम के 6 बच्चे बताकर वोट काट दिया।

अखिलेश यादव ने कहा अज्ञात व्यक्ति के नाम पर जो फार्म-7 भरे जा रहे हैं, वे सब भाजपा के लोग है। जब सपा ने फार्म-7 भरने वालों को पकड़ना शुरू किया तब बीजेपी के लोग अज्ञात नाम से फार्म भरने लगे। अभी तक पूरे प्रदेश में सपा ने 47 फार्म-7 भरे है, भाजपा ने 1728 और अज्ञात नाम से 128659 फार्म-7 भरवाये गये है। उन्होंने कहा कि जब चुनाव आयोग ने एसआईआर शुरू किया था तब कहा था कि बीएलओ गांव-गांव जायेगें, सत्यापन करेंगे और गलत वोट हटाएगें।

ड्राफ्ट रोल में फार्म-7 के जरिए बीएलओ द्वारा 49399 वोट हटाये गये, शायद इतने हटाये गये वोट भाजपा को जिताने के लिए पर्याप्त नहीं थे इसलिए हर व्यक्ति को फार्म-7 भरने की व्यवस्था कर दी गई। इसके बाद बीएलओ द्वारा हटाये गये वोटों से करीब 3 गुना ज्यादा फार्म-7 वोट कटवाने के लिए अज्ञात लोगों से भराये गये है। यह अज्ञात लोग कौन हैं। जब एसआईआर की इतनी बड़ी एक्सरसाइज हुई है, तो फार्म-7 की क्या जरूरत है। साजिश के तहत फार्म-7 उन लोगों के नाम से भरा जा रहा है जो ठीक से पढ़ना लिखना नहीं जानते है। मेरठ के एक वीडियो का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जब फार्म-7 से भी काम नहीं चल रहा है, तो चुनाव आयोग प्रशासन और बीजेपी के त्रिकोण ने लॉजिकल डिस्क्रिपन्सी नाम से पीडीए वोटरों को नोटिस भेजने का नया खेल निकाला है।

उन्होंने पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि विधायक मनोज पारस के क्षेत्र में 37 हजार और डॉ. मुकेश वर्मा के क्षेत्र में 75 हजार लोगों को नोटिस जारी किया गया है। अयोध्या के पूर्व विधायक पवन पाण्डेय ने बताया कि उनके यहां 96 हजार लोगों को नोटिसे जारी की गई हैं। सभी लोग चुनाव आयोग से शिकायतों पर कार्रवाई की उम्मीद करते हैं लेकिन अगर चुनाव आयोग कार्रवाई नहीं कर रहा है तो उसे अपने बिल्डिंग पर भाजपा का झण्डा लगा लेना चाहिए।

## कांग्रेस नेता केके शर्मा ने ली सपा की सदस्यता

**लखनऊ।** अखिलेश यादव के समक्ष सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पूर्व विधायक केके शर्मा ने सपा की नीतियों में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सन 2027 के चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का भी संकल्प लिया। केके शर्मा के साथ अनन्त शर्मा, सुभाष शर्मा, हरदीप भाटी, सुधीर भाटी, सतेन्द्र त्यगी, हर्ष त्यागी, बाबूराम त्यागी, रिटायर्ड कर्नल अमरदीप त्यागी, अंकित शर्मा, पिन्टू चौधरी, अमित चौधरी, पंकज शर्मा, सचिन शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, शरद शर्मा, रविकान्त शर्मा, अनिल कुमार, राजा शर्मा तथा कपिल कात्यायन भी सपा में शामिल हुए। अखिलेश यादव ने पार्टी में शामिल साथियों का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि पार्टी को मजबूत बनाने में एकजुट होकर काम करेंगे।



# लोकदल ने कृषि डील के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** प्रदेश के सभी जिलों में लोकदल एवं विभिन्न किसान संगठनों द्वारा भारत-अमेरिका कृषि डील के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि यह कोई ट्रेड डील नहीं बल्कि पेड डील है, जो देश के अन्नदाताओं के साथ खुला धोखा है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि यह समझौता किसानों के हितों को दरकिनार कर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और भारत को आर्थिक रूप से गिरवी रखने की साजिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस किसान-विरोधी डील को तत्काल निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन की आग और अधिक भयावह रूप लेगी।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के नेता वीएम सिंह तथा किसान नेता ऋषिपाल अम्बावता सहित 17 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि यह डील भारतीय कृषि व्यवस्था को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हवाले करने का प्रयास है। इससे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), स्थानीय मंडियों और छोटे किसानों के अस्तित्व पर गंभीर संकट उत्पन्न होगा।

ज्ञापन के माध्यम से सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अन्नदाता के सम्मान और अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि सरकार ने समय रहते इस डील को वापस नहीं लिया, तो किसान संगठन व्यापक और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# कपिलवस्तु पर्यटन स्थल बदहाल

## करोड़ों की परियोजना पर सवाल, मुख्यमंत्री ने किया था उद्घाटन




जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के कपिलवस्तु क्षेत्र में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के पास विकसित पर्यटन स्थल की बदहाली का मामला अब प्रशासन के उच्च स्तर तक पहुँच गया। स्थानीय निवासी शौकत अली ने जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री को लिखित शिकायत भेजकर स्थल की जर्जर स्थिति की जाँच और सुधार की मांग की है। शौकत अली ने भास्कर को उपलब्ध कराई तस्वीरों में शौचालयों में सिगरेट के डिब्बे, सिगरेट के टुकड़े और इस्तेमाल किए गए कंडोम जैसी आपत्तिजनक वस्तुएं दिखाई गई हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के पास स्थित होने के कारण इसका छात्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, साथ ही ऐसी तस्वीरें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को भी नुकसान पहुँचा सकती हैं। यह पर्यटन परियोजना भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना (बौद्ध सर्किट) के तहत लगभग 1492.54 लाख रुपये की लागत से विकसित की गई थी। इसका लोकार्पण 4 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। इस परियोजना में थीम पार्क, लाइट एंड साउंड शो, आर्ट गैलरी, फूड प्लाजा और अन्य सुविधाएँ शामिल थीं। निर्माण पूरा होने के बाद इसे पर्यटन विभाग को सौंप दिया गया था। हालांकि, वर्तमान में इस स्थल की कई संरचनाएँ क्षतिग्रस्त हैं। लाइट एंड साउंड व्यवस्था बंद पड़ी है, पाथवे उखड़े हुए हैं, और नियमित सफाई तथा रखरखाव का अभाव है। स्थल के कुछ हिस्से खंडहर जैसे दिखाई दे रहे हैं। शौकत अली ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महत्व वाले कपिलवस्तु क्षेत्र में इस तरह की अव्यवस्था प्रदेश की पर्यटन छवि को धूमिल कर रही है। उन्होंने स्थल की उच्चस्तरीय जाँच, जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय करने, तत्काल मरम्मत और संचालन सुनिश्चित करने, तथा नियमित निगरानी व रखरखाव की व्यवस्था की मांग की है। हाल ही में, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार (आईएएस) ने स्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने सफाई, मरम्मत और शीघ्र संचालन के निर्देश दिए हैं। अब स्थानीय लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि शिकायत और निरीक्षण के बाद जमीनी स्तर पर सुधार होगा या यह मामला केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहेगा। कपिलवस्तु की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान को देखते हुए नागरिकों ने शीघ्र और ठोस कार्रवाई की मांग की है। कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही के अनुसार मामला संज्ञान में आने के बाद इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई।

# डंपर चालक ने एसडीएम की गाड़ी पर चढ़ाने की कोशिश

## 5 किमी पीछा कर डंपर पकड़ा, चालक फरार

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में अवैध खनन की जांच के दौरान रविवार शाम एक डंपर चालक ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सदर की सरकारी गाड़ी पर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। इस घटना में एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्या और उनके साथ मौजूद कर्मी बाल-बाल बच गए। सतर्कता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना रविवार की है। एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्या बर्डपुर क्षेत्र से निरीक्षण कर लौट रहे थे। इसी दौरान भदवल गांव के पास उनकी नजर मिट्टी से लदे एक संदिग्ध डंपर पर पड़ी। खनन से संबंधित दस्तावेजों की जांच के लिए उन्होंने अपने चालक को डंपर का पीछा करने का निर्देश दिया। कुछ दूरी पर रास्ता खराब होने के कारण डंपर आगे निकल गया। करीब आधे घंटे बाद डंपर तेज रफ्तार से उसी मार्ग से वापस आता दिखाई दिया। एसडीएम के साथ मौजूद होमगार्ड जवान ने वाहन रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने रफ्तार और बढ़ा दी। आरोप है कि चालक ने सरकारी गाड़ी की ओर डंपर मोड़ते हुए उसे चढ़ाने का प्रयास किया। एसडीएम के चालक ने तुरंत वाहन को पीछे कर संभावित दुर्घटना को टाल दिया। इसके बाद एसडीएम की टीम ने डंपर का पीछा जारी रखा। करीब पांच किलोमीटर आगे जाकर डंपर एक स्थान पर फंस गया। सरकारी वाहन को नजदीक आता देख चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। टीम ने तत्काल डंपर को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्या ने बताया कि खनन संबंधी दस्तावेजों की जांच के दौरान चालक ने वाहन रोकने के बजाय भागने का प्रयास किया और लौटते समय सरकारी वाहन को टक्कर मारने की कोशिश भी की। डंपर को सीज कर सदर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एसडीएम बांसी ने जेसीबी -डंपर किया सील



बांसी सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के दिए गए अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश के अनुपालन में दायित्वों के निर्वहन हेतु क्रियाशील बांसी तहसील के एसडीएम निखिल चक्रवर्ती की भृकुटी अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध तन गई है, एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती ने अवैध खनन करने वाले वाहन स्वामी श्याम नारायण के विरुद्ध कार्यवाही हेतु अवैध खनन करने के आरोप में डंपर व जेसीबी मशीन सील कर दिया। तहसील क्षेत्र में हो रहे अबैध खनन के मिले शिकायत पर खनन स्थल पर विना देर किए पहुंचे एसडीएम बांसी ने जांच के दौरान जेसीबी और डंपर दोनों को अवैध रूप से खनन कार्य में संलिप्त पाए जाने पर नियमानुसार दोनों वाहनों डंपर/ जेसीबी को सील कर दिया गया, और कोतवाली बांसी को सुपुर्द कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती के अपनाएं गये इस कार्यवाही के कार्य शैली के चलते अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मंच गया।

# सेंधमारी कर लाखों के जेवरात व कीमती सामान उड़ा ले गये चोर



प्रतापगढ़। सेंधमारी कर चोर घर से लाखों के जेवरात व अन्य कीमती सामान उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीड़िता ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के कुटिया वीरभद्रपुर निवासी रतीपाल यादव हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करता है। उसकी पत्नी संगीता गांव में बच्चों के साथ रहती है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते रविवार की रात वह बच्चों के साथ सो रही थी। इसी बीच घर के पीछे की पक्की दीवार काटकर अज्ञात चोर अंदर घुस आये। कमरे में रखा करीब दो लाख रुपए से अधिक के जेवरात व अन्य कीमती सामान उड़ा ले गये। सुबह सोकर उठने पर घर में बिखरा पड़ा सामान देख पीड़िता आवाक रह गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है, शीघ्र ही चोरी की घटना का राजफाश किया जाएगा।

# डीएम व एसपी व प्रमोद तथा मोना ने किया परम्परागत दीपदान



प्रतापगढ़। इक्कीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में रविवार की देर शाम बाबा धाम पहुंचे डीएम शिवसहाय अवस्थी तथा एसपी दीपक भूकर ने गंगा सागर में भगवताचार्य आचार्य देवव्रत जी महराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना की उपस्थिति में परम्परागत दीपदान किया। वहीं डीएम व एसपी ने जिले के सुमंगल की कामना को लेकर बाबा घुइसरनाथ जी का विधिविधान से पूजन अर्चन किया।

# केंद्रीय मंत्री ने टीईटी छूट से इनकार किया

## इटवा में हजारों शिक्षकों की नौकरी पर संकट, संघ ने आंदोलन का ऐलान किया



सिद्धार्थनगर- केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से छूट देने से इनकार के बाद उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के तहत नियुक्त हजारों शिक्षकों की नौकरी पर संकट गहरा गया है। इस फैसले के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। यह निर्णय सोमवार शाम 4 बजे खुनियांव में आयोजित एक बैठक में लिया गया। यह मामला वर्ष 2010 से पहले नियुक्त उन शिक्षकों से संबंधित है, जिन्हें माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार नौकरी में बने रहने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। पूर्व में, विभिन्न शिक्षक संगठनों ने भारत सरकार से अपनी नौकरी कीसुरक्षा के लिए टीईटी से छूट की गुहार लगाई थी। केंद्र सरकार के कई मंत्रियों ने शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया था। हालांकि, लोकसभा सदन की बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने से साफ इनकार कर दिया, जिससे शिक्षकों में भारी रोष है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने बीआरसी खुनियांव के सभागार में आयोजित संघ एवं संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों से चरणबद्ध आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। आंदोलन के पहले चरण में, 22 फरवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक ट्विटर अभियान चलाकर अपना विरोध दर्ज कराया जाएगा। इसके बाद, 23, 24 और 25 फरवरी को शिक्षक अपने विद्यालयों में उपस्थित रहकर बांह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करेंगे। 26 फरवरी को जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर पर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। मार्च के तीसरे सप्ताह में, देश भर के सभी शिक्षकों द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान सोशल मीडिया के युग में ट्विटर अभियान विरोध दर्ज कराने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने शिक्षकों से अपने अधिकार, मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिए एकजुट होने की अपील की। प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री योगेंद्र प्रसाद पांडेय ने भी संघर्ष के लिए एकजुटता पर जोर दिया। बैठक में राज किशोर शर्मा, विजय बहादुर अंबेडकर, विद्या भूषण यादव, जगदीश वर्मा, अताउल्लाह खां, आशुतोष पाण्डेय, उमेश चन्द्र, बुद्धिराम वरुण, नंदलाल, विकास ओझा, विनीता, मोहम्मद जैद, विजय कुमार सहित भारी संख्या शिक्षक/ शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# मोहम्मद अब्बास रिजवी को महानिदेशक ने किया सम्मानित

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतीक चिह्न और प्रशस्तिपत्र प्रदान



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के हल्लौर निवासी मोहम्मद अब्बास रिजवी को रविवार को महानिदेशक द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें उनके उत्कृष्ट, अनुकरणीय और सराहनीय कार्यों के लिए प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। मोहम्मद अब्बास रिजवी वर्तमान में पूर्वोत्तर रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर गोरखपुर मंडल में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। उनके प्रयासों से रेलवे सुरक्षा बल की कार्यक्षमता मजबूत हुई है। रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर के प्रधान सुरक्षा आयुक्त सत्य प्रकाश ने महानिदेशक कार्यालय की ओर से यह सम्मान प्रदान किया। रिजवी को उनकी बेदाग छवि, समयबद्ध कार्रवाई और जनहित में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सराहा गया। सम्मान समारोह में कहा गया कि ऐसे अधिकारी संगठन की रीढ़ होते हैं और युवा कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। यह उल्लेखनीय है कि सहायक उप-निरीक्षक मोहम्मद अब्बास रिजवी को इससे पहले भी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान उनके निरंतर उत्कृष्ट सेवा-रिकॉर्ड और उच्च नैतिक मानकों का प्रमाण है। इस सम्मान पर हल्लौर के ग्राम प्रधान ताकीब रिजवी, वरिष्ठ समाजसेवी कसीम रिजवी, वरिष्ठ पत्रकार हाशिम रिजवी सहित कई गणमान्य नागरिकों ने मोहम्मद अब्बास रिजवी को बधाई दी है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# इंडो-नेपाल सीमा पर संयुक्त गश्त अभियान



श्रावस्ती। जनपद में इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल द्वारा संयुक्त रूप से सतर्कता एवं निगरानी अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीमें नियमित रूप से पैदल गश्त कर रही हैं तथा सीमा क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध, राष्ट्रविरोधी अथवा अवांछनीय गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस एवं रएइ द्वारा इंडो-नेपाल के सुईया बॉर्डर तथा सीमावर्ती क्षेत्र गुलरा परसोहना में संयुक्त पैदल गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सीमाई क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया गया तथा आवागमन करने वाले वाहनों और व्यक्तियों की सघन जांच की गई। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में भी नियमित रूप से गश्त एवं चेकिंग अभियान जारी है, जिससे सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संभावित गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। श्रावस्ती पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या डायल 112 पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## विशेष गहन पुनरीक्षण प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद में चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रक्फ़) कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों ने सहभागिता की। जिलाधिकारी ने सभी दलों से अपील की कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप त्रुटिरहित एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा जिनका नाम अभी तक दर्ज नहीं है, उन्हें नियमानुसार जोड़ा जाए। साथ ही बूथ लेवल एजेंटों को अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु दलों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश देने पर भी बल दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सतत निगरानी तथा सीसीटीवी डीवीआर की नियमित रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सनातन का सार है शिव जी का दर्शन : डीएम




प्रतापगढ़। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम मे इक्कीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव के उदघाटन सत्र का रविवार की रात जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी व एसपी दीपक भूकर तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं परम्परा तथा सनातन की महिमा भगवान शिव के दर्शन का सार है। डीएम ने बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा से जुडी कथाओं के उदाहरण के साथ कहा कि दयालुता तथा परोपकार की भावना ही धर्म का पालन है। डीएम ने बाबा धाम में एकता महोत्सव को राष्ट्रीय सशक्तीकरण के लिए अप्रतिम बताया। उन्होने भव्य आयोजन के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी के संकल्पों की भी सराहना की। अति विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि शांति व सौहार्द का वातावरण सदैव कल्याणकारी हुआ करता है। उन्होने कहा कि अनीति और अत्याचार को मिटाने के लिए सामाजिक एकजुटता समय की आवश्यकता है। बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि धर्म की धारणा का उददेश्य सदैव नैतिक जीवन के प्रति सचेत रहना हुआ करता है। उन्होने कहा कि एकता महोत्सव का उददेश्य सामाजिक एवं राष्ट्रीय संरचना को समरसता के सूत्र में मजबूत बनाना है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महोत्सव की संयोजिका एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बाबा के पवित्र धाम से सदैव विकास तथा अमन की गंगा प्रहवमान हुआ करती है। उन्होने लोगों से भाईचारे व एकजुटता की शक्ति को सशक्त बनाए रखने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि प्रो0 डॉ0 विजयश्री सोना व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र व पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी ने भी सामूहिक एकता का बखान किया। विधायक पुत्र राघव मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र एवं पं. विनय शुक्ल के संयोजन मे श्रीकान्त वर्मा का स्वागत गान मनमोहक दिखा। उदघाटन समारोह मे आयोजन समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा ने जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी, एसपी दीपक भूकर, एएसपी बृजनंदन राय, एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र को बाबा घुइसरनाथ धाम का मोमेण्टो व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया।

# बोर्ड परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम औचक निरीक्षण



श्रावस्ती। आगामी बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने राजकीय जिला पुस्तकालय में स्थापित कंट्रोल कक्ष का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद के 41 परीक्षा केंद्रों से जुड़े डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। सभी परीक्षा केंद्रों के कैमरे ऑनलाइन सक्रिय पाए गए। जिलाधिकारी ने कंट्रोल कक्ष प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक कक्षा में कैमरों की स्पष्ट दृश्यता सुनिश्चित की जाए, जिससे परीक्षा संबंधी गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। उन्होंने तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल कक्ष को चौबीसों घंटे सक्रिय रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी होती हैं, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता शांतिपूर्ण, नकलमुक्त एवं निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मथुरा के मयूर नृत्य पर झूमा एकता महोत्सव



प्रतापगढ़। मुम्बई के मशहूर हास्य कलाकार प्रताप फौजदार के एक से बढ़कर एक हास्य तथा सांस्कृतिक रंगमंच पर देश भक्ति के गीतों व भजन तथा विविध विधाओं के मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों में इक्कीसवां एकता महोत्सव रविवार की रात झूमता नजर आया। वहीं मां तुझे सलाम, वन्दे मातरम की धुन पर दिल्ली के मशहूर कलाकारों के लेजर शो में बाबा धाम में रंग बिरंगी रोशनी की चमक भी दर्शकों के लिए कुछ अजूबा की अनुभूति करा गयी। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में अति विशिष्ट दीर्घा में जिले के डीएम शिव सहाय अवस्थी तथा एसपी दीपक भूकर व सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की मौजूदगी में संस्कृति विभाग से आयीं पर्णिका श्रीवास्तव के साथ चोटी के कलाकारों ने शिव ताण्डव की भक्तिमय प्रस्तुति दी। वहीं लोक कलाकारों के द्वारा ए वतन ... मेरा रंग दे बसन्ती चोला जैसे देश भक्ति के गीत पर श्रोताओं की तालियां भी गूंजी और दर्शक दीर्घा से भारत मां के जयघोष को सई की तरंगों में भी उल्लास की लहर उफान लिए दिखी। लपेटे में से देश दुनिया में मशहूर मुम्बई के हास्य कलाकार प्रताप फौजदार का जलवा भी दर्शकों में चढ़ा दिखा। प्रताप फौजदार ने तिरंगे में सरदार का डण्डा, तरबूजे का अंगूर सुनाकर जमकर गुदगुदाया। वहीं हास्य में प्रताप फौजदार ने देश भक्ति का भाव भी पिरोते हुए दर्शको को रोमांचित किया। प्रताप फौजदार के हास्य की फुलझड़ी आम दर्शकों के साथ विशिष्ट दीर्घा को भी कई बार मुस्कुराहट दे गयी। जानी मानी कलाकार वंदनाश्री के सांस्कृतिक दल ने मथुरा का खूबसूरत मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। मयूर नृत्य में कलाकारों की साधना देख दर्शकों का मन भी अंदर ही अंदर नृत्य के भाव में आनन्द से भरपूर दिखा। वंदनाश्री के दल ने फूलों की होली की भी आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं कलाकारों ने मंच पर विविध धार्मिक परिदृश्य का भी मंचन कर श्रद्धालुओं खासकर महिलाओं का समर्थन जुटाया। दिल्ली के कलाकारों के द्वारा लेजर शो में रंगबिरंगी रोशनी की जगमगाहट महोत्सव को चार चांद लगा गया। लेजर शो में मां तुझे सलाम, वन्दे मातरम जैसे देशभक्ति की धुन ने दर्शको को अदभुत आनंद दिया। इण्डियन परफार्मिग आर्ट सेंटर के कलाकारों ने देर रात तक भजन व देश भक्ति तथा विविध संस्कृतियों से जुडी प्रस्तुतियां देकर महोत्सव की महक व चमक को बढ़ा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन लखनऊ के एंकर राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर व संयोजन शील द्विवेदी ने किया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा प्रो. डॉ. विजयश्री सोना ने प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को प्रशस्ति पत्र तथा शॉल व महोत्सव का मोमेण्टो भेंट किया।

# मिलेट्स पुनरूद्धार अभियान प्रचार वाहन को डीएम ने दिखायी हरी झंडी



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जनपद में पोषण-सुरक्षा एवं कृषक-समृद्धि को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से मिलेट्स प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीणा, उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी, जिला कृषि अधिकारी आर.पी. सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी कविता वर्मा तथा कृषि विपणन अधिकारी अजय त्रिपाठी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने अपने ने कहा कि मिलेट्स सूक्ष्म पोषक तत्वों, खनिजों एवं विटामिनों से परिपूर्ण होते हैं तथा कुपोषण उन्मूलन में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली ये फसलें जल-संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कृषकों से आह्वान किया कि वे परंपरागत फसलों के साथ-साथ ज्वार, बाजरा, कोदो, सावां एवं रागी (मडुआ) जैसी पोषक धान्य फसलों की खेती को अपनाकर आयवृद्धि की दिशा में कदम बढ़ाएं। उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी ने मोबाइल पर बताया कि यह अभियान उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मिलेट्स को पुनः कृषि की मुख्यधारा में स्थापित करना तथा कृषकों को वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन संबंधी समुचित जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि प्रचार वाहन के माध्यम से ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति द्वारा मिलेट्स के पोषणात्मक महत्व, उन्नत बीज प्रजातियों, जैविक उर्वरकों के उपयोग, सिंचाई प्रबंधन तथा विपणन संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह प्रचार वाहन भिनगा तहसील, हरिहरपुर रानी विकास खंड के सिसवा ग्राम पंचायत, इकौना तहसील परिसर सहित विभिन्न ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। योजना के अंतर्गत लघु एवं सीमांत कृषकों को निःशुल्क बीज मिनी किट वितरित किए जाएंगे, जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिला कृषकों को विशेष प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

संक्षेप

## साइबर थाना बनेगा एसएसपी ने भूमि पूजन किया

इटावा। साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए नया साइबर थाना बनाया जाएगा। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तावित साइबर थाने की जमीन का विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग और प्रशासन के अधिकारी तथा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्माण जल्द पूरा होने की कामना की गई। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि यह कदम जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा। भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य शुरू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है ताकि तय समय में भवन तैयार हो सके और आम लोगों को इसका लाभ मिल सके। एसएसपी ने कहा कि तकनीक के बढ़ते हुए इस्तेमाल के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे है। आनलाइन ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध और बैंकिंग फ्राड के मामले में लगातार सामने आ रहे है। ऐसे में अलग साइबर थाना बेहद जरूरी हो गया था।

## बीहड़ वाली दरगाह बेदखली मामले में आज हुई सुनवाई

इटावा। बीहड़ क्षेत्र में स्थित सैय्यद दरगाह की बेदखली मामले में सामाजिक वानिकी न्यायालय में सुनवाई हुई, लेकिन कोई अंतिम निर्णय नहीं आया। अदालत ने मजार पक्ष को 20 फरवरी तक जरूरी दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के कार्यालय से आई शिकायत के बाद शुरू हुई थी। 23 जनवरी को अवैध मजार बताते हुए ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया गया था। मामले में राजस्व विभाग और अल्पसंख्यक विभाग की ओर से अपनी रिपोर्ट वन विभाग को सौंप दी गई है। वन विभाग का कहना है कि मजार वन क्षेत्र की भूमि पर स्थित है। अदालत में अब तक मजार पक्ष की ओर से जमीन से जुड़े कोई वैध कानूनी दस्तावेज पेश किए गए है। हालांकि मजार पक्ष ने कुछ ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए है जिनमें दरगाह की ऐतिहासिक का उल्लेख है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई में सभी संबंधित कागजातों का परीक्षण किया जाएगा और उसी आधार पर आगे की प्रक्रिया तय होगी।

## चोरी का ई-रिक्शा नहर में मिला, बैटरी गायब

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे के पास पिलखर नहर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पानी के बीच एक ई रिक्शा तैरता हुआ मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हाइड्रा मशीन की मदद से वाहन को बाहर निकाला। जांच में सामने आया कि यह रिक्शा दो दिन पहले सिविल लाइन क्षेत्र से चोरी हुआ था और उसकी कीमती बैटरी गायब थी। सोमवार दोपहर नेशनल हाइवे से करीब पचास मीटर दूर पिलखर नहर में राहगीरों की नजर पानी के बीच फंसे एक ई रिक्शा पर पड़ी। देखते आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे और वहां भीड़ लग गई। मामले की सूचना तुरन्त इकदिल थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। नहर की गहराई और पानी के दबाव के कारण रिक्शा को बाहर निकालना आसान नहीं था। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चैहान व एसआई मनजीत दयाल पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। हालात को देखते हुए हाइड्रा मशीन मंगवाई गई।

## यात्री को नशीला बिस्कुट खिलाकर लूटा

इटावा। दिल्ली से अपने घर लौट रहे एक युवक को गोमती एक्सप्रेस की जनरल बोगी में नशीला बिस्कुट खिलाकर लूट लिया गया। अलीगढ़ और हाथरस के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसे पैकेट वाला बिस्किट दिया। बिस्किट खाने के बाद युवक बेहोश हो गया।

हहज्ञ्हृष्ट्श्र

ड्ढ न्न्छ्ठ्ठ्श्चश्चक्रस्ड्डहत ॥ ह्यश्ठ्ठ शद्ध स्द्धह्द्द न्न्ह्चक्र्क स्ड्डहत ॥ ह्द्दह्यद्वस्द्दठ्ठद्द ड्डह ९५, स्ध्यश्चन्न्ड्डहछ्ह स्ष्क्र चहह्रञ्ड्ड्ड 'स्ह्रक्र॥ ञ्ञक्र क्त्र्श्रस्र॥ २७६००१ स्द्दष्ह्यड्डद्द ह्द्दड्डह ठ्ठड्डद्दद्द शद्ध द्दद्दठ्ठद्द ध्दड्डह्य ड्डद्दद्दठ्ठ 2हश्ठ्ठद्दय4 2हद्दहहद्दठ्ठ ड्डह्य क्र-छ्ह्ह्ह्स्श्चश्चक्र स्ड्डहत ॥ स्ड्डहत ॥श्चरु द्दठ्ठ द्द4 १०ह्द्ध ड्डठ्ठस्र १२ह्द्ध ष्ह्यड्डह्यह्य द्गस्रहष्ड्डह्द्धश्ठ्ठड्डय स्रश्ष-ह्द्दद्दठ्ठह्ह्य. ञ्ह्द्द ड्ड्ष्ह्लड्डय ठ्ठड्डद्दद्द शद्ध द्दद्दठ्ठद्द द्दह्य न्न्छ्ह्ह्श्चश्चक्र स्ड्डहत ॥ ह्द्दह्यश्दद्दद्धद्द1द्दय4 2द्धद्दद्दष्द्द द्दड्डय4 ड्डद्द ड्डद्दद्दठ्ठस्रद्दस्र ड्डष्ष्ठहस्र-द्दठ्ठद्दय4.ड्डह द्दह्य ष्ह्ह्ह्द्धद्दद्दद्दस्र ह्द्धड्डह ड्ड द्धड्ड1द्द ष्द्दद्दश्चद्दद्दयद्दस्र 2द्धह्द्ध शह्द्दद्दह घ्द्दद्दड्डय ह्द्द-हद्दह्यद्दद्दद्दद्दठ्ठह्य द्दठ्ठ ह्द्दद्दह्य ष्ठ्ठठ्ठद्दष्ह्द्धश्ठ.

# हत्या के बाद पुलिस छावनी में तब्दील तेनुअहिया गांव



**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना अन्तर्गत फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा हमीनपुर तेनुअहिया में रविवार की शाम को हुई हत्या के बाद गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। सोमवार को भारी पुलिस फोर्स के साथ पुलिस कप्तान डा कौस्तुभ ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों से घटना की जानकारी ली और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक, ग्राम हमीनपुर तेनुअहिया में रविवार की शाम किसी बात को हुये बिवाद में दोस्तो ने एक दोस्त को गोली मार दी थी। जिसे मेडिकल कालेज के डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणो द्वारा मेडिकल चौकी के सामने जाम लगा दिया था। पुलिस के समझाने के दौरान ग्रामीणो ने पत्थर बाजी शुरू कर दी। पुलिस हल्का बल प्रयोग कर सड़क खाली कराई थी। मृतक के पिता के तहरीर पर बिशाल एवं देवेन्द्र सहित पांच छह अज्ञात के हिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। उपद्रियो ने आरोपी के घर चढ़ कर की तोड़ फोड़ किया लूट का प्रयास रविवार को देर शाम सैकड़ो की संख्या में उपद्रवी आरोपी बिशाल के घर पहुंच गेट का ताला तोड़ने लगे। कुछ उपद्रवी चारदीवारी फांद अन्दर घुस गये। कुछ उपद्रवी बाहर से ढेला पत्थर फेक मकान में लगे शीसो को तोड़ दिये। आरोपी बिशाल दो भाई दो बहन है। आगामी 18 फरवरी को उसके बहन की होनी थी, शादी के एन वक्त पर अगर पुलिस नही पहुंचती तो बड़ा हादसा हो जाता। सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे के आस पास संगठित होकर सेकड़ो की संख्या में ग्रामीण गोरखनाथ मन्दिर जा रहे थे, सूचना पर पहुंची पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर घर वापस भेजा। सोमवार को सुबह लगभग दस बजे के आस पास जिले के कप्तान डा० कौस्तुभ चिलुआताल थाने पहुच मृतक के परिजनो से मुलाकात कर ढाढस बंधाने के साथ ही आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही का आस्वासन दिये पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात तत्काल पोस्टमार्टम कराने का आश्वासन दिए।

सोमवार की दोपहर में भारी सुरक्षा के बीच मेडिकल कालेज में पोष्टमार्टम होने के बाद शव पुलिस की सुरक्षा के बीच लगभग दो बजे घर ले जाया गया। जहाँ पर बैदिक कर्मकांड के पश्चात शव को चिलुआताल के छामू थान शान्ति स्थल पर ले जाकर अन्तेष्टी सम्पन्न हुई।

मेडिकल कालेज से घाट तक पुलिस छावनी में रहा तब्दील

मेडिकल कालेज से मृतक के घर एवं घाट तक पुलिस की सुरक्षा ब्यवस्था चाक चौवन्द रही जिले के लगभग सभी थानो की पुलिस शान्ति ब्यवस्था हेतु लगाई गयी थी जिसकी मानीटरिंग यस पी नाथ यस पी सिटी सीओ कैम्पियरगंज सहित कई अधिकारी कर रहे थे।

मृतक अरुण के घर निषाद नेता श्रवण निषाद सहित कई जन प्रतिनिधि पहुच संवेदन व्यक्त की मृतक के परिजनों से मिल उन्हे ढाढस बधाया साथ ही हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिये।

## छात्रों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली




चौरीचौरा, गोरखपुर। राज पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात रैली निकाली गई। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों यातायात के नियमों का पालन कराना था। रैली निकाल कर लोगों से यातायात के नियमों को पालन करने की अपील की गई। रैली में बच्चे बच्चियों ने कार्डबोर्ड पर स्लोगन लिखा हाथ में लेकर चल रहे थे। स्लोगन में लिखा था बिना हेलमेट के गाड़ी न चलाए, शराब पीकर गाड़ी न चलाए, एम्बुलेंस को रास्ता दे, दुर्घटना से देर भली आदि। कार्यक्रम की शुरूआत नगर पंचायत अध्यक्ष सन्नी जायसवाल ने किया। विद्यालय के उपचेयरमैन प्रिंस जायसवाल व विद्यालय के मैनेजर रामभजन गुप्ता ने नगर पंचायत अध्यक्ष को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। यातायात रैली विद्यालय से शुरू होकर मौसम बहार होते हुए थाने तक पहुंकर चौरी चौरा थाना परिसर में छात्र छात्राओं द्वारा रोड सेफ्टी का नुक्कड़ नाटक कर के समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ आर डी सिंह, काशीनाथ शुक्ला, सत्यप्रकाश, आर पी पांडे, राहुल जायसवाल, श्रीमती संगीता पाल, संगीता सोनी, प्रीति पांडे, विजयलक्ष्मी विश्वकर्मा, संजना कुमारी, व समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## संग्रह अमीन से मारपीट में शस्त्र लाइसेंस रद्द होगा



सिद्धार्थनगर- नौगढ़ तहसील क्षेत्र में बकाया वसूली के दौरान संग्रह अमीन से मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में लगातार सात दिनों से चल रहा राजस्व कर्मियों का धरना सोमवार 16 फरवरी को प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। प्रशासन ने संघ की प्रमुख मांगों पर अमल करते हुए आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू करने और एक माह के भीतर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है। यह मामला उस समय सामने आया जब नौगढ़ तहसील के संग्रह अमीन मुकेश भारती राजस्व टीम के साथ मोहाना थाना क्षेत्र के रोहूडीला गांव में बैंक बकाया की वसूली और कुर्की की कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान बकायेदार पक्ष के दो युवक उग्र हो गए और ह्ययोगी-मोदी ज़िंदाबादह्न के नारे लगाते हुए संग्रह अमीन के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। मामले में मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी थी। घटना के विरोध में उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ ने 9 फरवरी से जिला अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू किया। धरने में जिले भर के संग्रह अमीनों ने भाग लिया और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा कठोर कार्रवाई की मांग की। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सरकारी कार्य के दौरान कर्मचारियों के साथ इस तरह की मारपीट बेहद गंभीर मामला है और इससे कर्मचारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। लगातार सात दिनों तक चले धरने के बाद सदर तहसील के उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और संघ पदाधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है।

## 40 लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज मांग पर विवाहिता से मारपीट

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर 40 लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज मांगने, मारपीट करने और जान से मारने की कोशिश करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता नूतन यादव ने बताया कि उसकी शादी 5 दिसंबर 2023 को शिवम यादव निवासी राजा का ताल, थाना रसूलपुर, जनपद फिरोजाबाद के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी में उसके परिजनों ने लगभग 30 लाख रुपये नगद, सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े और घरेलू व इलेक्ट्रॉनिक सामान दिया था। शादी के दो दिन बाद ही पति, सास अनीता यादव, ननद नेहा, नीरू व नंदू यादव ने 40 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। विवाहिता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कई बार मायके पक्ष के समझाने के बावजूद ससुराल पक्ष का रवैया नहीं बदला। आरोप है कि 22 जुलाई 2025 को उसे बेरहमी से पीटा गया और जेवर व नगदी छीन ली गई। 3 अगस्त 2025 को भाई के आने पर उसे पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 19 नवंबर 2025 को ससुराल पक्ष मायके पहुंचा और दोबारा 40 लाख रुपये की मांग दोहराई। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और दुपट्टे से फांसी लगाने का प्रयास किया गया। शोर सुनकर परिजन व आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

## मनबढ़ों की पिटाई से युवक गंभीर रूप से घायल



**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत छपरा गांव के पास बाजार से घर जा रहे एक युवक को मनबढों ने बुरी तरह पीट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा है। परिजनों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी। जानकारी के मुताबिक, गगहा थाना क्षेत्र के छपरा गांव निवासी रजनीश पुत्र रमेश प्रसाद गांव के चैराहे से बजार करके घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के रहने वाले कुछ मनबढो ने उसे घेरकर बुरी तरह पीट दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल रजनीश को परिजन इलाज के लिए बड़हलगंज के एक निजी अस्पताल में ले गये है। रजनीश का इलाज जारी है। सोमवार को रजनीश के बडे. भाई लक्ष्मण गोतम ने गगहा थाना में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

इस संबंध में गगहा थाना प्रभारी अंजुल चतुवेर्दी ने बताया की जांच कराकर तहरीर के आधार पर करवाई की जायेगी।

## समाजवादी नेताओं ने पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के देवीपुर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मारकंडेय यादव के पिता स्व. विश्वनाथ यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर सपा जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम, प्रदेश सचिव अवधेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रहलाद यादव, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुन्नीलाल यादव, जिला महासचिव रामनाथ यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक यादव, राष्ट्रीय पहलवान रामाश्रय यादव, वरिष्ठ नेता अजय प्रताप, पिंटू सिंह, वरिष्ठ सपा नेता श्याममिलन यादव, पूर्व प्रमुख लालमोहन यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतीश तिवारी, हरेंद्र यादव, नौशाद अहमद, अलबेला यादव, पूर्व प्रधान गौतम यादव, विजय यादव, शत्रुजीत तिवारी, रणजीत पासवान, मनोज गौतम, रामबेलास यादव, अशोक चौहान, दिलीप यादव, उमेश यादव, राजू यादव, डॉक्टर अम्बरीष मालवीय, डॉ रंजीत यादव, युवा नेता राकेश यादव, वीरेंद्र यादव, इत्यादि लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजवादी नेता मारकंडेय यादव ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए किया जाएगा प्रयास : कुलपति

### अहमदाबाद की बनास डेरी तथा कृषि विवि के बीच हुए एमओयू पर हस्ताक्षर



मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति डॉक्टर त्रिवेणी दत्त ने उत्तर प्रदेश की राजपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में बनास डेयरी एवं कृषि विश्वविद्यालय के बीच मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए दोनों के बीच एम ओ यू होने से कृषि विश्वविद्यालय के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पशुपालकों को भी लाभ मिल सकेगा कुलपति डॉ त्रिवेणी दत्त ने बताया की मेमोरेंडम का अंडरस्टैंड पर हस्ताक्षर होने के बाद पशु दुग्ध उत्पादन दुग्ध से बनाए जाने वाले विभिन्न प्रोडक्टों तथा उपयोगी तकनीक जो बनास डेरी के द्वारा अपनाई जा रही हैं उनका सीधा लाभ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ,शिक्षकों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानो को भी मिल सकेगा ,कुलपति डॉ त्रिवेणी दत्त ने बताया प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में इस मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर हुए हैं जिससे भविष्य में विश्वविद्यालय को कई लाभ मिल सकेंगे। डेरी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा यह पहला एम ओ यू किया गया है कुलपति ने अहमदाबाद में बनास डेरी के बिल्डिंग तथा रिसर्च सेंटर फूड उत्पादन तथा प्रोसेसिंग यूनिट के अलावा नेचुरल फर्टिलाइजर यूनिट का भी भ्रमण कर अवलोकन किया उनके साथ विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का एक दल भी इन्हीं तकनीक से रूबरू हुआ कुलपति ने बताया कि आने वाले समय में कृषि विश्वविद्यालय दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भी काफी नए आयाम हासिल करने का प्रयास करेगा जिससे पश्चिम उत्तर प्रदेश के पशुपालकों का दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा विकास हो सके।

## सिंडौस में एक सैकड़ा पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाये

### मिनी स्टेडियम में 400 मीटर दौड़ ट्रैक की उठी मांग

जिला संवाददाता

**चकरनगर, इटावा।** तहसील चकरनगर के गांव सिंडौस में संचालित ऐतिहासिक दंगल का गांव के ही मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह उर्फ डीएम ने फीता काटकर शुभारंभ किया। दंगल में मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा सहित फिरोजाबाद, आगरा, जालौन के पहलवानों के लगभग एक सैकड़ा जोड़ कराए गए। इस मौके पर पहुंची क्षेत्रीय जनता में सिंडौस गांव में मिनी स्टेडियम में बनाए जा रहे दो सौ मीटर दौड़ ट्रैक को 400 मीटर बनवाने की मांग की। सिंडौस दंगल में अभिषेक इटावा ने बिक्की जौरीपुरा भिंड, भोला मुरैना ने सोना फिरोजाबाद, लोकेश फिरोजाबाद ने सोनू आगरा, महिपाल बड़ा गांव ने नीरज फिरोजाबाद, ओमवीर सेमरा ने कमल कानपुर, जग्गा शमसाबाद ने अभिषेक फिरोजाबाद ,वीरभान बटेश्वर ने गोलू भिंड, रामगोपाल आगरा ने केतु रौंन मछंड, भोजराम शिकोहाबाद ने दीपू शमसाबाद, भूरा आगरा ने मोनू अलीगढ़, प्रमोद शमशाबाद ने विष्णु मथुरा, बादशाह मुरैना ने उमेश फिरोजाबाद, विशाल आगरा ने मंजेश बोधा बसंतपुरा, कमलजीत आगरा ने पुष्पेंद्र मुरैना, भारत मुरैना ने गजेन्द्र आगरा, होशियार फिरोजाबाद ने प्रदीप आगरा को हराकर जीत दर्ज की। दंगल में लगभग एक सैकड़ा पहलवानों ने दांव पेंच दिखाए, जिन्हे उचित ईनाम भी दिया गया। दंगल में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश चैहान उर्फ बबलू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुकेश राजावत, मनोज राजावत के अलावा दंगल कमेटी में ग्राम प्रधान सज्जन सिंह राजावत, बेटा मास्टर, किशन राजावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतेंद्र सिंह राजावत, शिववीर सिंह राजावत, हरवंश राजावत, पप्पन राजावत सहित दर्जनों सहियोगी मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से संबधित सहसों पुलिस मौजूद रही।

## व्यापार सभा के साजिद अली शहर प्रभारी, राजा खानजादा बने जिला उपाध्यक्ष



इटावा। समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम शास्त्री चैराहा के निकट बीकानेर रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ व्यापारी अनिल सोनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विकास गुप्ता विक्की प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम सिंह प्रजापति जिला उपाध्यक्ष सपा इटावा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संतोष राजपूत, व्यापार सभा को विस्तार देते हुए जिलाउपाध्यक्ष पद पर राजा खानजादा एवं हर्ष भदौरिया तथा सर्वेश जोशी को मनोनीत किया गया। शहर प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर साजिद अली अशरफी को एवं जिला सचिव के पद पर सुमित राठौर को मनोनीत किया गया सभी को मनोनयन पत्र सौंपे गए एवं सभी पदाधिकारियों से आशा की गई कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को मजबूती देते हुए सरकार की व्यापार विरोधी नीतियों की मार से त्रस्त व्यापारी साथियों की मदद में आगे आकर काम करेंगे। व्यापार सभा के जिलामंत्री हरीश जौहरी ने सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तुलना चंदन के पेड़ से की। सपा प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की ने पुलवामा आर डी एक्स विस्फोट में मारे गये जवानों की शहादत को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी दुखद मृत्यु को याद करते हुए कहा क्या कारण है कि सरकार इस दुःखद काण्ड की अबतक जाँच नहीं करा पा रही साथ ही बजट को लेकर सरकार को घेरा और कहा इस बजट ने आम व्यापारियों को किसी भी तरह की राहत नहीं दी।

## स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन मोहल्ला समिति की बैठक




इटावा। अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा व अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता के निदेर्शानुसार नगर पालिका परिषद व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कल के संयुक्त तत्वाधान से वार्ड 6 सुन्दरपुर मे सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एनएल कुशवाहा के सहयोग से स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन मोहल्ला समिति के बैठक की गई ! जिसमे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में आईटीसी से सुजीत कुमार द्वारा जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वार्ड वासियों को समझाया गया, कचरे के प्रकार और गीला-सूखा मिश्रित कचरा देने से होने वाली हानियाँ गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने के लाभ कचरे का उचित और समय पर निस्तारण गीले कूड़े से जैविक खाद बनाना (कम्पोस्टिंग) सूखे कचरे का रिसाइकिलिंग लैंडफिल में कमी घरेलू स्तर पर गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग करने के लिए वार्ड स्तर पर सामुदायिक कम्पोस्टर का उपयोग करने के लिए कचरे को पृथक करके देने के महत्व को समझने के लिए बताया। इस मौके पर वार्ड सभासद प्रतिनिधि, अंशुल, आसिफ, सफाईनायक सुजीत, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन मोहल्ला समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता सम्पन्न



भरथना, इटावा। खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन ही नहीं, अपितु हमारे शरीर को ऊर्जावान व रोगमुक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाकर हमें स्फूर्ति प्रदान करते हैं। इसलिए हमें अपनी दिनचर्या में खेलों को भी समाहित करना चाहिये।

उक्त बात बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव ने आधा सैकडा से अधिक दिवंगत समाजसेवियों की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता के दौरान कही। प्रतियोगिता के दूसरे यानि समापन दिवस पर रविवार को मिडिल स्कूल प्रांगण में बतौर मुख्य अतिथि श्री यादव ने पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू के साथ सभी दिवंगतजनों को श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा क्लब के पदाधिकारियों ने आगन्तुक अतिथि द्वय का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। तदुपरान्त विभिन्न जनपदों से आयी टीमों के खिलाडियों का रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसे देखने के लिए सैकडों की संख्या में खेलप्रेमी एक ही स्थान पर डटे रहे। जिसके चलते फाइनल में बालीबाल टीम आगरा ने विजयश्री हासिल की। जबकि उपविजेता बालीबाल टीम मैनपुरी बनी। जिसमें आदर्श बालीबाल क्लब भरथना के तत्वाधान में बालीबाल की विजेता टीम को 7100 रुपए व उपविजेता टीम को 3100 रुपए नगद भेंटकर पुरूस्कृत किया गया। इस मौके पर आदर्श वालीबाल क्लब के अध्यक्ष सुखराम सिन्धी, गजेन्द्र सिंह यादव एड., रवि यादव, सुशान्त मोहन पालीवाल, नकुल यादव, नितिन श्रीवास्तव, अनुपम शाक्य, किशन श्रीवास्तव, शिवम गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, जोगेन्द्र सिंह, हिमांशु केशरवानी सहित कई खेलप्रेमियों व व्यवस्थापकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## छत्रपति शिवाजी की जयंती 19 को

इटावा। कुर्मी क्षत्रिय समाज व मराठा समाज के संयुक्त तत्वाधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती उल्लास के साथ 19 फरवरी दिन गुरुवार को सुबह 9 बजे से होमगंज में एकत्र होकर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को अपने हाथ में लेकर होमगंज से तहसील चैराहे, बजाज लाइन होते हुए नगर पालिका चैराहा और कोतवाली चैराहा के सामने से पुरबिया टोला के तलैया मैदान में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज जी की प्रतिमा पर रुद्राभिषेक करके प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-4, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक-261/ई-टेण्डर नोटिस/2025-26        दिनांक- 11.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य के 'ए, बी, सी, डी' श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं (ठेकेदारों) से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें तथा निविदा में भाग लेने से पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण भी कर लें।

| क्र. सं. | विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरगांव | शाहपुर सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | **1.50** | **0.15** | 800.00 | 02 माह | ए, बी, सी, डी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.02.2026 से 26.02.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 26.02.2026 को समय अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इं. राघवेन्द्र सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-4, लो.नि.वि.,
सीतापुर

UPID-246290 Date:16.02.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## मानकों के विपरीत लगे लाउडस्पीकर उतारे

लालगंज, मीरजापुर। क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस ने धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर के नेतृत्व में टीम ने मंदिरों और मस्जिदों का सघन निरीक्षण किया। मानकों से अधिक लगे लाउडस्पीकरों को मौके पर ही उतरवा दिया गया। अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक लालगंज पुलिस बल के साथ विभिन्न स्थलों पर पहुंचे और लाउडस्पीकरों की संख्या, वैध अनुमति पत्र तथा निर्धारित ध्वनि सीमा का परीक्षण किया। जांच में जहां तय मानक से अधिक उपकरण पाए गए।वहां अतिरिक्त लाउडस्पीकर तत्काल हटवाए गए।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज संबंधित परिसर तक ही सीमित रहनी चाहिए। सार्वजनिक शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर ने धार्मिक स्थलों की प्रबंध समितियों से संवाद कर नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आस्था के साथ-साथ कानून का अनुपालन भी आवश्यक है। भविष्य में उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस के अनुसार, जनसामान्य की सुविधा और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्थायी किया जायेः रागिनी

जौनपुर। समाजवादी पार्टी की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रदेश सरकार पर महिला एवं बाल विकास विभाग की नीतियों और प्रदेश में बढ़ते कुपोषण व एनीमिया के मामलों को प्रहार किया। उन्होने सदन को बताया कि प्रदेश में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे, गर्भवती महिलाएं और किशोरियां अभी भी कुपोषण और एनीमिया से पीड़ित हैं। उन्होंने इन आंकड़ों को तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मातृशक्ति के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करता है, जबकि समाजवादी पार्टी महिलाओं के सम्मान के लिए लड़ती है। उन्होंने विभागीय मंत्री से पूछा कि सरकार माताओं और बच्चों के दुख को क्यों नजरअंदाज कर रही है। कुपोषण के बढ़ते आंकड़ों पर डॉ. सोनकर ने सरकार के पोषण बजट पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब चना 80 प्रति किलो और दूध 66 प्रति लीटर है, तब सरकार एक बच्चे के पोषण के लिए मात्र 8 और गर्भवती महिला के लिए 9 का मानक रखे हुए है। उन्होंने पूछा कि यदि एक बच्चे को 250 मिली दूध भी दिया जाए, तो उसकी कीमत 16.5 होती है। ऐसे में सरकार 8 में बच्चों को 600 किलो कैलोरी और 20 ग्राम प्रोटीन कैसे उपलब्ध करा रही है। विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। डॉ. सोनकर ने सरकार से मांग की कि उन्हें ?30,000 प्रति माह मानदेय दिया जाए, उन्हें स्थायी किया जाए और उन्हें रिटायरमेंट प्लान व स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा जाए। डॉ. रागिनी सोनकर ने अंत में कहा कि जब तक पोषण के बजट को महंगाई के अनुरूप नहीं बढ़ाया जाता, तब तक उत्तर प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाना असंभव है।

# हैदराबाद क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का खेल

## सुबह-सुबह दौड़ रहीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन और उसके परिवहन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लंबे समय से चल रहे इस कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रतिदिन तड़के करीब 4 बजे से 10 बजे तक मिट्टी से लदी दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मुख्य सड़कों से होकर गुजरती हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से हादसे की आशंका बनी रहती है, वहीं सड़क पर गिरती मिट्टी से फिसलन और धूल की समस्या भी बढ़ रही है। इसके बावजूद न तो नियमित चेकिंग दिखाई दे रही है और न ही परिवहन पर रोक।

बताया जा रहा है कि ढकवा चौकी क्षेत्र के सेमरई गांव के आसपास से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। वहां से निकाली गई मिट्टी को अजान कस्बे में विकसित हो रहे प्लॉटों और निर्माणाधीन स्थलों पर डाला जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गतिविधि संगठित तरीके से संचालित हो रही है और इसमें कई वाहन प्रतिदिन लगे रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन से जहां सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है, वहीं पर्यावरण और कृषि भूमि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सड़क मार्ग पर बढ़ते दबाव से दुर्घटना का खतरा अलग बना हुआ है। क्षेत्र में प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर लोगों में रोष है। अधिकारियों का कहना है कि यदि अवैध खनन की शिकायत मिलती है तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग और जिला प्रशासन कब सख्ती दिखाते हैं और अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगा पाते हैं।

## अधूरी नाली निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध, जलभराव से बढ़ी परेशानी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील क्षेत्र के गोला-जडौरा नौ किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण के कुछ माह बाद ही अब जल निकासी व्यवस्था को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सड़क बनने के करीब छह माह बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से पुलियों और गांव में जल निकासी के लिए नाली निर्माण शुरू कराया गया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार ने गांव की शुरूआत और अंत में महज 10 से 15 मीटर तक नाली बनाकर बीच का बड़ा हिस्सा अधूरा छोड़ दिया। नतीजतन वर्षा का पानी रास्ते में जमा हो रहा है और कई घरों के सामने जलभराव की स्थिति बन रही है। इससे आवागमन में दिक्कत और गंदगी फैलने का खतरा बढ़ गया है। राम विलास, राम सागर, चमेली देवी, नरेंद्र कुमार, राम निवास, आनंद कुमार और हेमराज गौतम समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में ठेकेदार से कई बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। करीब एक माह बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के साथ सड़क किनारे नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की है। ग्राम प्रधान देवकली राम सिंह चैधरी ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत को कई बार संबंधित अवर अभियंता और ठेकेदार के संज्ञान में लाया गया, लेकिन अब तक अधूरी नाली का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी लखीमपुर के अवर अभियंता सुशील कुमार का कहना है कि गांव के अंदर नाली निर्माण उस समय आवश्यक नहीं समझा गया था। यदि ग्रामीण मांग कर रहे हैं तो सर्वे कराकर आवश्यकता के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम आवास के 51 सौ लाभार्थियों को सीएम ने भेजी धनराशि

लखीमपुर खीरी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा जनपद-खीरी के 5100 लाभार्थियों के बैंक खाते में वन क्लिक के माध्यम से प्रत्येक लाभार्थी को रूपया एक लाख की धनराशि स्थानान्तरित की गई है। इस सन्दर्भ में जिला परियोजना अधिकारी संगीता सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंर्तगत लाभार्थियों द्वारा प्राप्त धनराशि के अंर्तगत कम से कम 30 वर्गमीटर एवं अधिकतम 45 वर्गमीटर में ही आवास का निर्माण कराया जाये। यह धनराशि केवल भूतल पर ही आवास निर्माण हेतु अनुमन्य की गई है। किसी भी स्थिति में प्रथमतल या द्वितीयतल पर आवास का निर्माण नियमानुसार नही माना जायेगा एवं अवमुक्त धनराशि की वापसी करा ली जायेगी। लाभार्थियों को प्रत्येंक दशा में आवास की छत आर०सी०सी० की ही डलवानी होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी पूर्णतः निःशुल्क है। इसमें किसी भी लाभार्थी को किसी भी स्तर पर कोई भी धनराशि अदा नही की जानी है।

## तापस मिहिर बने प्रभागीय वनाधिकारी खीरी



लखीमपुर खीरी। तापस मिहिर नावागत प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिण खीरी वन प्रभाग ने सोमवार को जनपद खीरी में कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले इसी पद पर जनपद खीरी में कार्यभार देख रहे हैं संजय विश्ववाल की पदोन्नति होने पर शनिवार को जनपद खीरी से उन्हें कार्य मुक्त कर दिया गया।श्री तापस इससे पहले मिजार्पुर जनपद में कार्यरत है। वह मूल रूप से जनपद बाराबंकी के निवासी है। 2021 बेच के आईएफएस अधिकारी है। श्री तापस ने बताया कि अवैध कटान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## तनाव मुक्त परीक्षा पर चर्चा

लखीमपुर खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्टूडोमेट्रिक्स लखीमपुर जिले की रमियाबेहड़ नगर के द्वारा इंद्र बहादुर इंटर कॉलेज में तनाव मुक्त परीक्षा विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक अजय पाण्डेय प्रवासी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन पार्थ श्रीवास्तव द्वारा किया गया। मंच पर प्रधानाचार्य आर.के. मौर्या, नगर मंत्री कौशलेन्द्र शुक्ला एवं विभाग संयोजक अजय पाण्डेय की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में विभाग संयोजक अजय पाण्डेय ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को परीक्षा के दिनों में तनाव मुक्त रहने के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि सीखने और स्वयं को परखने का एक माध्यम है। विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, पर्याप्त नींद एवं संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया एवं अनावश्यक तुलना से बचकर आत्मविश्वास के साथ अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। असफलता से घबराने के बजाय उसे सीखने का अवसर मानना चाहिए।

प्रधानाचार्य आर.के. मौर्या ने परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। अंत में विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र देकर विभाग संयोजक अजय पाण्डेय ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की एवं सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा को आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ देने का संकल्प लिया। नगर मंत्री कौशलेन्द्र शुक्ला ने छात्रों को कहानी के माध्यम से सीख दी और राष्ट्र सेवा के लिए योगदान करने का आग्रह किया।

## 225 जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर छोटी काशी में आस्था और श्रद्धा का विराट दृश्य देखने को मिला। पौराणिक शिव मंदिर के समीप नीलकंठ मैदान में मां कात्यायनी सेवा समिति के तत्वावधान में महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं सहित 225 सपत्नीक यजमानों ने भाग लेकर रात्रि के चारों पहरों में विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक किया।

दूधिया रोशनी से सजे आकर्षक पंडाल में पार्थिव शिवलिंगों की वेदियां सजाई गई थीं। पं. रामदेव शास्त्री ने सह आचार्यों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया। यजमानों ने दुग्ध, घी, शहद, गंगाजल, गन्ने का रस, पुष्प, भांग, धतूरा और विभिन्न पूजन सामग्रियों से भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक किया। शिव स्तोत्रों, महामृत्युंजय मंत्र और वैदिक ऋचाओं की गूंज से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। रात्रि भर हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। आयोजन का विशेष आकर्षण रुद्राक्ष मालाओं से सुसज्जित शिवलिंग रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवक और बुजुर्ग भी पूजन में सहभागी बने। कार्यक्रम के समापन के उपरांत सोमवार सायं शिवलिंग में प्रयुक्त 5100 रुद्राक्ष श्रद्धालुओं में निःशुल्क वितरित किए गए। श्रद्धालुओं ने इसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर अपने घरों तक शिव आशीर्वाद पहुंचाया। वितरण व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और बड़ी संख्या में भक्तों ने अनुशासन के साथ प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। नगर के गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। देर रात तक चले पूजन-अर्चन के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहा और महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया।

## गन्ना बुवाई के दौरान पीतल के घड़े में मिले सोने के जेवर

तिकुनिया ।खीरी ग्राम सुथना बरसोला निवासी श्री कृष्ण की पुत्री पिंकी देवी कोतवाली तिकुनिया में पीतल के घड़े में सोने के जेवर मिलने की शिकायत की है पीड़ित पिंकी देवी ने खेत की जुताई कर रहे अनिल निवासी बगिया मोहल्ला तिकुनिया पर पीतल के घड़े में भरे सोने के जेवरों को हड़पने का आरोप लगाया है पुलिस ने मामले को फर्जी बताया है फिलहाल पीडिता ने कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल तथा यस पी और डीएम से भी शिकायत की है पीड़िता पिंकी देवी ने बताया उसकी ग्राम पंचायत सुथना बरसोला में अपने पिता की वरासतन भूमि गाटा संख्या 51/0417 हेक्टेयर स्थित है उसने अपनी भूमि को तिकुनिया बगिया मोहल्ला निवासी गोपाल और उसके भाई अनिल को रेहन पर दे रखी है बीती 7 फरवरी को गोपाल और अनिल दोनों भाई खेत में गने की बुवाई कर रहे थे इस दौरान जुताई के समय ट्रैक्टर के पीछे लगे गन्ना बुवाई यंत्र रेजर से पीतल का घड़ा टकराया जिसको अनिल ने निकाल कर देखा तो उसमें सोने के जेवर भरे थे घड़े को रामनगर तथा सुथना बरसोला निवासी गन्ना बुवाई कर रहे मजदूरों ने देखा है अनिल ने जेवर को बोरे में भरकर अपने घर ले गया और पीतल का घड़ा रामनगर गांव निवासी विनोद के घर फेंक गया इसकी शिकायत घटना के दिन 7 फरवरी को ही कोतवाली पुलिस तिकुनिया को की गई जिस पर पुलिस ने मामले को फर्जी बताते हुए कोई कार्रवाई नहीं की इस बीच पीड़िता पिंकी देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर तथा जिले के पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को भी न्याय न मिलने की सूचना दी है इस बाबत तिकुनिया कोतवाली प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया सूचना मिली थी जांच में फर्जी पाया गया है।

## पालिका अध्यक्ष ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका प्रांगण में सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ आरएम गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी/डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी तथा डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा उपस्थित रहे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यापक स्तर पर जांच एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गईं। 271 लोगो की ओपीडी की गई। शिविर के दौरान 32 टीबी जांच, 46 एक्स-रे, 110 लोगों की बीपी व शुगर जांच की गई। इसके साथ ही 30 मलेरिया जांच भी की गई, जिससे विभिन्न रोगों की समय रहते स्क्रीनिंग संभव हो सकी। जांच के उपरांत डॉक्टर्स द्वारा आवश्यकतानुसार मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी लिखीं गईं गईं। कैंप में 11 आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बेहतर सेवाएं दी गईं। नगर पालिका के सफाई मित्र अपने स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील नहीं रहते हैं, ऐसे में एक ही स्थान पर कई प्रकार की जांच और दवाओं की सुविधा मिलना उनके लिए अत्यंत लाभकारी है।

## विधायक ने जनकल्याण के लिए किया रुद्राभिषेक

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने परिवार के साथ मंगलेश्वर नाथ मंदिर पर जनकल्याण के लिए सात दिवसीय अनुष्ठान का रुद्राभिषेक कर भगवान शिव से लोक कल्याण को लेकर आशीर्वाद मांगा है।

आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न



आयोजन किया जा रहा था सकुशल संपन्न हो जाने पर कन्या भोग के साथ भंडारे का आयोजन किया गया है।

गांव राजापुर बैनी के पौराणिक मंदिर मंगलेश्वर नाथ मंदिर पर विधायक, दिनेश कुमार सिह,पुष्पा सिंह,वैभव प्रताप सिंह ने परिजनों के साथ सात दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया जिसमें आचार्यों के द्वारा जनकल्याण को लेकर हो जाने पर सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे पहुंचे लोगों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया है।इस मौके पर राजेंद्र सिंह,भूरे सिंह पूर्व बार अध्यक्ष आलोक सिंह,एस डीएम, सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक उमेश चौरसिया, सुशीला वर्मा, मनोज गुप्ता, रंजीत वर्मा समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भूमि बिक्री का बकाया न देने पर महिला को पीटा ,चार के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव परवस्त नगर निवासी महिला ने अपने वृद्ध ससुर ने जमीन बिक्री की जिसका बकाया प्रतिफल न देने से विरोध करने पर आरोपियों पर घर में घुस के मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस ने नामित चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता सुशीला देवी ने बताया उसके ससुर भगवान दिन ने गांव के धर्मेंद्र और परविंदर के 50 डिसमिल भूमि 6 लाख रुपए में बिक्री की थी जिसमें उन्होंने ढाई लाख भुगतान कर शेष जमीन पर बैंक का बकाया अदा करने का भरोसा दिलाया था मौका पाकर छल कपट से भूमि अपने नाम करा ली कर्ज अदा करने की बात कहने पर दोनों खरीददार और उनके परिवार के जन्मेजय, दिव्यांशु ने एक राय होकर घर में घुसकर महिला की लात घुसां और डंडे से पिटाई कर जख्मी कर दिया पीड़िता की शिकायत पर सभी नमिता आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## चकबन्दी में अनियमितता का काश्तकारों ने किया विरोध

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा कैलावर में चकबन्दी प्रक्रिया में घोर अनियमितता के विरोध में डा. जंग बहादुर यादव एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। अवगत कराया गया कि चकबन्दी अधिकारी एवं चकबन्दी कर्ता द्वारा काश्तकारों को न फार्म 35 वितरित किया गया और न ही 45। ऐसे में उनको प्राकृतिक न्याय से वंचित किया गया। इस संदर्भ में ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। चकबन्दी प्रक्रिया में इतनी बड़ी लापरवाही से ग्रामीण बहुत भयभीत हैं। ग्रामसभा कैलावर में जो चकबन्दी प्रक्रिया हुई है, उसमें लगभग 300 से अधिक संदर्भ बनाये गये हैं। ज्यादातर काश्तकारों के 5 से 6 चक जो 10, 15, 25 एअर के चक दिये गये जो बहुत छोटे-छोटे हैं, उसमें काश्तकारी करना कठिन है जो चकबन्दी प्रक्रिया के उद्देश्य के विपरीत है। चकों की माप अधूरी है। बहुत से मुकदमे अभी तक न्यायालय में लंबित है। सार्वजनिक स्थानों पर आने जाने के लिये चकमार्ग नहीं है। काश्तकारों के साथ सुभाष चन्द्र यादव, श्रवण जायसवाल, रविशंकर यादव, प्रदीप यादव , निहाल अहमद, संजय यादव, राहुल, जितेन्द्र यादव, जय प्रकाश, गुलाब सरोज, वीरेन्द्र सिंह, गोलू सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## फास्टफूड की दुकान में लगी आग

आजमगढ़। जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र में रविवार देर रात उस समय अफरातफरी मच गई जब सोनवारा मोड़ स्थित एक मिठाई और फास्टफूड की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा गैस सिलेंडर भी तेज धमाके के साथ फट गया। गनीमत रही कि समय रहते दुकान के अंदर सो रहे व्यक्ति ने बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कोइलाडी खुर्द निवासी ओमप्रकाश ने सोनवारा मोड़ पर किराए के मकान में मिठाईवाला फास्टफूड मिठाई नाम से दुकान खोली थी। उन्होंने इसी वर्ष जनवरी माह में दुकान का संचालन शुरू किया था। रविवार रात रोजाना की तरह ओमप्रकाश दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे, जबकि उनके भाई पारस दुकान के अंदर ही सो रहे थे। देर रात अचानक दुकान के भीतर से आग की लपटें उठने लगीं। आग की तपिश और धुएं से पारस की नींद खुल गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वे तुरंत दुकान से बाहर निकल आए और शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते, दुकान में रखा एक गैस सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सिलेंडर फटने के बाद आग ने और भी विकराल रूप धारण कर लिया। तेज लपटों और लगातार उठ रहे धुएं के कारण कोई भी व्यक्ति दुकान के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। सिलेंडर विस्फोट से दुकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में काफी समय लगा। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अगलगी में लगभग आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पारस बाहर न निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## युग्मन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देखीं आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं




गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) युग्मन कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर, खुटार विकास खंड बांकेगंज के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला में कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च कक्षाओं की शैक्षिक व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं से परिचित कराना रहा।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में उपलब्ध विज्ञान प्रयोगशाला, सभागार, स्मार्ट शिक्षण कक्ष, पुस्तकालय, एक्टिविटी रूम तथा पठन-पाठन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों द्वारा प्रयोगशाला उपकरणों और शैक्षिक संसाधनों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने डिजिटल माध्यम से संचालित कक्षाओं को देखकर उत्साह व्यक्त किया। विद्यालय परिसर की स्वच्छता, अनुशासन और सुव्यवस्थित शैक्षिक वातावरण की छात्रों ने सराहना की। कई विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से आगे की पढ़ाई के प्रति जागरूकता और प्रेरणा मिलती है। विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने कहा कि युग्मन कार्यक्रम से शैक्षिक समन्वय को बल मिलता है और विद्यार्थियों को नई दिशा मिलती है। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और आधुनिक संसाधनों की जानकारी भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य विपिन कुमार वर्मा, शिक्षक ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं आज से



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू होंगी। परीक्षाओं को लेकर विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

नगर में सेंट जॉस स्कूल और श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दोनों केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी केंद्र व्यवस्थापक की देखरेख में की जाएगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से कम से कम आधा घंटा पूर्व केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश के समय सघन जांच की जाएगी और बिना प्रवेश पत्र किसी को भी केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। प्रशासन की ओर से भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह के साथ हल्का तनाव भी देखा जा रहा है।

## 4 महीने में अंडर पास काम शुरू करने का आस्वासन

जौनपुर। मुंगरा बादशाहपुर में स्टेशन प्लेटफार्म के पूर्वी छोर पर पकड़ी सब्जी मंडी रोड पर रेल अंडरपास की मांग का जज सिंह अन्ना ने रेल धरना प्रदर्शन किया था जिसमें पकड़ी गांव में 300 प्लस जनता ने भाग लिया जीआरपी आरपीएफ के आईपीएस सहित भारी संख्या में फोर्स ने आंदोलन को विफल करने के लिए ट्रैक पर खड़ी रही और तहसीलदार मछली शहर और प्रतापगढ़ रेल सेक्शन के इंजीनियर ने आकर के ज्ञापन लिया और कहा 4 महीने के अंदर अन्डर पास काम शुरू करवा दूंगा नीलांचल अर्चना एक्सप्रेस की मांग का प्रस्ताव ऊपरी अधिकारियों के पास भेजा जाएगा, मन्थरपुर रेल अंडरपास की मांग को लेकर 200 प्लस जनता ने भाग लिया भारी संख्या में फोर्स जनता को नियंत्रित करती रही जैसे ही 11रू25 पर जज सिंह अन्ना पहुंचे वहां पर तहसीलदार और रेल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा मन्थरपुर अन्डर पास भी 4 महीने बाद बनवाने का आश्वासन मिला ।

## दो दिवसीय ग्रामीण खेल सम्मेलन का शुभारंभ

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद में नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 16 से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित 02 दिवसीय ग्रामीण खेल सम्मेलन का भव्य शुभारंभ 16 फरवरी 2026 को सोनशक्ति स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संजय असाटी, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) द्वारा किया गया।इस ग्रामीण खेल सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बच्चों के बीच खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा उनमें आपसी सौहार्द, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना है। ग्रामीण खेल सम्मेलन 2026 के अंतर्गत पारंपरिक एवं लोकप्रिय ग्रामीण खेलों की विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें बालक एवं बालिका वर्ग हेतु कबड्डी, खो-खो विभिन्न दौड़ स्पधाएँ, लॉन्ग जंप तथा रिले रेस शामिल हैं। मुख्य अतिथि संजय असाटी ने एनटीपीसी रिहंद के सीएसआर के अंतर्गत ऐसे आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराया जा रहा है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रामीण खेल सम्मेलन ग्रामीण युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सिद्ध होगा, जिससे वे अपने हुनर को निखारकर भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल जनसमुदाय के समग्र विकास को बढ़ावा देने हेतु एनटीपीसी रिहंद की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में कुल 23 विद्यालयों के 800 से ज्यादा प्रतिभाशाली खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं, जिनका उद्देश्य खेल के प्रति अपने कौशल और समर्पण का प्रदर्शन करना है।ग्रामीण खेल सम्मेलन के मंच के माध्यम से एनटीपीसी रिहंद अपने सीएसआर उद्देश्यों के अनुरूप समग्र विकास को प्रोत्साहित करने तथा खेल के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर संकल्पित है।

संक्षेप

## गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत

जौनपुर। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के जदईपुर गोरा पट्टी गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने गांव को शोक में डुबो दिया। घर से लापता हुए 5 वर्षीय बच्चे का शव घर से कुछ दूरी पर बने पानी भरे सोख्ता गड्ढे में मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मुख्तार शाह का पांच वर्षीय पुत्र सूफियान रविवार शाम करीब छह बजे अचानक घर से गायब हो गया था। परिजनों ने देर शाम तक रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।इसके बाद पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ रातभर खोजबीन कराई, मगर बच्चे का पता नहीं चल सका।सोमवार सुबह दोबारा तलाश शुरू की गई तो घर से लगभग 100 मीटर दूर एक पानी से भरे सोख्ता गड्ढे में बच्चे का शव तैरता मिला। बताया जा रहा है कि गड्ढे में चार से पांच फीट तक पानी भरा था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि खेलते समय बच्चा उसमें गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

## स्टेयरिंग फेल होने से पलटा ट्रैक्टर चालक सुरक्षित

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में टाइगर प्वाइंट के पास सोमवार सुबह स्टेयरिंग फेल होने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गया।जिगना थाना क्षेत्र के मनिकठी गांव निवासी ट्रैक्टर चालक जोगेन्द्र कुमार मध्यप्रदेश के हनुमना से ट्रैक्टर लेकर जिगना जा रहा था। जैसे ही लहुरियादह गांव के आगे टाइगर प्वाइंट के पास पहुंचा तो अचानक ट्रैक्टर का स्टेयरिंग फेल हो गया ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए बीच सड़क पर पलट गया। ट्रैक्टर चालक ने नीचे कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। संयोग था कि हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया। ट्रैक्टर चालक जोगेन्द्र कुमार ने बताया कि स्टेयरिंग फेल होने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट घटना में बाल बाल बच गया। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलटे ट्रैक्टर को हटवाया जा रहा है।

## अवैध खनन व अवैध परिवहन पर सख्ती, होगी कार्रवाई-बी.एन. सिंह

सोनभद्र। जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में खनन विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कहीं भी अवैध खनन पाए जाने पर संबंधित खनन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, अवैध खनन की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में नदियों के जल क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाए। यदि किसी भी स्थान पर अवैध खनन पाया जाता है तो संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाये एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाये। वन क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर वन विभाग द्वारा प्रभावी अभियान चलाकर निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिलाधिकारी ने अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए, बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर तत्काल जुमार्ना एवं जब्ती की कार्रवाई की जाए, नंबर प्लेट बदलकर परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा भारी जुमार्ना लगाया जाए तथा ऐसे मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने कहाकि जनपद में संचालित आरा मशीनों की जिसके वैध लाईसेंस हैं, वन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाये और अवैध तरीके से संचालित आरा मशीनों के खिलाफ कार्यवाही की जाये इस मौके पर ज्येष्ठ खान खान अधिकारी कमल कश्यप, डी0एफ0ओ0 राबर्टसगंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# दीवानी परिसर उड़ाने की धमकी से हड़कंप



आजमगढ़। दीवानी न्यायालय परिसर में बम विस्फोट की धमकी मिलने से सोमवार को पूरे शहर में हड़कंप मच गया।ईमेल के माध्यम से दी गई धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया और एहतियातन पूरे कचहरी परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सूचना मिलते ही अदालत में चल रही कार्यवाही रोक दी गई। वकीलों, कर्मचारियों, वादकारियों और अन्य मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बाहर निकाला गया।सुरक्षा के मद्देनजर न्यायालय के सभी प्रवेश और निकास द्वारों को सील कर दिया गया तथा आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई।

मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. अनिल कुमार सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पूरे परिसर की घेराबंदी कर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम ने न्यायालय के हर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, बार रूम, चैंबर और वाहन पार्किंग क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। आसपास के क्षेत्रों में भी चेकिंग और सर्च ऑपरेशन जारी रखा गया।

अचानक मिली धमकी से न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाहर बड़ी संख्या में अधिवक्ता और वादकारी जमा हो गए। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।

सुरक्षा कारणों से न्यायालय की सभी निर्धारित तारीखें 21 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं।प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी होने और परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद ही नियमित कार्यवाही शुरू की जाएगी।फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन ईमेल के स्रोत और धमकी की गंभीरता की जांच की जा रही है। पुलिस साइबर सेल भी मामले की तह तक जाने में जुटी है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह महज अफवाह थी या किसी बड़ी साजिश की आहट।

## समाधान दिवस : 20 शिकायतें प्राप्त, सभी का कराया गया निस्तारण

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। नगर पालिका परिषद सोनभद्र सहित जनपद के सभी नगरीय निकायों में सोमवार को समाधान दिवस सम्भव का आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई कार्यक्रम शासन के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य जनता की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना है।

नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न निकायों से कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2, नगर पंचायत घोरावल में 2, चुर्क घुर्मा में 2, चोपन में 2, ओबरा में 4, रेनुकूट में 2, पिपरी में 3, दुद्धी में 2, डाला बाजार में 1 तथा अनपरा में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल और मार्ग प्रकाश से संबंधित थीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। अध्यक्षरूबी प्रसाद ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

## स्वच्छ पर्यावरण विकल्प नहीं, जिम्मेदारी



आजमगढ़।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के तत्वाधान में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला विज्ञान क्लब आजमगढ़ द्वारा स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन हेतु जागरूकता कार्यक्रम श्री अग्रसेन राजकीय महिला महाविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारे आस-पास के वातावरण में बढ़ते प्रदूषण, जल संकट, और गंदगी के कारण न केवल पर्यावरण, बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण विषय केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व, हमारे भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के जीवन से जुड़ा हुआ है। पर्यावरण केवल हमारे चारों ओर की हवा, पानी और पेड़-पौधों तक सीमित नहीं है, यह हमारी जीवनशैली, हमारी आदतों और हमारी सोच से भी जुड़ा है। यदि हम प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग करेंगे, जल और वायु को प्रदूषित करेंगे, तो उसका दुष्परिणाम हमें बीमारियों, जल संकट और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में भुगतना पड़ेगा।स्वच्छ पर्यावरण कोई विकल्प नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। स्वस्थ जीवन कोई संयोग नहीं, बल्कि हमारे दैनिक प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में पर्यावरण विषय पर विशेषज्ञ के रूप के जिला विज्ञान के समन्वयक इंजीनियर कुलभूषण सिंह द्वारा जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण आदि पर ऑडियो विजुअल प्रस्तुतीकरण द्वारा जागरूक किया गया तथा जल संरक्षण एवं तमसा नदी से संबंधित विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। अजेंद्र राय ने छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवन की बारिकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल हितकारी न्यास के अध्यक्ष सुदर्शन दास अग्रवाल ने किया।

मुख्य अतिथि सहित तमाम आगंतुकगण का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक सुधीर अग्रवाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक मनीष रतन अग्रवाल एवं प्राचार्य श्रीमती निशा कुमारी ने किया।कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापिका डॉ अनुभा श्रीवास्तव ने किया तथा सभी के प्रति आभार कार्यक्रम के सूत्रधार एवं संयोजक इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अवसर पर अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज, निस्वा इंटर कॉलेज, प्रतिभा निकेतन, राजकीय पॉलिटेक्निक की छात्र-छात्राएं, वॉलीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश सिंह, अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग धावक अजय कुमार मौर्य, रेनॉल्ट शूटर स्रोत सिंह सहित तमाम गणमान्य मौजूद रहे।

## निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ



मीरजापुर।युवा भारत की ओर से नगर के गणेशगंज स्थित केबी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा भारत के सह राज्य प्रभारी राष्ट्रीय योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने ओंकार व गायत्री के साथ पावन वेद आदि मंत्रों के उच्चारण के साथ सत्र का शुभारंभ कराते हुए बीएड अभ्यर्थियों को हाथों एवं पैरों के द्वारा किए जाने वाले सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।योग गुरु ने अभ्यर्थियों को बताया कि हाथों के द्वारा किए जाने वाले इस सूक्ष्म व्यायाम के अभ्यास से हाथ की उंगलियां पंजे कलाई कोहनी कंधे सर्वाइकल फ्रोजन शोल्डर स्पॉन्डिलाइटिस आदि समस्याओं का समाधान होता है, वहीं पैरों से किए जाने वाले इस अभ्यास से जोड़ों का दर्द गठिया बतास आदि जैसी समस्याओं का समाधान होता है। अतः हर मनुष्य को रोज आधे घंटे से पैंतालीस मिनट तक सूक्ष्म व्यायाम के इस अभ्यास को अवश्य करना चाहिए, जिससे कि भविष्य में इन सभी समस्याओं व किसी भी प्रकार की रोग बीमारियों से बचा जा सके।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉक्टर भवभूति मिश्रा ने कहा कि योग केवल आसन प्राणायाम या व्यायाम नहीं, अपितु यह एक जीवन शैली है, योग आत्मअनुशासन है, योग जीवन जीने की कला है, मनुष्य अगर चाहे तो योग को जीवन में आत्मसात कर अपने जीवन को पूर्णरूप से स्वस्थ सुंदर एवं निरोग बना सकता है, योग ही उत्तम स्वास्थ का सर्वोत्तम साधन है दूसरा कोई नहीं।इस अवसर पर पूर्व सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट वाराणसी मंडल के मोहन शुक्ला ने कहा कि योग हमारे भारत के सनातन संस्कृति की एक अद्भुत विधा है, जो कि मानव जीवन के कल्याण के लिए एवं जीवन के उत्थान के लिए बहुत जरूरी है।

## भ्रमण के लिए छात्राओं का दल रवाना



जौनपुर।कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं हेतु आयोजित एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य छात्राओं को शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराकर उनके ज्ञान एवं अनुभव का विस्तार करना है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्राओं की सुरक्षा, एवं सुचारु यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विजिट के दौरान बस में एक महिला पुलिस कर्मी, दरोगा और एक महिला शिक्षिका की तैनाती की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मेडिकल किट उपलब्ध कराई गई है तथा सभी वाहनों की फिटनेस जांच कर सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। छात्राएं विद्यालयों से प्रस्थान कर वाराणसी स्थित विभिन्न शैक्षणिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगी तथा निर्धारित समयानुसार वापस लौटेंगी।

## मिशन शक्ति मोबाइल को रवाना किया गया



जौनपुर। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की मौजूदगी में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी स्वावलंबन, नारी सुरक्षा की भावना को और मजबूती देने के लिए जनपद में नई पहल करते हुए नारी सुरक्षा को समर्पित शक्ति मोबाइल को पुलिस पुलिस लाइन में सहायक पुलिस अधीक्षक सृष्टि जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उनके द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु शक्ति मोबाइल में लगे पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए विभिन्न तरीके बताये गये कि कैसे हमे जनपद में बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है। शक्ति मोबाईल नारी सुरक्षा हेतु 24 घंटे मुस्तैद रहेगी तथा नारी सुरक्षा से महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं हेल्पलाइन इत्यादि के बारे में स्कूल, कॉलेज बाजार आदि जगहों पर जाकर छात्राओं, महिलाओं को जागरूक करेगी।भ्रमण के दौरान शक्ति मोबाईल स्कूल,कॉलेज, कोचिंग संस्थान खुलने एवं बंद होने के समय तथा अधिकांश उन स्थानों पर भ्रमण करेगी जहां पर महिलाओं का आवागमन रहता है इस दौरान शक्ति मोबाईल छात्राओं, महिलाओं से संपर्क कर उनका फीडबैक लेंगे तथा उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करेंगी। शक्ति मोबाइल वैन में एक महिला उप निरीक्षक 02 महिला आरक्षी, 02 आरक्षी व चालक दिन की शिफ्ट में और इसी प्रकार रात्रि की शिफ्ट में भी उपलब्ध रहेंगें। कोई भी महिला किसी भी विषम परिस्थिति में शक्ति मोबाइल टीम की सहायता प्राप्त कर सकती है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवाओं ने तय किया एजेंडा, तैयार किया रोडमैप



जिला संवाददाता

जौनपुर। जकारिया मुनीर इंटरनेशनल स्कूल, मनेछा खेतसराय में आयोजित ह्यसही और गलत से परेरू युवा नेतृत्व बदल रहा है दुनिया की तस्वीरह्न क्षेत्रीय संवाद में युवाओं ने खुलकर अपनी जरूरतें और आकांक्षाएं सामने रखीं।

आयोजन आजाद शिक्षा केंद्र, कम्युनिटी द यूथ कलेक्टिव और वातार्लीप कोएलिशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कुल 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें युवाओं की संख्या अधिक रही। सभी प्रतिभागियों को आठ समूहों में बांटकर अलग-अलग गोलमेज चर्चा कराई गई। प्रत्येक समूह ने अपनी-अपनी प्राथमिक जरूरतों पर विचार-विमर्श किया और फिर तीन प्रमुख मुद्दों को चुनकर उन्हें पूरा करने के लिए ठोस रोडमैप तैयार किया।

चर्चा के दौरान युवाओं ने रोजगार की आवश्यकता, बेहतर अंक प्राप्त करने की आकांक्षा, पर्यावरण संरक्षण, समाज में भाईचारे और बंधुत्व को मजबूत करने, जैसी मांगे उठाईं।कुछ युवाओं ने कहा कि उन्हें अवसरों की समानता चाहिए, तो कुछ ने शिक्षा और मार्गदर्शन की बेहतर व्यवस्था की जरूरत बताई। कई प्रतिभागियों ने यह भी कहा कि समाज में बढ़ती वैचारिक दूरी को कम करने के लिए संवाद की संस्कृति को मजबूत करना जरूरी है।हर समूह से निकली जरूरतों में से तीन प्रमुख मुद्दों को प्राथमिकता के तौर पर चुना गया। इसके बाद बड़े समूह में सभी ने अपने-अपने टेबल से तैयार रोडमैप साझा किया और इन्हें अमल में लाने का सामूहिक संकल्प लिया।

उद्घाटन पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डी.डी. दुबे ने किया। उन्होंने कहा कि इंसान का दिमाग स्वयं सही-गलत का एहसास कराता है। यदि हम अपने भीतर की उस चेतावनी को नजरअंदाज करेंगे तो परिणाम भयावह हो सकते हैं। डा0 रघुमणी पाण्डे कृषि वैज्ञानिक ने कहॉ कि युवाओं का रूझान कृषि उधोग की तरफ नही जा रहा है, जब कि तकनीकि कृषि से युवा अपना रोजगार चुन सकते है। संचालन निसार अहमद ने किया।

## मंडल आयुक्त ने ग्राम पंचायत पकरी में लगायी चौपाल



सोनभद्र।रावर्ट्सगंज विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत पकरी में मण्डला आयुक्त ने चैपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय निर्माण) एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे सवांद की, उन्होंने लाभार्थियों से पूछा कि उन्हें आवास, शौचालय एवं पेंशन की धनराशि समय से प्राप्त हो रही है या नहीं तथा किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है। ग्रामीणों ने योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी दी, जिस पर मंडल आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभान्वित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त ग्राम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंडल आयुक्त ने ग्रामीणों से जलापूर्ति की नियमितता, पाइपलाइन की कार्यस्थिति एवं बिजली आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली, उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, जिसके लिए निरंतर निगरानी एवं जनसंवाद आवश्यक है। इस मौके पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा...

आजमगढ़। शहर के अठवरिया मैदान में रविवार को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से ओत-प्रोत श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री रानी सती श्याम भक्त मंडल की ओर से किया गया, जिसमें नारायणी भजन संध्या एवं श्री श्याम भक्त मंडल का विशेष सहयोग रहा। इस पावन अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे प्रसिद्ध भजन कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। जयपुर से आईं सुप्रसिद्ध भजन गायिका रजनी राजस्थानी तथा उड़ीसा से पधारीं शुभांगी सोनी ने ह्लसांवरे की महफिल को सांवरा सजाता हैह्न सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। मधुर धुनों और भावपूर्ण गायन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान रजनी राजस्थानी ने ह्लहारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है, जीतूंगा एक दिन मेरा दिल ये कहता हैह्न और ह्लदीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेरे सेह्न जैसे भजनों से लोगों को झूमने के लिए विवश कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों पर नृत्य करते नजर आए। अठवरिया मैदान श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। श्रद्धालुओं ने विधिवत बाबा श्याम की ज्योति प्रज्वलित कर अपने एवं अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। आयोजन के दौरान विशाल भंडारे का भी प्रबंध किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम बहादुर सिंह, पूर्व भाजपा प्रत्याशी अखिलेश कुमार मिश्रा गुड्डू, विधायक दुर्गा प्रसाद यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## खेत में मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

जौनपुर।जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के आशापुर फेरूपुर गांव स्थित वरुणा नदी किनारे सरसों के खेत में युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के चेहरे को ईंट से कुचला गया था, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है।ग्रामीणों ने सोमवार सुबह खेत के पास स्थित घाट पर शव देखा तो दहशत फैल गई। सूचना पर थानाध्यक्ष रामपुर विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। हालात संदिग्ध देख उन्होंने तत्काल क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं परमानंद कुशवाहा व फॉरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके की स्थिति से प्रतीत होता है कि घटना स्थल पर एक से अधिक लोग मौजूद रहे होंगे। शव से कुछ दूरी पर एक बाइक बरामद हुई है। बाइक के साइलेंसर पर जूते के निशान पाए गए हैं। वहीं पास में शराब की बोतलें भी पड़ी मिलीं, जिनमें से एक टूटी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या धारदार हथियार और ईंट से वार कर बेरहमी से की गई। फॉरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी है। युवक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है।

## यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 से

मीरजापुर। जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में इस बार 115 केंद्रों पर 71902 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगी। परीक्षा की शुचिता के लिए सभी परीक्षा केंद्रों को आठ जोन व 16 सेक्टरों में बांटकर तैयारी की गई है। इस बार हाईस्कूल की परीक्षा में 37707 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें 18746 बालक व 18959 बालिका तथा दो ट्रांसजेंडर हैं। इसी प्रकार इंटरमीडिएट की परीक्षा में 34195 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें 17103 बालक तथा 17092 बालिका हैं। इंटरमीडिएट के प्रायोगिक विषय वाले सभी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं दो से नौ फरवरी के बीच ली जा चुकी है। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती की गई है। साथ ही आठ जोनल व 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट निरंतर चक्रमण कर परीक्षा की निगरानी करेंगे। इसके लिए महुवरिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में केंद्रीय निगरानी कक्ष बनाया गया है। जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की आनलाइन निगरानी की जाएगी। जिले में 12 परीक्षा केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। उत्तर पुस्तिका इस बार परीक्षार्थियों के लिए उत्तर पुस्तिकाएं ए फोर साइज की होगी। साथ ही उसका मुखपृष्ठ पर लाल रंग से लिखा होगा। साथ ही ब उत्तर पुस्तिका पर सभी पृष्ठों पर वाटरमार्क होगा जिससे उनको पहचाना जा सकेगा और बदला नहीं जा सकेगा। सभी कक्ष निरीक्षकों को सभी उत्तर पुस्तिकाओं की तत्काल गणना करनी होगी। साथ ही उसकी जानकारी भी देनी होगी। परीक्षा के निरीक्षण के लिए 10 सचल दल बनाए गए हैं। पांच मंडलीय व पांच जिला स्तरीय। जिला स्तरीय सचल दल में जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, वित्त व लेखाधिकारी, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व एक अन्य के नेतृत्व में अन्य सदस्य रहेंगे। जिले के सभी 115 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं व प्रश्नपत्र कड़ी सुरक्षा में पहुंचाए जा चुके हैं। स्ट्रांग रूम लगातार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। सभी केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा के भी प्रबंध किए गए हैं। केंद्र व्यवस्थापकों से कहा गया है कि वे सभी कैमरों की जांच करते रहे। कोई परेशानी होने पर त्वरित कार्रवाई करें। जानकारी देते हुए मायाराम, जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस संबंध में केंद्राध्यक्षों की बैठक कर सभी नियम व जानकारी दे दी गई है। परीक्षा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी।

## रासलीला के पहले दिन श्रीकृष्ण जन्म का किया सजीव मंचन



सोनभद्र। नगर स्थित श्री रामलीला मैदान में रविवार की रात 8 बजे ग्यारह दिवसीय भव्य श्री कृष्ण रासलीला का शुभारम्भ हिमालय से पधारे तपोनिष्ठ परमपूज्य 1008 स्वामी श्री सेवादास ने किया।रासलीला के प्रथम दिन कलाकारों ने श्रीकृष्ण के जन्म का सजीव मंचन किया। जिसको देखकर श्रद्धालु हर्षित हो उठे। वृंदावन से आए कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति ने माहौल को आनंदित बनाए रखा। श्रीकृष्ण जन्म के अलावा कलाकारों ने श्री कृष्ण मयूर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई।रासलीला की शुरूआत में आरती का कार्यक्रम हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजन-अर्चन की। इसके बाद कलाकारों ने मंचन करते हुए दिखाया कि नंद के घर जब भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उल्लास था तो ब्रज में नंद के घर जमकर खुशियां मनाई गईं। बधाई गीत से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। हर तरफ द्द नंद घर गोपाल आयो, जय कन्हैया लाल की, आदि जयघोष लगाए गए। मंचन की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को शुरू से अंत तक पंडाल में रोके रखा। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के संरक्षक जितेंद्र सिंह, रामप्रसाद यादव, कृष्ण मुरारी गुप्ता अध्यक्ष सचिन गुप्ता, महामंत्री धीरज जलान, कोषाध्यक्ष बचाऊ पांडे, राकेश गुप्ता, पवन जैन, धर्मेश सिंह, खरवार धीरज जालान, मनोज सिंह, विजयकांत मिश्रा, संजू केसरी, राजकुमार अग्रवाल, आशीष केसरी, मखनचू हर्ष केसरी, सत्येंद्र पांडे, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी,टोनी पांडे,दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, विजय कानोडिया, ओमप्रकाश पाठक एडवोकेट, संदीप चैरसिया, संदीप पांडेय, डॉ. चंद्रभूषण पांडेय, वीरेन्द्र शर्मा, मिठाईलाल सोनी, रामबाबू, विनोद केशरी, बिन्दु पांडेय, अमीश पांडेय,डॉ. अनिल पांडे समेत तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय ग्रामीण खेल सम्मेलन का शुभारंभ

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद में नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 16 से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित 02 दिवसीय ग्रामीण खेल सम्मेलन का भव्य शुभारंभ 16 फरवरी 2026 को सोनशक्ति स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संजय असाटी, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) द्वारा किया गया।इस ग्रामीण खेल सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बच्चों के बीच खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा उनमें आपसी सौहार्द, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना है।

संक्षेप

## बरसानाः लठामार होली की प्रथम चैपाई निकली

मथुरा। लठामार होली से पहले रविवार शाम को रंगीली गली अबीर-गुलाल से सराबोर नजर आई। पद गायन के साथ लठामार होली की प्रथम चैपाई निकाली गई। इस दौरान अबीर गुलाल में सराबोर गोस्वामी समाज के लोग मदमस्त होकर नाचते गाते लाडली जी मन्दिर से रंगीली गली स्थित रंगीश्वर महादेव मंदिर तक आए। राधारानी की धराधाम बरसाना में बसंत पंचमी से होली महोत्सव की धूम मची है।

रविवार की देर शाम गोस्वामी समाज के मुखिया रामभरोसी गोस्वामी के नेतृत्व में ढप, मृदंग, चंग, उपंग, झांझ, झालरियों की धुनों पर नाचते गाते हुए संध्या आरती के बाद प्रथम चैपाई निकाली गई। इस मौके पर गोस्वामी समाज के मुखिया रामभरोसी गोस्वामी, किशोरी गोस्वामी, भोला गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, यज्ञ पुरुष गोस्वामी, लक्ष्मीकांत गोस्वामी, उमाशंकर गोस्वामी, बलराम गोस्वामी, चंदर गोस्वामी, रवि गोस्वामी, पंकज गोस्वामी मौजूद थे।

# बैठक में उद्यमी हितों पर फोकस

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बन्धु/व्यापार बन्धु एवं श्रम बन्धु की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के उद्यमियों एवं व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक

● संपर्क मार्ग व विद्युत सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश

विचार-विमर्श करते हुए त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मेसर्स विशाल ट्रेडिंग कम्पनी, मुसहर बस्ती, जंगल बेलवा, पडरौना, कुशीनगर के इकाई स्थल तक संपर्क मार्ग के पक्का निर्माण एवं चौड़ीकरण के प्रकरण पर अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य प्रारम्भ हो चुका है तथा शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जाएगा। इसी प्रकार मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, सठियांव, फाजिलनगर के इकाई स्थल तक संपर्क मार्ग निर्माण के संबंध में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत फाजिलनगर द्वारा बताया गया कि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर निर्धारित समय में पूर्ण किया जाएगा। मेसर्स बुद्धा वाटर पार्क एवं रिजॉर्ट, एनएच-28, भैसही, कुशीनगर के संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं मरम्मत के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने अवगत कराया कि सड़क चौड़ीकरण व मरम्मत कार्य स्वीकृत हो चुका है तथा शीघ्र ही कार्य पूर्ण कराया जाएगा। मिनी औद्योगिक आस्थान, सरगटिया करनपट्टी, दुदही में विद्युत आपूर्ति सुधार के संबंध में अपर जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, विद्युत, सेवरही को आगामी 10 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। बैठक में स्वरोजगारपरक योजनाओं—सीएम युवा, ओडीओपी एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना—की प्रगति की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष महोदय ने अग्रणी जिला



प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को लक्ष्य पूर्ति हेतु सकारात्मक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही बैंकवार लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा हेतु पृथक बैठक आयोजित करने को कहा गया। जीबीसी -5 के अंतर्गत विभिन्न विभागों को आवंटित लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए कृषि, आयुष, बेसिक शिक्षा, गन्ना, मत्स्य, खाद्य सुरक्षा, जिला आपूर्ति, पर्यटन, राज्य कर, राजस्व, तकनीकी शिक्षा, नगर विकास एवं सहकारिता विभाग आदि को विशेष प्रयास करते हुए निर्धारित 1200 करोड़ रुपये के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि समय-सीमा से पूर्व स्वीकृतियाँ जारी करते हुए आवेदनों का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिला श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि विभागीय योजनाओं में पंजीकरण कर श्रमिक विभिन्न लाभ प्राप्त कर सकते हैं। व्यापार बन्धु की बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा व्यापारियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। बैठक में सहायक उपायुक्त उद्योग आलोक कुमार गुप्ता, उपायुक्त राज्यकर, अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष आदि उपस्थित रहे।

## हजरत बुद्ध शाह बाबा का 144वां सालाना उर्स मनाया

मथुरा। डींग गेट स्थित मटिया गेट चरखा वाला मैदान में हजरत बुद्धशाह बाबा का 144वां सालाना उर्स हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दरगाह को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया और चादर पोशी नियाज फातिहा पढ़कर अमन चैन और परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी। देर रात कव्वालियों का आयोजन किया गया जिसमे मशहूर कव्वाल इमरान साबरी और शहनाज बानो ने अपनी कव्वाली प्रस्तुत कर एक से बढ़कर एक कलाम पढ़ महफिल में शमा बांध दिया और समाज के लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस दौरान मोहम्मद दिलशाद ने बताया बुजुर्गों के दर से कभी कोई खाली नहीं जाता यहाँ पर सबकी मुरादें पूरी होती है और बुद्ध शाह बाबा की दरगाह पर हजारों जायरीनो ने अपनी हाजरी देकर अमन चैन और अपने परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

## 15 दिवसीय संस्कृत संगीत कार्यशाला का शुभारंभ



**कुशीनगर।** राहुल शिशु शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 15 दिवसीय संस्कृत संगीत कार्यशाला का आज भव्य शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम के सहयोग से मीरा सुरेश सेवा न्यास द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत एवं संगीत के प्रति रुचि विकसित करना है। मुख्य अतिथि सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर प्रताप राव ने कहा कि संस्कृत संगीत भारतीय सांस्कृतिक विरासत का आधार है, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित मिश्रा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीष गुप्ता एवं डॉ. अमरीश विश्वकर्मा अमित मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अमित मिश्रा सहित 32 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। प्रशिक्षक जनार्दन एवं सुनील मिश्रा अतुल भारती भी उपस्थित रहे संस्था के अध्यक्ष मुन्ना मद्धेशिया ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। वहीं चीफ ट्रस्टी राजू मद्धेशिया ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को संस्कृत संगीत का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। उद्घाटन के साथ ही कार्यशाला का नियमित संचालन प्रारंभ हो गया।

# भटनी के लाल ने अमेरिका में लहराया अपने प्रतिभा का परचम

जिला संवाददाता

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के ग्राम रामपुर खुरहुरिया निवासी योगेन्द्रसिंह के सुपुत्र आदित्य सिंह ने अपने प्रतिभा का परचम अमेरिका में लहराया बना

● आदित्य की सफलता उध युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा
● एम एस इन डाटा विज्ञान में हुआ चयन

अमेरिका के कोलंबिया युनिवर्सिटी में एम एस विज्ञान इन डेटा विज्ञान के पद हुआ चयन ।आदित्य अपने प्रतिभा से गांव ही नहीं बल्कि जिला प्रदेश एवं देश का सम्मान बढाया है ।

आदित्य की शिक्षा अमेरिका केरटगर्स युनिवर्सिटी से कम्प्यूटर विज्ञान व डेटा विज्ञान विषयों में डबल मेजर के साथ अपनी स्नातक की डिग्री पुरी की शैक्षणिक यात्रा की सबसे बडी उपलब्धि प्रत्येक सेमेस्टर में अपना नाम डीन्स सूची में अपना नाम दर्ज कराया है ।उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा विशेष सम्मान और विश्वविद्यालय की सर्वोच्च उपाधि सुमा कम लाँड की उपाधि प्रदान की गयी है । शानदार सफलता पर ही कोलम्बिया युनिवर्सिटी अमेरिका द्वारा एम एस इन डेटा प्रवेश सूची कर असाधारण रिकार्ड के कारण चयन किया है ।आदित्य सिंह के इस उपलब्धि पर खुशी का माहौल है ।इनके पिता योगेन्द सिंह स्वयं साफ्टवेयर कम्पनी में इंटरप्राइज आर्किटेक्ट के पद पर कार्यरत है ।

इसकी सफलता को लेकर कहते है कि परिश्रम और निष्ठा से किये कार्य के कारण ही आदित्य इस मुकाम पर पहुंचा है ।

ग्रामीणों का कहना है कि आदित्य की सफलता उध युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत के बल पर वैश्रिवक स्तर पर अपनी पहचान बनाना चाहते हैं ।

# एसपी ने आरक्षियों को दिये आवश्यक निर्देश



**बहराइच** । पुलिस लाइन, बहराइच में प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों के साथ एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन/नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण अवधि उनके पुलिस जीवन की आधारशिला है। इस अवधि में प्राप्त ज्ञान, कौशल एवं अनुशासन ही भविष्य में उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता एवं जनसेवा की गुणवत्ता निर्धारित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षु पूर्ण समर्पण, निष्ठा एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा निर्धारित दिनचर्या का अक्षरशः पालन करें। महोदय द्वारा परेड, शारीरिक दक्षता, शस्त्र प्रशिक्षण, दंगा नियंत्रण अभ्यास, आपदा प्रबंधन, साइबर अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी प्रावधानों, मानवाधिकारों तथा प्रचलित विधि-विधान की गहन जानकारी प्राप्त करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में तकनीकी दक्षता एवं व्यवहारिक कौशल अत्यंत आवश्यक हैं, अतः सभी प्रशिक्षु आधुनिक पुलिसिंग की अवधारणाओं को आत्मसात करें। इसके अतिरिक्त बैठक में प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया।

संबंधित विषयों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि प्रशिक्षण प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं निर्बाध रूप से संचालित हो सके। महोदय ने अनुशासन, समयपालन, वर्दी की मयार्दा, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का अनुपालन तथा आमजन के प्रति शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। आगामी लिखित एवं शारीरिक परीक्षाओं तथा मूल्यांकन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुएं को उत्कृकी भावना से

## 2.29 लाख बच्चों को लगेगा एमआर का टीका : सीएमओ

**देवरिया।** मीजल्स-रूबेला (एमआर) के प्रति बच्चों को सुरक्षा कवच देने के लिए सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता व बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने सोमवार को नगर के न्यू कॉलोनी स्थित गुरु गोविन्द सिंह प्राथमिक विद्यालय से फीता काटकर टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। कक्षा एक से पांच तक के बच्चों का टीकाकरण कर बच्चों को बीमारियों से सुरक्षित किया गया ।इस दौरान सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि 27 फरवरी तक चलने वाले अभियान में जिले के 3039 स्कूलों और मदरसों के पांच से दस वर्ष आयुवर्ग के 2.29 लाख बच्चों को टीका लगेगा ।सीएमओ ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए कार्ययोजना तैयार है। स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित होंगे। एएनएम को प्रतिदिन सौ से 125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया है। अभिभावकों से अपील है कि वे बच्चों को एमआर वैक्सीन जरूर लगवाएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. डॉ एसके सिन्हा ने कहा कि टीकाकरण टीमें स्कूलों में पहुंचने से एक दिन पहले सूचना देंगी। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी बच्चे को खाली पेट टीका न लगाया जाए, बच्चों को मिड-डे मील या लंच के बाद ही वैक्सीन दी जाएगी ।उन्होंने कहा कि एमआर टीकाकरण से न केवल बच्चों को सुरक्षित किया जा सकता है, बल्कि समाज को भी इन रोगों से मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन और समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वह इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि जिले को खसरा-रूबेला मुक्त बनाया जा सके। खसरा के लक्षणों में तेज बुखार, खांसी, बहती नाक, आंखों का लाल होना और चेहरे व शरीर पर चकत्ते शामिल हैं। अभियान की दैनिक रिपोर्टिंग यूविन पोर्टल से होगी।

कार्यक्रम में अरबन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, एआरओ राकेश चंद, डीएमएचसी विश्वनाथ मल्ल, लालबचन चौधरी सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ, जेएसआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाल , लोगों को किया जागरूक

*भटनी , देवरिया।* रामलाल त्रिपाठी महाविद्यालय पिपरा शुक्ल मे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवको ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया ।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डां जितेन्द्र नाथ पांडेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया स्वयं सेवक कालेज परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकाले रैली ,पिपरा शुक्ल ,विशुनपुरा ,संतोष नगर ,अमवा ,बैकुन्ठपुर बाजार आदि मे डोर टू डोर पहुंचकर लोगो को मतदाताओ को उनके जिम्मेदारी के बारे मे बताया तथा जिनका नाम मतदाता सूचि मे नही है उन्हे फार्म भरकर जुड़वाने की अपिल की तथा मतदान मे अधिक से अधिक भागिदारी करने के लिए प्रेरित किया ।फिर से रैली महाविद्यालय पहुंची ।जहा मतदाता जागरूकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया ।गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य डां जितेन्द्र नाथ पांडेय ने कहाकि लोगो को अपने अधिकारो के बारे मे जानना चाहिए ।विशिष्ठ अतिथि डां ब्रजेश यादव कार्यक्रम अधिकारी डां राजेश वर्मा ने इस बारे प्रकाश डाला इस दौरान अरविन्द कुमार पांडेय ,बृजेश यादव ,विनोद तिवारी ,ओमप्रकाश यादव ,श्यामसुन्दर ? यादव गुन्जन उपाध्याय ,विवेक तिवारी आदि मौजूद रहे

# चीनी मिल ने दिया गन्ना किसानों को प्रक्षिक्षण

जिला संवाददाता




कुशीनगर। चीनी मिल के गन्ना ज्ञान केन्द्र में एक कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कृषकों को गन्ना प्रजाति की पहचान, बुवाई का तरीका, कीट एवं बीमारी तथा उनका नियंत्रण आदि के सम्बंध में गन्ना शोध संस्थान सेवरही से आये वैज्ञानिकों द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

डा0 विनय मिश्रा, गन्ना कीट विशेषज्ञ द्वारा गन्ने में लगने वाले कीटों तथा उनका नियंत्रण कैसे करें, इसके सम्बंध में विस्तार से बताया गया। डा0 जेपी भारती द्वारा गन्ने में लगने वाले रोग एवं ब्याधियों की पहचान तथा उसके नियंत्रण के सम्बंध में उपस्थित कृषकों को जानकारी दी गयी। डा0 केपी सिंह, पादप प्रजनन विशेषज्ञ द्वारा गन्ना प्रजातियों की पहचान के सम्बंध में कृषकों को जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि किन गन्ना प्रजातियों की पहचान कैसे करें। उपस्थित कृषकों को सम्बोधित करते हुये चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष आरके गुप्ता द्वारा चीनी मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाते हुये अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई की अनुरोध किया। अधिशाषी उपाध्यक्ष (गन्ना) रविन्द्र सिंह जी द्वारा कृषकों को बताया कि हमारी चीनी मिल द्वारा 03 फरवरी तक खरीदे गये गन्ना मूल्य का भुगतान कृषकों के खाते में कर दिया गया है तथा साथ ही साथ यह भी बताया गया कि प्रदेश में कुछ ही चीनी मिलें होंगी जिसका भुगतान त्वरीत गति से हो रहा है साथ ही साथ गन्ना बुवाई पर चीनी मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं को भी बताया गया।

इस अवसर जिला गन्ना अधिकारी श्री हुदा सिद्दीकी, सचिव, सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 हरीमोहन यादव तथा ज्ये0 गन्ना विकास निरीक्षक अशोक वर्मा, मनोज विश्नोई, सहायक उपाध्यक्ष (गन्ना), डीडीसिंह, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## दो हत्यारोपित गिरफ्तार



**मथुरा।** थाना राया पुलिस ने एक किशोर की हत्या के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान राजवीर (48) पुत्र पलाराम और विष्णु (22) पुत्र सत्यवीर के रूप में हुई है। दोनों नगला चिकन गांव के निवासी हैं। उन्हें 16 फरवरी 2026 की सुबह उनके घर से पकड़ा गया।

यह मामला 15 फरवरी 2026, रविवार को नगला चिकिन में हुई एक मारपीट की घटना से जुड़ा है। आपसी रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हुए हमले में युवक रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी बाद में मौत हो गई। मृतक के परिजनों की तहरीर पर थाना राया में मुकदमा संख्या 48/2026 धारा 191(2)/115(2)/103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में कुल आठ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त राजवीर ने बताया कि मृतक रोहित के परिवार से उनकी पुरानी दुश्मनी थी। पूर्व में राजवीर की बेटी को भगाने के मामले में एक युवक के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। मृतक के परिजन उस आरोपी का समर्थन कर रहे थे, जिसके कारण यह रंजिश बढ़ गई। इसी पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया गया है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को दिया पत्रक

**बरहज, देवरिया।** समाजवादी पार्टी बरहज के पूर्व प्रत्याशी प्रभारी मुरली मनोहर जायसवाल के नेतृत्व में जनहित के मामलों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप गया। सार्थक हस्तक्षेप की माँग की गई ।ज्ञापन में मोहन सिंह सेतु का निर्माण कार्य एक दशक से चल रहा है जो अभी तक अधूरा है। शीघ्र पूरा कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित हो। सोनुघाट-बरहज मार्ग बरहज तहसील को जनपद मुख्यालय से जोड़ने वाला एक बड़ी आबादी के आवागमन का मुख्य मार्ग है ।अत्यंत जर्जर हो चुका है जनहित में उक्त सड़क का निर्माण की मांग ।अप्रैल के महीने में किसानों के रबी की फसल को आगजनी से बचाव के लिए बरहज तहसील में फायर सर्विस स्टेशन की स्थापना। एसआईआर के पश्चात लोगों को बड़े पैमाने पर नोटिस मिली है। नोटिस की समय -सीमा के भीतर निस्तारण हेतु निस्तारण काउन्टर की संख्या का बढ़ाया जाना जनहित में आवश्यक है ।वर्षों से देवरहवा बाबा ,बाबा राघव दास की तप व साधना स्थली बरहज में बस स्टैंड के निर्माण सुनिश्चित हो। बरहज में मंडी की स्थापना ।जिलाधिकारी ने अपने स्तर के मामले को शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## एनएसएस के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ, ग निकली जागरूकता रैली

भटनी (देवरिया) ।स्थानीय नगर स्थित बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के संस्थापक/प्रबंधक कैप्टन जयराम यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया ।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने एनएसएस के आदर्श वाक्य – ‌मुझे नहीं, आपके लिए‌ – पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य सेवा के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना है।

इससे छात्रों में चरित्र निर्माण, अनुशासन तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है ।कार्यक्रम के दौरान तृप्ति ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि बबली विश्वकर्मा एवं प्रिया यादव ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया ।द्वितीय चरण में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली महाविद्यालय परिसर से रामपुर खुरहुरिया गांव के लिए प्रस्थान की तथा प्राथमिक विद्यालय रामपुर खुरहुरिया में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार गोंड ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन का पहला कदम है और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. त्रिपुरेश कुमार कुशवाहा ने किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद अंजर अंसारी, श्रीमती कंचन शर्मा, रतन गुप्ता, विनय यादव, देवेंद्र यादव, सत्येन्द्र कुशवाहा, अंबुज विश्वकर्मा, बृजेश मिश्रा, नीतू यादव, स्वणार्रानी, वंशिका नागरथ तथा अनीता गुप्ता सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा भंग

## निजी वाहन से पेपर ले जाने का खुलासा,वीडियो में कैद पेपर मूवमेंट, बिना पुलिस अभिरक्षा कैसे निकले प्रश्नपत्र

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की शुरूआत से ठीक पहले ही उसकी गोपनीयता व पवित्रता पर सवालों का साया पड़ गया है। जिस प्रश्नपत्र को पुलिस अभिरक्षा में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जाना चाहिए था, वह निजी वाहनों से ढोया जा रहा था। यह दृश्य‌सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा‌

● रिजर्व पेपर कांड के बाद अब परिवहन सवाल: क्या नहीं सुधरा परीक्षा तंत्र

के सरकारी दावों की बुनियाद हिला दी है। मजे की बात यह है कि नियम और परीक्षा प्रोटोकॉल को ताक पर रखकर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था के नाम पर परीक्षा की गोपनीयता की धज्जियाँ उडाते दिखे। सवाल यह है कि यह लापरवाही है या जिम्मेदारो का सुनियोजित खेल ?बेशक ! क्या बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता ‌जिम्मेदारों की मर्जी‌ पर टिकी है? बोर्ड परीक्षा के प्रति जिम्मेदारो की सार्वजनिक हुई यह गैरजिम्मेदाराना कारस्तानी यह संकेत दे रहा है कि निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल को दरकिनार कर प्रश्नपत्रों को पुलिस सुरक्षा के बिना निजी गाड़ियों से भेजा गया जिसका वीडियो साक्ष्य के तौर पर मौजूद हैं, जो परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार है ।इधर अफसरशाही की खामोशी पूरे मामले को गंभीर बना दिया है।

### क्या कहते है बोर्ड के नियम

कहना ना होगा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाओं के संचालन नियमावली में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। गाइडलाइन पर गौर करे तो प्रश्नपत्रो सुरक्षित कोठार के स्ट्रांग रूम में सीलबंद रखने का नियम है। वितरण के समय अधिकृत अधिकारी की अनिवार्य रुप से उपस्थिति में प्रश्नपत्रों का परिवहन पुलिस अभिरक्षा में करने का प्राविधान है। इसके अलावा विभाग द्वारा अधिकृत वाहन अथवा बस मे प्रश्नपत्रो को सुरक्षित रखकर पुलिस अभिरक्षा में केन्द्र तक प्रश्नपत्रो को सकुशल व सुरक्षित भेजवाने का नियम है जिसका विधिवत अभिलेखीकरण व वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य है। इन प्रावधानों का उद्देश्य स्पष्ट है कि गोपनीयता अक्षुण्ण रहे और परीक्षा की निष्पक्षता पर कोई आंच न आए। उद्देश्य यह भी है कि किसी भी प्रकार की पेपर लीक, छेड़छाड़, अथवा अनधिकृत हस्तक्षेप की आशंका न हो।

### सवाल-पे-सवाल

गौरतलब है कि बोर्ड परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों को बिना पुलिस सुरक्षा के निजी वाहनों में चालक और संबंधित प्रधानाचार्य के भरोसे केंद्रों तक रवाना किया गया है। ऐसे मे यह न केवल बोर्ड परीक्षा नियमों की खुली अवहेलना है बल्कि परीक्षा की गोपनीयता को जोखिम में डालने जैसा कृत्य भी है। अब सवाल यह है कि क्या प्रश्नपत्रो के परिवहन से पूर्व पुलिस विभाग को सूचना दी गई थी? क्या अधिकृत वाहनों को सूचीबद्ध कर रूट प्लान स्वीकृत किया गया था?

क्या वितरण रजिस्टर और सुरक्षा अभिलेख पूर्ण हैं? यदि इन प्रश्नों के उत्तर नकारात्मक हैं, तो यह सीधे तौर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त व परीक्षा लिपिक सुभाष प्रसाद यादव की घोर लापरवाही को दशार्ता है।

### डीआईओएस कार्यालय की मनबढ़ई

जिले में चर्चा-ए-सरेआम है कि नियम विरुद्ध यह कृत्य जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त व परीक्षा लिपिक सुभाष प्रसाद यादव की जानकारी और निगरानी में हुआ। यदि ऐसा है, तो यह साधारण चूक नहीं, बल्कि मनबढई का जीता-जागता उदाहरण है जो उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के विरुद्ध है। सबब यह है कि परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी जिन कंधों पर है, वही नियमों को ठोकर पर रख रहे हैं। जानकारों का कहना है कि बोर्ड की सख्त गाइडलाइन के बावजूद अगर निजी वाहनों से प्रश्नपत्र भेजा गया है ,वह भी बिना पुलिस अभिरक्षा के, तो व्यवस्था की गंभीर चूक को दशार्ता है। मजे की बात यह है कि जिला विद्यालय निरीक्षक व परीक्षा लिपिक द्वारा बिना सुरक्षा व्यवस्था के निजी वाहनो से बेपरवाह तरीके से भेजे जा रहे प्रश्न पत्रों को मीडिया ने साक्ष्य के तौर पर कैमरे मे कैद कर लिया है। जब डीआईओएस और परीक्षा लिपिक ने इस मामले मे अपनी चुप्पी नही तोडी तो मीडिया ने प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को इसकी जानकारी दी।

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या प्रभारी जिलाधिकारी तथ्यात्मक जांच कर जिम्मेदारी तय करती है या फिर मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा। जानकारों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी संवेदनशील प्रक्रिया है। इसकी पवित्रता पर जरा-सी भी आंच पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है।

### परिवहन बजट हड़पने की साजिश

हाईस्कूल एंव इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले जिले में उठे सवाल सिर्फ लापरवाही तक सीमित नहीं रहे। चर्चा जोरो पर है कि प्रश्नपत्रों को पुलिस अभिरक्षा और अधिकृत बस के बजाय निजी वाहनों से भेजे जाने के पीछे परिवहन बजट हड़पने की योजना है। यदि यह सही है, तो मामला प्रशासनिक चूक के साथ साथ वित्तीय अनियमितता का मामला भी है।

### पिछली परीक्षा का साया

कहना ना होगा कि जनपद में यह पहला अवसर नहीं है जब परीक्षा संचालन पर सवाल उठे है। पिछले वर्ष विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के कार्यकाल में ही बोर्ड परीक्षा के दौरान गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया था। उस समय अशोक विद्यापीठ इंटर कॉलेज में नियमित प्रश्नपत्र के स्थान पर रिजर्व पेपर से परीक्षा कराए जाने का मामला सुर्खियों में रहा। उस घटना ने परीक्षा प्रबंधन की सतर्कता और निगरानी व्यवस्था पर गहरे सवाल खड़े किए थे ।अब जब फिर प्रश्नपत्रों के परिवहन में अनियमितता का आरोप सामने आया है, तो स्वाभाविक रूप से पिछली घटना की याद ताजा हो गई है। सवाल यह है कि क्या जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने पिछले अनुभवों से कोई सबक लिया या नहीं?

संक्षेप

## फंदे से लटकी मिली महिला

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव सत्यनारायण दास खेड़ा मजरे सुल्तानपुर निवासी गोपी की 28 वर्षीय पत्नी पूनम अपने दोनों बेटों के साथ रविवार रात खाना खाकर अपने कमरे में लेट गई थी। जबकि पति गोपी बाहर लेटा था। सोमवार सुबह गोपी कमरे में पहुंचा तो पत्नी को फंदे से लटका देख दंग रह गया। गोपी की सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पति गोपी ने बताया कि पूनम को किसी बात की कोई तकलीफ नहीं थी। उसने यह कदम क्यों उठा लिया। इसकी जानकारी नहीं है। वही ग्रामीणों में चर्चा है कि पति पत्नी में किसी बात को लेकर कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद यह कदम उठा लिया। पूनम की मौत से बेटे प्रिंस, ऋषभ बेहाल रहे। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम को किसान मजदूर ने सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। लहरपुर तहसील में सोमवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकताओं ने उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। पहला ज्ञापन प्रधानमंत्री को संबोधित था, जिसमें भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से कृषि और दुग्ध उत्पादों को बाहर रखने की मांग की गई। दूसरा ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम था, जिसमें गरीब एवं भूमिहीन महिलाओं को कृषि योग्य भूमि और आवासीय पट्टे आवंटित करने की मांग उठाई गई। युवा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने लहरपुर गेट से पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में ग्राम रुढा भवनाथपुर, दारानगर, खानपुर सादात, गोरिया प्रहलादपुर, उदनापुर कलां समेत अन्य क्षेत्रों की जरूरतमंद महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर बंजर व अनुपयोगी भूमि के पट्टे देने की मांग की गई। संगठन ने पात्र महिलाओं की सूची तैयार कर पारदर्शी प्रक्रिया से भूमि आवंटन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान राजकुमार वर्मा, मोहम्मद अलीम, अफसाना, कुसुम देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## प्रतिबंधित पीपल की लकड़ी से लदा ट्राला जब्त

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में प्रतिबंधित पीपल की लकड़ी से लदा एक ट्राला प्रशासन ने जब्त कर लिया। कार्रवाई रविवार देर रात तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाए गए जांच अभियान के दौरान की गई। ग्राम किशनपुर में सड़क किनारे संदिग्ध हालत में खड़े ट्राले की जांच करने पर उसमें प्रतिबंधित प्रजाति की पीपल की गोल लकड़ी भरी मिली। मौके पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। तहसीलदार ने ट्राले को तत्काल पुलिस और वन विभाग की अभिरक्षा में सौंप दिया। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह बीट अधिकारी राम बख्श सिंह व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ट्राले को कब्जे में लेकर वन कार्यालय भिजवाया। अधिकारियों के अनुसार ट्राले में लगभग 100 क्विंटल पीपल की लकड़ी लदी थी। मामले में भारतीय वन अधिनियम की धारा 69 के तहत अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है।

# चौराहे पर चला बुलडोजर, 150 मीटर तक हटाया अतिक्रमण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र के डी.जे. चौराहे पर सोमवार शाम प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अवैध पटरी दुकानों को हटाया। यह अभियान व्यस्त डी.जे. चौराहे पर चलाया गया, जहां सरकारी जमीन पर वर्षों से दुकानें संचालित हो रही थीं। कार्रवाई के दौरान चैराहे से करीब 150 मीटर तक का क्षेत्र खाली कराया गया।

प्रशासन के अनुसार उक्त दुकानें सरकारी भूमि पर बनी थीं और लंबे समय से अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई थी। अभियान के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। बुलडोजर चलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। खैराबाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जमीन खाली कराकर यहां सौंदर्यकरण कराया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुधरेगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। तहसीलदार अतुल सेन सिंह ने बताया कि करीब एक माह पूर्व दुकानदारों को नोटिस देकर 150 मीटर क्षेत्र खाली करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन समय सीमा में अतिक्रमण न हटाने पर यह कार्रवाई करनी पड़ी। वहीं, पटरी दुकानदारों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वे 20-25 वर्षों से यहां रोजगार कर रहे थे और अचानक हटाए जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## स्वच्छता अभियान की जमीनी हकीकत उजागर, थाने के सामने बजबजाता नाला

सीतापुर। विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत संदना कस्बे में स्वच्छता अभियान की पोल उस समय खुल जाती है। जब थाने के ठीक सामने बने नाले पर नजर पड़ती है। लंबे समय से नाले में कचरा, पॉलीथिन, गंदा पानी और अन्य अपशिष्ट जमा हैं, जिससे जलनिकासी पूरी तरह ठप हो चुकी है। नाले से उठती दुर्गंध के कारण दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल है। सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है। गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन संदना में हालात इन दावों को चुनौती दे रहे हैं। सवाल यह उठता है कि जब थाने जैसे संवेदनशील स्थान के सामने गंदगी का अंबार लगा हो, तो अन्य स्थानों की




स्थिति कैसी होगी? हैरानी की बात यह है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं, बावजूद इसके नाले की सफाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सफाई नहीं कराई गई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने कहा है कि मामले की जांच कर शीघ्र सफाई कराई जाएगी। अब देखना यह है कि कार्रवाई होती है या फिर मामला कागजों तक ही सीमित रह जाता है।

## जब विदेश से सस्ता अनाज आयेगा तो हमारे किसान की उपज कौन खरीदेगा: टिकैत

सीतापुर। किसान नेता एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सोमवार को सीतापुर पहुंचे, जहां उन्होंने किसान हुंकार महापंचायत को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट कहा भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौता सीधे तौर पर किसानों के खिलाफ है। यदि विदेशी कृषि उत्पादों का आयात बढ़ाया गया और उन पर पर्याप्त इंपोर्ट ड्यूटी नहीं लगाई गई, तो भारतीय किसान बाजार में टिक नहीं पाएगा। टिकैत ने कहा पहले खाद्यान्न पर 300 प्रतिशत तक ड्यूटी लगती थी, जिससे किसानों को संरक्षण मिलता था। अब उस सुरक्षा कवच को



कमजोर किया जा रहा है। जब विदेश से सस्ता अनाज आएगा तो हमारे किसान की उपज कौन खरीदेगा? उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी नीतियों से छोटे दुकानदार और स्थानीय व्यापारी भी प्रभावित होंगे। किसान अपनी जमीन बेचने को मजबूर होंगे और बड़े उद्योगपति खेती और व्यापार दोनों पर कब्जा कर लेंगे उन्होंने कहा। मीडिया से बातचीत में टिकैत ने एक चर्चित फाइल प्रकरण पर निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कहा, सच्चाई सामने आनी चाहिए, चाहे मामला किसी से भी जुड़ा हो। सभा के दौरान अपेक्षा से कम भीड़ को लेकर उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को नसीहत दी कि किसान आंदोलन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव सक्रिय रहना जरूरी है। महापंचायत में मौजूद किसानों ने उनके विचारों का समर्थन करते हुए कृषि हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। महापंचायत में कई कुर्सियां खाली देखकर टिकैत ने तीखे अंदाज में अपनी असंतुष्टि जाहिर की। उन्होंने मंच से उतरकर सभी किसानों के बीच जाकर बैठना उचित समझा। उनका यह कदम आयोजकों के लिए स्पष्ट संदेश माना गया कि किसान आंदोलन जमीन से जुड़कर ही मजबूत होगा। सभा में यह दृश्य चर्चा का विषय बना रहा।

## 22 वें रामलीला उत्सव की तैयारी बैठक



फतेहपुर । भारत हिंदू महासभा तथा हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से 22वां वार्षिक उत्सव, विशाल धनुष यज्ञ आयोजन एवं दो दिवसीय रामलीला के आयोजन हेतु कार्यकताओं को जिम्मेदारी बांटी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष तथा हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी मनोज त्रिवेदी ने कहा कि जनपद की ऐतिहासिक रामलीला के सफल आयोजन हेतु सभी कार्यकताओं को तन-मन-धन से जुटकर प्रचार-प्रसार करके धर्म की ध्वजा को फहराना है। उन्होंने कहा कि श्रीराम की भूमिका में राम दत्त (बांदा-अतर्रा), लक्ष्मण की भूमिका में आनंद अवस्थी (कानपुर), परशुराम की भूमिका में राम बाबू द्विवेदी मयंक (बिल्हौर-कानपुर व्यास पीठ पर विनय तिवारी कानपुर, सुशील सिंह चित्रकूट वक कमलाकांत त्रिपाठी (दीनदयाल-कानपुर) आदि प्रमुख अभिनेता पधार रहे हैं।को गणेश वंदना, श्रीराम-हनुमान मिलन, श्रीराम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सीता खोज तथा लंका दहन होगा।

शनिवार को वरिष्ठ रामलीला अभिनेताओं व समाजसेवियों का सम्मान, संध्या वंदन, जनक दरबार, सीता विलाप, श्रीराम-जानकी विवाह, परशुराम-लक्ष्मण संवाद तथा राम विलाप का कार्यक्रम सुनिश्चित है।बैठक में रामगोपाल शुक्ला, स्वामी राम आसरे आर्य, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, करण सिंह पटेल, ब्रहेश उर्फ गोरे तिवारी, शिवाकांत तिवारी, संतोष नेता, मूलचंद गुप्ता, दीपक यादव, प्रांजुल मणि, संगीता गुप्ता, नीलम यादव, सुधा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पंचमुखी महादेव मंदिर में वार्षिक मेला धूमधाम से संपन्न

फतेहपुर । ऐरायां ब्लॉक स्थित इजूरा खुर्द गांव के श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर चौथा वार्षिक मेला भव्य रूप से आयोजित हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र ₹हर-हर महादेव₹ के नारों से गुंजायमान हो गया। मंदिर का इतिहासमंदिर की नींव को पड़ी, जब गांव के एक खेत से भगवान शिव की पंचमुखी प्रतिमा प्रकट हुई। इसके बाद इस स्थान को शिवधाम के रूप में विकसित किया गया और मंदिर का निर्माण हुआ। पंचमुखी महादेव शिव के पांच रूपों अघोरा, ईशान, तत्पुरुष, वामदेव और रुद्र का प्रतीक है। मुख्य आयोजन और अतिथिमेले की अध्यक्षता मेला कमेटी अध्यक्ष एवं पत्रकार ठाकुर दिव्यांश प्रताप सिंह ने की।

मुख्य अतिथि साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के लीगल सेल चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान थे, जिन्होंने भगवान शिव को ₹सत्यम, शिवम, सुंदरम₹ का प्रतीक बताया। अन्य अतिथियों में शीबू खान, शहंशाह आब्दी, जरेर्याब खान और त्रिभुवन सिंह शामिल रहे।संबोधन और संदेशजावेद खान ने शिव भक्ति को सत्य, करुणा और सामाजिक एकता का मार्ग बताया। शीबू खान ने महाशिवरात्रि को आत्मचिंतन का पर्व कहा, जबकि जरेर्याब खान ने शेरो-शायरी से गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दिया। ठाकुर दिव्यांश ने मेले को आस्था, संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक बताया।सम्मान समारोहजनपद भर के पत्रकारों को फूलमाला और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। जावेद खान को माला, शॉल और प्रतीक चिन्ह मिला, शीबू खान को शील्ड दी गई। शिवशरण बंधु, इसरार अहमद मुमताज, पारुल सिंह, सैय्यद शारिब कमर अजमी, धीर सिंह यादव, मेराज अहमद, करम मोहम्मद, पंकज सक्सेना, राजेश कुमार यादव, रमेश, प्रदीप कुमार, गुलाब सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नाजिया शेख, विमलेश मौर्या, अभय पांडेय, तस्लीम, महेश चौधरी, अजय भारती, संदीप कुमार निर्मल, मुहाफिज आब्दी, रामू यादव, उग्रसेन सिंह और मनोज कुमार सहित कई अन्य को भी सम्मानित किया गया।अन्य आकर्षणदिनभर भंडारे चले और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

## ब्लड सैंपल देने को लाइन में लगे मरीजों में धक्का-मुक्की



उन्नाव। रविवार अवकाश के बाद सोमवार को जिला अस्पताल ओपीडी खुली तो मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले पर्चा बनवाने और उसके बाद डाक्टरों को दिखाने तथा ब्लड सैंपल देने के लिए मरीजों को घंटों लाइन लगानी पड़ी। बिना नंबर आगे जाने को लेकर कई बार लाइन में लगे रोगियों और तीमारदारों ने शोर-शराबा कर हंगामा किया। जिला अस्पताल में 735 मरीज बुखार, खांसी, और सांस की परेशानी के पहुंच रहें हैं। सोमवार को सुबह से ही डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ जुट गई। बुजुर्गो, बच्चों और पहले से सांस की बीमारी से जूझ रहे मरीजों की संख्या अधिक रही। कई मरीजों को को हालत गंभीर होने पर भर्ती भी किया गया है। फिजिशियन डॉ कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया मौसम परिवर्तन होने की वजह से लोग बीमार हो रहें हैं। पर्चा काउंटर से लेकर दवा वितरण कक्ष और पैथोलॉजी तक मरीजों की लंबी-लंबी कतारें रही इससे जांच कराने में लोगों को इंतजार करना पड़ा। सोमवार को 1958 मरीजों ने पंजीकरण कराकर डॉक्टरों को दिखाया।

## पत्रकारों ने पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर चर्चा की

उन्नाव। उत्तर प्रदेश के पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर अब प्रदेश भर में आवाज तेज हो रही है। पत्रकारों के हितों और सम्मान से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर लगातार संघर्ष किया जा रहा है। बजट सत्र से पत्रकारों को बड़ी उम्मीद थी कि सरकार पेंशन योजना की घोषणा करेगी, लेकिन ऐसा न होने से पत्रकार समाज में निराशा व्याप्त है। सरकार और संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक इस विषय पर स्पष्ट रुख न अपनाए जाने से असंतोष बढ़ता जा रहा है। पत्रकार संगठनों का कहना है कि अब समय आ गया है कि पूरे प्रदेश के पत्रकार साथी खुलकर अपना समर्थन दें और स्पष्ट करें कि वे पेंशन योजना चाहते हैं या नहीं। यह केवल आर्थिक सहायता का विषय नहीं, बल्कि पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है। पत्रकार समाज का मानना है कि जीवनभर लोकतंत्र की सेवा करने वाले पत्रकारों को वृद्धावस्था में सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिलना चाहिए। गौरतलब है कि पड़ोसी राज्य बिहार और उत्तराखंड सहित देश के लगभग 10 राज्यों में पत्रकार पेंशन योजना लागू है, जहां वरिष्ठ पत्रकारों को इसका लाभ मिल रहा है। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश में अब तक ऐसी कोई ठोस व्यवस्था लागू नहीं की गई है। पत्रकार संगठनों ने सवाल उठाया है। कि उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ पत्रकार साथियों को पेंशन योजना से वंचित क्यों रखा जा रहा है? सरकार और अधिकारियों को इस पर जवाब देना चाहिए। इस जनहितकारी मुहिम को जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक/ प्रदेश अध्यक्ष हरिओम गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। संगठन ने सभी जिलों एवं राज्य मुख्यालय के पत्रकार साथियों से एकजुट होकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। पत्रकार समाज का मानना है कि यदि सभी पत्रकार साथी एक स्वर में अपनी मांग रखेंगे, तो सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह लड़ाई केवल पेंशन की नहीं, बल्कि पत्रकारों के सम्मान और अधिकार की है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में पलटी, बड़ा हादसा टला

सीतापुर। संदना कस्बे के बरताल मोड़ पर पूर्णागिरी धर्म कांटे के पास सोमवार को गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। गोपालपुर भट्ठा निवासी रिंकू रामगढ़ चीनी मिल गन्ना लेकर जा रहे थे। हादसे के बाद मार्ग पर यातायात बाधित हो गया और स्कूली बच्चों व राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। ट्रॉली पलटने से गन्ना खाई में बिखर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने दूसरे ट्रैक्टर की मदद से ट्रॉली सीधी कर मार्ग सुचारु कराया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पीडब्ल्यूडी ने सड़क मरम्मत का आश्वासन दिया है।

## थानगांव चौराहे पर चार दुकानों में चोरी

सीतापुर। जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र स्थित थानगांव चैराहे के पास रविवार रात चोरों ने चार दुकानों को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने दो शराब की दुकानों, एक सीएससी सेंटर और एक किराने के खोखे से शराब की पेटियां, बोतलें व नगदी पार कर दी।चोरों ने वारदात को अंजाम देने के दौरान दोनों शराब की दुकानों और सीएससी सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की वायरिंग काट दी। इतना ही नहीं, वे डीवीआर मशीन भी अपने साथ ले गए ताकि चोरी से संबंधित फुटेज और साक्ष्य नष्ट किए जा सकें। सुबह आसपास के लोगों ने दुकान संचालकों महराजदीन यादव, कपिल, पंकज और सतेंद्र को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही दुकानदारों ने पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा खुलासे के लिए फोरेंसिक टीम की सहायता ली जाएगी।

## होम्योहाल का उद्घाटन किया

शुक्लागंज, उन्नाव। पश्चिमी चैकी क्षेत्र के चम्पापुरवा में शिव जानकी होम्यो हाल का शुभ उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 दिवाकर तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर क्लीनिक का उद्घाटन किया। क्लीनिक के संस्थापक डॉ0 सत्यवान सिंह चैहान ने विधि-विधान से पूजा-पाठ कर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्लानिक का संचालन प्रारंभ किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों तथा कई चिकित्सकों की उपस्थिति रही।

## पंचायतीराज में ही गांव का भविष्य: राधेश्याम

सीतापुर। मनरेगा बचाओ यात्रा के दूसरे दिन यात्रा हरगांव विधानसभा क्षेत्र के हरगांव और परसेंडी ब्लॉक के सेमरी, खेमादापुर, नवाबपुरवा, नेवादा, बेनियापुर, हाता, विशुनपुर और रामविलासपुरवा गांवों में पहुंची। यहां कार्यकताओं ने ग्रामीणों से संवाद कर मनरेगा और पंचायतीराज अधिकारों पर चर्चा की।

सेमरी हरगांव में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजीव गांधी पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राधेश्याम कनौजिया ने कहा, ह्लपंचायतीराज में ही गांव का भविष्य है। इस व्यवस्था ने गांव के मतदाताओं को विकास की चाबी दी है, लेकिन ब्लॉक के अफसरों और दलालों ने यह अधिकार छीन लिया है। यात्रा का उद्देश्य इस चाबी को फिर से गांव के लोगों को सौंपना है। यात्रा संयोजक एवं कांग्रेस




जिला उपाध्यक्ष (संगठन) शिवप्रकाश सिंह ने कहा ग्रामीण रोजगार की कुंजी है मनरेगा। इसे कमजोर कर गरीबों को पूंजीपतियों का गुलाम बनाने की साजिश रची जा रही है। हरगांव विधानसभा क्षेत्र के यात्रा प्रभारी एवं कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विष्णु गौतम ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में संविधान के राज की जगह लूट का राज चल रहा है। वहीं सुनीला रावत ने कहा कि संविधान बचाने की लड़ाई को तेज करना होगा। यात्रा में नगर पालिका खैराबाद के सभासद रिजवान, वीपेन्द्र भारती, सचिन कुमार, प्रहलाद और कन्हैयालाल कश्यप सहित अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया।

## राजेपुर में 25 पेड़ों की चोरी

सीतापुर। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजेपुर में चोरों ने एक किसान के खेत से प्रतिबंधित प्रजाति समेत कुल 25 पेड़ काटकर चोरी कर लिए। घटना मेवारामनगर पुलिस चैकी क्षेत्र की बताई जा रही है। पीड़ित किसान मनोज कुमार मिश्र के अनुसार उनके खेत में यूकेलिप्टिस, नीम, शीशम और गूलर सहित करीब 25 पेड़ खड़े थे। आरोप है कि 15 फरवरी, रविवार को अज्ञात समय पर चोरों ने सभी पेड़ों को काटकर गायब कर दिया। पीड़ित ने हरगांव थाने में धीरू यादव पुत्र शत्रोहन एवं गंगाराम पासी पुत्र लक्ष्मन प्रसाद, निवासी हिलालपुर जरथुवा के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में मेवारामनगर चैकी प्रभारी बसन्त कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच की बात कह रही है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, छात्रा घायल

सीतापुर। जनपद में रविवार-सोमवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। पहला हादसा बिसवा-लहरपुर मार्ग पर हुआ, जहां 45 वर्षीय गंगाराम अपनी पत्नी रामकली के साथ बाइक से लौट रहे थे। सामने से आ रहे ऑटो से टक्कर में गंगाराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ऑटो चालक की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी घटना सिधौली कोतवाली क्षेत्र के अलादादपुर मोड़ के पास हुई, जहां धौरहरा निवासी संतोष कुमार की 16 वर्षीय पुत्री मंजू यादव को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। छात्रा साइकिल से स्कूल जा रही थी। टक्कर के बाद वह कार के बोनट पर जा गिरी। स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया। छात्रा को प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## स्ट्रीट डॉग के हमले से बुजुर्ग महिला घायल

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के रसोरा गांव में सोमवार को एक आवारा कुत्ते ने 50 वर्षीय महिला पर अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना उस समय हुई जब श्यामकली नामक महिला घर के बाहर मवेशियों को चारा डालने जा रही थीं। तभी एक आवारा कुत्ता उन पर झपट पड़ा और हाथ-पैर में गहरे जख्म कर दिए। महिला की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्ते को भगाया। परिजन तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने कई स्थानों पर गहरे घाव होने की पुष्टि करते हुए संक्रमण की आशंका जताई है। महिला को निगरानी में रखा गया है। पीड़िता के परिजनों का कहना है कि करीब एक माह पूर्व भी इसी कुत्ते ने दो लोगों को घायल किया था।

# डीएम ने निकायों में बेहतर व्यवस्थाओं के लिए ईओ को चेताया



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों द्वारा कराए जाने वाले कार्यो के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका नगर पंचायत में एमआरएफ सेंटर के संचालन की स्थिति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट राज वित्त आयोग से कराए जाने वाले कार्य सीसीटीवी कैमरे टैम्पू स्टैंड पड़ाव स्थल की स्थापना व व्यवस्था सीवरेज एवं जल निकासी सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा राज्य वित्त आयोग और 15 वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि का सदुपयोग कर लिया जाए कोई भी धनराशि अवशेष ना रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बड़े धार्मिक स्थल मंदिर मस्जिद प्रमुख चैराहे तिराहे पड़ाव स्थलों पर प्राथमिकता के साथ सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगे होने चाहिए, कहा इनका चिन्हाकन कराकर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पड़ाव स्थलों पर पानी शौचालय छाया प्रकाश की उत्तम व्यवस्था हो और उसका मानक स्टैंडर्ड हो कहा कि एक बोर्ड लगाया जाए जिसमे की जाने वाली वसूली की रेट लिस्ट व आवश्यक कार्य के लिए मोबाइल का उल्लेख हो। कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत पड़ाव स्थलों की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें जल्दी ही निरीक्षण कर सत्यापन किया जाएगा। कहा कि लगाए गए कर्मचारियों का आई कार्ड अवश्य रहे।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उन्नाव को निर्देशित करते हुए कहा कि लोहे का काम करने वाले पत्थर का काम करने वाले व्यक्तियों के लिए जो स्थल का चयन किया गया है वहीं पर उन्हें स्थापित किया जाए पहले से नोटिस चश्पा कर दिया जाए मुनादी कराकर जानकारी देकर उन्हें बता दिया जाए चिन्हित स्थल पर ही वह अपनी दुकान लगाएं। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के एमआरएफ सेंटर व सॉलिड वेस्ट वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा कर निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जगह पर एमआरएफ सेंटर का संचालन बेहतर ढंग से हो और नगर निकायों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट सक्रिय रूप से कार्य करें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के बेहतर प्रबंध नगर निकायों में होना चाहिए, सभी अधिशासी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकाश पेयजल एवं जल आपूर्ति बेहतर हो नालों की सफाई समय से होती रहे विशेष अभियान चलाकर नालों की सफाई करा दिया जाए। सीवरेज व जल निकासी के संबंध में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो यह ध्यान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सभी अधिशासी अधिकारी ठीक ढंग से कार्य करें इसके लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करें। बैठक के अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य संबंधित अधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा खरगवनखेड़ा



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। जनपद के ग्राम खरगवन खेड़ा, पोस्ट चैनपुर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजकों द्वारा बताया गया कि अखंड रामायण पाठ के समापन उपरांत 16 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थानीय ग्राम खरगवनखेड़ा, पोस्ट चैनपुर में बड़े ही भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे भक्तो का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पंकज सिंह, धीरज सिंह, शिववीर सिंह (विनोद), सूर्यपाल सिंह, शिवनारायण सिंह एवं सुंदर सिंह सूरज सिंह बच्चा सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला रहा। देर शाम तक अनवरत भंडारा प्रसाद वितरण भक्तो में किया गया।

संक्षेप

## एक साल में ही ध्वस्त हुए सीसी मार्गों की जांच की मांग

**बांदा।** विकासखंड जसपुरा के चंदवारा व गौरीखुर्द के ग्रामीणों के साथ समाजसेवी पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर यहां हुए घटिया निर्माण और व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गये शिकायती पत्र में कहा है कि चंदवारा व गौरीखुर्द ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत निधि से बनी लगभग 7 सीसी सड़कों में फर्म ठेकेदारों ने घटिया निर्माण कराया है। कहा कि ग्राम पंचायत चंदवारा में रामबरन की पुलिया से छोटू लंबरी के दरवाजे तक, संतराम प्रजापति के दरवाजे से रामकिशोर पाल के दरवाजे तक, खाले थोक में रामचंद्र के बंगले से सुनील सिंह के दरवाजे तक, रामभरोसा सिंह के दरवाजे से ट्रांसफार्मर तक तथा ग्राम पंचायत गौरीखुर्द में हनुमान जी के मंदिर से मुख्य सड़क तक मानकों की अनदेखी कर काम कराया गया है। ग्रामीणों ने तकनीकी सहायक व कार्य में जुड़े अन्य लोगों के विरूद्ध जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कराये गये निर्माण एक वित्तीय वर्ष में ही ध्वस्त हो चुका है। ब्लाक में प्रार्थना पत्र देने पर जवाब मिलता है कि शिकायत जिले में कीजिए यहां जांच नही होगी। इस दौरान राकेश, श्याममोहन, हनुमान, संतोष व अन्य लोग मौजूद रहे।

## बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को अनुरक्षण माह की शुरुआत

**बांदा।** जिले में गर्मी से पहले निर्बाध बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए विभाग ने 139 कार्य शुरू कराए हैं। मुख्य अभियंता ने बताया कि विद्युत विभाग ने 15 फरवरी से 14 मार्च तक अनुरक्षण माह की शुरूआत की है और यह कार्य 14 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्य अभियंता अरविंद नायक ने बताया कि उपभोक्ताओं को गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके, इसके प्रयास शुरू किए गये हैं। अभियान के तहत चारों वितरण मंडल में 107 विद्युत उपकेन्द्र, 1379 वितरण परिवर्तक व 353 लाइनों का अनुरक्षण और मरम्मत कार्य चिन्हित किया गया है। इसके अलावा 123 नगर पावर परिवर्तकों, 245 नग 11 केवी वीसीबी, 343 नग 4 केबिल लाइन के साथ प्रोटेक्शन संबंधी कार्य के लिए 139 कार्य चयनित किए गये हैं और इस कार्य को एक माह में पूरा कर लिया जाएगा। कहा कि यह कार्य पूरा हो जाने पर गर्मी के दौरान बिजली आपूर्ति दुरूस्त रहेगी। मुख्य अभियंता ने बताया कि इसके साथ ही परिवर्तकों में तेल की कमी और क्षतिग्रस्त इंसुलेटर बदलने का कार्य पूरा किया जाएगा।

## आबादी की भूमि पर अवैध निर्माण व कब्जे का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के ग्राम महरौनी खुर्द में आबादी की भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित डोंडाघाट तालाबपुरा निवासी विक्रम सिंह पुत्र सुमरन सिंह ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार ग्राम महरौनी खुर्द स्थित खसरा संख्या 742, रकबा 0.376 हेक्टेयर भूमि, जो आबादी श्रेणी में दर्ज है और सड़क से लगी हुई है, पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। आरोप है कि ज्ञान सिंह पुत्र कन्हैया यादव द्वारा उक्त भूमि पर पक्का निर्माण करने की नीयत से तार फेंसिंग और पिलर लगाए जा रहे हैं, जबकि राकेश पुत्र मान सिंह द्वारा कूड़ा-कचरा डालकर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

# योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर सीएम डैशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति करें: डीएम

जिला संवाददाता




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मुख्य मंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्य से संबंधित बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली की नियमित रूप से मानिटरिंग की जा रही है। सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागीय कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत संपादित करें जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग विभाग तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सीएम डैशबोर्ड पर डी रैंक प्राप्त होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करते हुए विभागीय रैंक में सुधार लाना सुरक्षित करें।

उन्होंने उद्योग विभाग की रैंक लगातार कम पाए जाने पर नाराज व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि ओडीओपी सहित अन्य बिंदुओं पर रैंक में सुधार लाने के लिए अपने विभागीय उच्च अधिकारियों से बात करें ताकि सीएम डैशबोर्ड पर रैंक में अपेक्षित सुधार लाया जा सके। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया कि वन विभाग बिना अनुमति के हरे भरे पेड़ों एवं बागो को काटने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और सीएम डैशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए जिले को सीएम डैशबोर्ड पर टॉप टेन जिलों में लाने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से लें और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार गहनता के साथ जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने बैठक में परिवहन विभाग, जी0एस0टी0 विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग सहित समस्त विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की प्रगति बनाए रखें और किसी भी अवस्था में रैंक को न गिरने दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह, अधिशासी अभियंता आरईएस, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# एएचटीयू/एसजेपीयू की मासिक समीक्षा गोष्ठी व प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सोमवार को थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटीयू) व एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराह्न 1 बजे से संपन्न हुआ। कार्यशाला एसपी के निर्देशन में एएसपी (नोडल अधिकारी) कालू सिंह की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। बैठक में एएचटीयू, एसजेपीयू तथा जनपद के समस्त थानों में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता की। गोष्ठी के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुपालन, अनुसंधान की गुणवत्ता, तथा थानों पर तैनात बाल कल्याण अधिकारियों के समक्ष आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

इसके साथ ही बाल गुमशुदगी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर अपराध, एससी/एसटी एक्ट एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने किशोर न्याय अधिनियम-2015 में हुए नवीनतम संशोधनों, पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकरण के 24 घंटे के भीतर सीडब्ल्यूसी को सूचना देने, पोक्सो मामलों में फार्म ए व बी तथा एसबीआर रिपोर्ट समय से प्रेषित करने, और बाल कल्याण अधिकारी द्वारा निर्धारित कर्तव्यों के पालन पर विशेष मार्गदर्शन दिया।

साथ ही पॉक्सो से संबंधित अभियुक्तों को माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त जमानत नोटिस समयबद्ध रूप से बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद में गुमशुदा बच्चों से संबंधित पंजीकृत व लंबित मामलों, पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज अभियोगों की समीक्षा की गई तथा जेजे एक्ट से संबंधित आदेश-निर्देशों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। इस दौरान सीडब्ल्यूसी, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जन साहस, वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं सभी थानों से जुड़े बाल कल्याण अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हज पर जाने वाले हाजियों का कमेटी की तरफ से टीकाकरण व प्रशिक्षण दिया



**नगीना, बिजनौर।** अंजुमन फलाहुल हुज्जाज कमेटी की तरफ से कैंप आयोजित कर हज पर जाने वाले हाजियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण दिया गया।

सोमवार को नगीना जामा मस्जिद में आयोजित कैंप में हज पर जाने वाले लगभग 145 हाजियों का टीकाकरण और प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हुआ। जिला हज कमेटी से जिला हज ट्रेनर फहद अली खान और मोहम्मद शादाब ने हज और टीका करण का काम पूर्ण कराया। इस मौके पर जामा मस्जिद इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, मुफ्ती अबरार, मुफ्ती फहीम ने लोगों को हज के अरकान की पूरी जानकारी दें और नगीना से सीएम ऑफिस की टीम ने पूरा सहयोग दिया। टीका करण काम को पूरा करने में शहर इमाम मुफ्ती उवैस अकरम, मुफ्ती अबरार, मुफ्ती फहीम, मुफ्ती फुज़ेल, समाजसेवी हाजी तंजील आलम, तनवीर अख्तर, मुफ्ती शाहिद आदि का काफी सहयोग रहा।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, चार गंभीर

**स्योहारा, बिजनौर।** तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बने खोखे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खोखे पर बैठे कई लोग उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी बांगर के निकट सोमवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बने खोखे में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नरेश कुमार (55 वर्ष) पुत्र मंगत सिंह निवासी ग्राम कुरी बांगर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मोहित कुमार (13 वर्ष) पुत्र मनोज सिंह, अमर सिंह (70 वर्ष) पुत्र लल्लू सिंह, राजू देवी (65 वर्ष) पत्नी अमर सिंह निवासीगण ग्राम कुरी बांगर व रूपराम सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकिशन, ग्राम निचलपुर गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी ने किया पैलानी तहसील का निरीक्षण



**बांदा।** तहसील पैलानी का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होने तहसील के खतौनी, नकल, राजस्व निरीक्षण, संग्रह अधिष्ठान, पटलों और नजारत व लेखपाल कक्ष का निरीक्षण करने के साथ ही पटल सहायकों से जानकारी ली। राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए डीएम जे0 रीभा ने एक वर्ष से अधिक समय के मुकदमों का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। वसूली की जानकारी की, बताया गया कि 92 प्रतिशत वसूली की गयी है। उन्होने बैंक एवं वित्तीय देयकों की वसूली करने के निर्देश दिए। 10 बड़े बकायदारों की वसूली की समीक्षा करते हुए वसूली के निर्देश दिए। दाखिल दफ्तर मामलों का समय से निस्तारण व 116 के तहत की गयी जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होने राजस्व निरीक्षक कार्यालय में कार्मिकों के अभिलेखों, जीपीएफ, एनपीएस कटौती करने और अभिलेखों को पूरा रखने के बारे में निर्देश दिए। डीएम ने लेखपाल कक्ष नजारत कार्यालय में रजिस्टर 9, दैवीय आपदा रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को देखा और दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम अंकित वर्मा, तहसीलदार राधेश्याम सिंह, पटल सहायक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट में छात्रों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण



**ललितपुर।** श्री मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट में शनिवार को छात्रों को शैक्षिक भ्रमण हेतु झाँसी स्थिति स्पेस म्यूजियम ले जाया गया। जहाँ छात्र छात्राएं ब्रह्माण्ड के ग्रहों व नक्षत्रों की आभासी दुनिया से रूबरू हुए। पहली बार एजुकेशन टूर पर जाकर बच्चों के चेहरे खिले-खिले नजर आए। छात्र-छात्राओं के शैक्षिक भ्रमण हेतु विद्यालय परिसर में कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में एसडीएम तालबेहट अभिजीत सिंह, विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार भट्ट, प्रबंध समिति के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा, प्रधानाचार्य रामप्रकाश अनंत समेत समस्त अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों को टूर से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर एसडीएम अभिजीत सिंह, प्रबंधक मनोज कुमार भट्ट, प्रबंध समिति के सदस्य मनोहर लाल शर्मा और प्रधानाचार्य रामप्रकाश अनंत ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण हेतु आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया कि क्लास लर्निंग के बाजाय प्रैक्टिकल लर्निंग बच्चों को सीखने के लिए ज्यादा बेहतर होती है। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद भी ज्ञापित किया, उन्होंने कहा कि राजकीय स्कूल इस तरह के कार्यक्रम सरकार द्वारा दी गई ग्रांट के माध्यम से आयोजित करते रहते हैं जबकि श्री मर्दन सिंह विद्यालय अपने खर्चे पर इस तरह के टूर को आयोजित कर रहा है इस कार्यक्रम पर सरकार द्वारा कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई है यह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के शैक्षिक भ्रमण हेतु विद्यालय प्रबंधन से अनुरोध किया और छात्रों को शैक्षिक भ्रमण से ज्यादा से ज्यादा सीखने पर बल दिया। स्पेस म्यूजियम झांसी पहुंच कर छात्र-छात्राओं ने ब्लैक होल थ्योरी, ग्रहों, नक्षत्रों, तारामंडल, सौरमंडल और उल्कापिंडों की गतिविधियों का आभासी परिचय प्राप्त किया। पहली बार इस तरह के शैक्षिक भ्रमण पर जाकर छात्रों ने काफी एन्जॉय किया साथ ही विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य राम प्रकाश अनंत की छात्रोनुन्मुखी सोच के लिए धन्यवाद भी दिया। प्रधानाचार्य राम प्रकाश अनंत ने विद्यालय के छात्रों के लिए इस विजिट को आयोजित कर सहायता प्राप्त विद्यालय के छात्रों को भी राजकीय स्कूलों की भांति समान प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया तथा भविष्य में भी अपने विद्यालय के छात्रों को सरकारी ग्रांट के बिना भी हर सुविधा को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी भी बच्चों के साथ उनकी सुरक्षा हेतु मौजूद रहे।

# गरीब बेसहारा लोगों को पायामय इंसानियत यूनिट ने रमजान किट बांटी




**नगीना, बिजनौर।** ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से हर साल की तरह रमजान किट बांटने का एक प्रोग्राम मोहल्ला का काजी सराय मदरसा एहसानुल मदरसे में हुआ। इस मौके पर गरीब बेसहारा व बेवाओं को लगभग 170 रमजान किट बाटी गई।

ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फॉर्म के जिम्मेदार मुफ्ती फूजैल ने बताया कि इस किट में चावल, घी, तेल मिर्च मसाल, सवैया खजूर, जानमाज मिसवाक वगैरह दी जाती हैं। मुफ्ती फूजेल ने बताया इस रमजान किट से उन बे सहारा गरीब लोगो को आराम से रोजा रखने में मदद मिलती है जिनका कोई सहारा नहीं होता या परेशान होते है, क्योंकि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म अलग-अलग टाइम में अलग-अलग प्रोग्राम करती रहती है। निःशुल्क रमजान किट वितरण के मौके पर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म यूनिट नगीना के जिम्मेदार समाजसेवी हाजी तंजील आलम ने बताया क्योंकि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत पूरे साल पूरे हिंदुस्तान और यूपी में गर्मियों में ठंडा पानी और शरबत रेलवे स्टेशन बस स्टैंड और चैराहे पर निःशुल्क वितरण करती है और भाईचारा कायम करती है ऐसे ही सर्दियों मे गर्म शाल कंबल और गर्म कपड़े और बस स्टैंड और चैराहों पर गरम-गरम चाय निःशुल्क वितरण करती है, यूनिट का मकसद आपस में एक दूसरों को समझ कर एक दूसरे की मदद करने का जज्बा कायम करना होता है। इस मौके पर मौलाना आमिर, कारी रिजवान, मुफ्ती फौजैल, मौ0 आदिल, मौ0 अरबाज, कारी शाकिर आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने किया एमआर अभियान का शुभारंभ



**बांदा।** शहर के स्टेशन रोड स्थित छत्रशाल स्कूल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेन्द्र सिंह ने एम आर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 16 से 27 फरवरी तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरूवार और शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों व मदरसों में पढ़ रहे कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक डोज दी जाएगी।

जिले के 1566 स्कूलों में 125931 बच्चों को एमआर वैक्सीन दिए जाने का लक्ष्य हैं। एमआर वैक्सीन बच्चों को खसरा और रूबेला बीमारी से बचाने में सहायक है और इस वैक्सीन का कोई भी दुष्प्रभाव नही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को एमआर वैक्सीन की डोज देगी। इसमें स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों का सहयोग रहेगा। उन्होने लोगों से अपील की है कि वह बच्चों को टीकाकरण कराने में पूरा सहयोग दें जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ विजय शंकर केसरवानी, मंजू कश्यप आरसी यूनीसेफ, अवंतिका तिवारी डीएमसी यूनीसेफ, कुशल यादव डीपीएम एनएचएम, रोहित कुमार सिंह वीसीसीएम यूएनडीपी, संदीप परासर जेएसआई व शिक्षा विभाग के जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# किसानों का दल आधुनिक कृषि हुनर सीखने को रवाना



**बांदा।** उप निदेशक कृषि ने आधुनिक कृषि का हुनर सीखने के लिए सोमवार को किसानों के प्रशिक्षण दल को मध्य प्रदेश के रीवा, कटनी व जबलपुर के लिए वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि 64 किसानों का प्रशिक्षण दल जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा और कटनी में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होने बताया कि किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों, आधुनिक मशीनों का कृषि में प्रयोग, जैविक खाद बनाने, कृषि वानिकी, खाद्य प्रसंस्करण और उद्यान विषयों पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्य स्थल का भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान उप कृषि निदेशक डॉ अभय कुमार यादव, उपायुक्त राष्ट्रीय आजीविका मिशन भैयनलाल, जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा किसान मौजूद रहे।

# 40 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्थापित होंगी इसरो लैब : निदेशक



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, खनिज विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग के प्रयासों से महोबा के 40 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में इसरो लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि निदेशक इसरो डाक्टर नीलेश एम देसाई के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक दीपक सिंह, आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार, डीआईजी चित्रकूट धाम मण्डल राजेश एस, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे। यह कार्यक्रय उच्च प्राथमिक विद्यालय रतौली के प्रांगण में सम्पन्न हुआ और मुख्य अतिथि के द्वारा 7 विद्यालयों बरीपुरा, लिलवाही, ज्यौरैया, सिजरिया, मवई, छिकहरा में इसरो लैब समर्पित की गयी। इस माह के अन्त तक जनपद के शेष 33 विद्यालयों में कार्य पूर्ण कर विद्यालयों में लैब समर्पित कर दी जायेगी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सूर्य महोत्सव महोबा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का अनावरण एवं निरीक्षण किया गया तथा महोत्सव के मंच पर बाल संवाद का अयोजन किया गया, जिसमें तीन हजार छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि द्वारा इसरो की कार्यप्रणाली, उपगृह विज्ञान, राकेट विज्ञान के संदर्भ में अत्यन्त उपयोगी प्रस्तुतीकरण किया गया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में ग्रामीण अंचल के बच्चों को वैज्ञानिक उपकरण, स्पेस व अन्य वैज्ञानिक यंत्रों के उपयोग एवं जानने की प्रवृत्ति को बढ़ाने पर जोर दिया।

# धूमधाम से निकाली गयी द्वादश ज्योर्तिलिंगम शोभा यात्रा

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन द्वारा तुवन मंदिर प्रांगण में मनाया गया। जिसमें शिव परमात्मा की शिक्षाओं को ज्ञान मुरली से शुरू किया गया। नन्हे-मुन्ने कलाकारों द्वारा सर्वश्रेष्ठ महान परमात्मा शिव है, सभी देवों के भी देव महादेव है इस सत्य को नाटिका द्वारा दिखाया गया। जिसमें दैवीय भ्राता राजेश श्रीवास्तव (एडीएम) ने शिव पूजन, झंडा वंदन, केक कटिंग कर सभी नगर वासियों को शिवरात्रि महोत्सव की बधाइयां दी। ललितपुर सेवा केन्द्र संचालिका बीके चित्ररेखा दीदी ने परमात्म संदेश देते हुए कहा कि परमात्मा शिव 90 वर्ष पूर्व इस धरा पर परकाया प्रवेश हो धरा को श्रेष्ठ बनाने का कार्य मानवीय शरीर को धारण करके कर रहे हैं। जिस मानव शरीर का आधार लिया उनका ही नाम प्रजापिता ब्रह्मा रखा है, तो भाई-बहनों ब्रह्मा अर्थात आदम आदि पुरुष ब्रह्मा भगवान नहीं है। कहा हि गया है कि आदम को खुद मत कहो, आदम खुदा नहीं है, लेकिन खुदाई नूर से आदम जुदा नहीं है। अर्थात परमात्मा ब्रह्मा द्वारा ही विश्व परिवर्तन का कार्य, मानव को देव बनाने का कार्य कर रहे है। सच्ची शिवरात्रि मनाना काम, क्रोध लोभ, मोह, अहंकार रूपी बुराइयों के अक, धतूरे को शिव पर चढ़ाना है। मन-वचन-कर्म से शुद्ध पवित्र बनना है। यही सच्चा व्रत रखना है। तन-मन-धन से सहयोगी बनकर तीन पत्तों का बेलपत्र चढ़ाना, वैर भाव रूपी बैर शिव भोलेनाथ पर चढ़ाना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। यह संदेश स्वयं शिव कल्याणकारी परमात्मा ही देते है। बीके मायारानी दीदी जी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को संचालित किया, सभी को प्रभु प्रसाद दिया तथा द्वादश ज्योतिर्लिंग शोभा यात्रा निकाली गई। जिसे एडीएम भ्राता द्वारा शिव ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया। जिसमें बीके किरण दीदी चंदेरी, गीता दीदी, प्रीती दीदी, रुबी दीदी, प्रियंका दीदी, निशा बहन, पूजा बहन, शिवानी बहन एवं विद्यासागर भाई, दैवीय परिवार तुवन मंदिर महंत रामलखन दासजी, ब्रजबिहारी मिश्रा के सहयोग से डा.श्रीराम साहू, अशोक राठौर, महेश कंचन, मनीष दुबे, एड.रामस्वरूप साहू, एड.सत्यनारायण साहू, सुनील चैरसिया, केशव प्रसाद पांडे, राधेश्याम ताम्रकार, डा.विनय सिंह गौतम, रोहित श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, कैलाश नारायण, खुशीलाल साहू, राहुल जैन (पत्रकार), पंचम सिंह निरंजन, एड.प्रकाशचंद्र, इंजी.नितिन निरंजन, किशोर भाई, शिव प्रेमशंकर, विनोद झा, राहुल झा, कपूरचंद्र साहू, जालम सिंह महरौनी, चंद्रभान भाई, खिलन विश्वकर्मा, रामराजा भाई, बाबूलाल पटेल, राजा यादव, शिवम यादव, अमन यादव, नंदकिशोर भाई, जयराम सिंह यादव, भगवानदास भाई, दातारसिंह यादव, गेंदालाल साहू, राजीव साह आदि उपस्थित रहे।

# अतर्रा चुंगी पुलिस चौकी के नये भवन का उद्घाटन



**बांदा।** सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर ने कोतवाली नगर की अतर्रा चुंगी पुलिस चैकी के नये भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के प्रयासों के चलते अतर्रा चुंगी पुलिस चैकी की स्थापना हुई। पुलिस चैकी में 24 घंटे चैकी प्रभारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। पुलिस चैकी बनाए जाने का उद्देश्य इस क्षेत्र की महिलाओं, बालिकाओं को अपराधों के प्रति सुरक्षित, भरोसेमंद और सहज माहौल मिलेगा। अब वह बिना किसी भय अथवा हिचक के अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगी। शहर का बाहरी क्षेत्र होने के कारण अब यहां अपराधियों का ठहरना मुश्किल होगा। उप निरीक्षक उत्कर्ष सिंह को चैकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बताते चलें कि इस क्षेत्र से बांदा-इलाहाबाद हाईवे तथा बांदा-नरैनी-कालिंजर होकर मध्य प्रदेश के लिए सड़क मार्ग जाता है और यहां दिन-रात वाहनों का आवागमन बना रहता है। नई पुलिस चैकी बन जाने से लंबे अरसे से चली आ रही यहां के लोगों की मांग पूरी हो गयी है। इस दौरान नगर कोतवाली प्रभारी, बलराम सिंह, निरीक्षक, उप निरीक्षक, पुलिसकर्मी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## बांध से बरामद हुआ युवक का शव

ललितपुर। शहर से लापता एक युवक की तलाश उस समय दुखद मोड़ पर आ गई, जब उसका शव गोविंद सागर बांध में पानी में तैरता बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से पुलिस महकमे में हलचल मच गई और परिजनों की उम्मीदें टूट गईं। बताया गया कि चैबयाना मोहल्ला निवासी महेश रैकवार का पुत्र हर्षित रैकवार कुछ दिनों से घर से लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से तलाश की गुहार लगाई थी। इसी बीच रविवार को स्थानीय नागरिकों ने गोविंद सागर बांध में एक शव तैरता देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया और बांध से बाहर निकलवाया। पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, वहीं मृतक के परिजन बेसुध नजर आए। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए भीड़ को नियंत्रित किया।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत हादसा है, आत्महत्या या किसी अन्य कारण से हुई है। फिलहाल सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# धमकियों को हल्के में न लें

धमकी छोटी हो या बड़ी, मायने रखती है। उसे हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। वह भी तब , जब देश की छोटी-बड़ी अदालतों को बम से उड़ाने की बात हो, तो इसकी गंभीरता और भी बढ़ जाती है। जब स्कूल-कॉलेजों को खुलेआम उड़ाने की चेतावनी दी जा रही हो,तो सतर्कता ही एकमात्र विकल्प बचता है। अलग-अलग राज्यों में जिस तरह जिला और दीवानी कचहरी परिसरों को उड़ाने की धमकी मिली है, वह बेहद चिंताजनक है। दिल्ली,बिहार, उत्तर प्रदेश की बड़ी अदालतों को भी धमकी भरे ईमेल प्राप्त हो चुके हैं। भले ही सघन तलाशी में कोई आपत्तिजनक सामग्री न मिली हो लेकिन इसका मतलब यह हरगिज नहीं है कि खतरा टल गया है। जिस तरह से अदालतों को धमकाने का ट्रेंड चल रहा है, उसके भीतरी मंतव्यको समझने की जरूरत है।पुलिस जिस तरह इसे शरारतपूर्ण आचरण मान कर चल रही है, उसे कुछ हद तक कानून व्यवस्था को बनाए रखने और लोकमानस को भयग्रस्त होने की पहल के रूप में देखा जा सकता है।उससे इसी तरह के बयान की उम्मीद की जानी चाहिए। इस देश के किसी भी नागरिक को यह नहीं लगना चाहिए कि पुलिस की धाक और साख में कोई कमी आ रही है।लेकिन हमें भेड़िया आया वाली कहानी को भी नजरंदाज नहीं करनाचाहिए।ईश्वर करे,ये सारी धमकियां किसी शरारती तत्व की ही शरारत हो और इसमें किसी आतंकवादी या अराजकत तत्व का हाथ न हो लेकिन ये धमकियां पुलिस प्रशासन और देश-प्रदेश के खुफिया तंत्र की जिम्मेदारियां और बढ़ाने वाली हैं।पहले भी उत्तरप्रदेशके कई जिलोंमें आतंकवादी श्रृंखलाबद्ध विस्पोट कर कई लोगोंकी जान ले चुके हैं।ऐसे में इसे शरारती तत्वों का कारनामा ही मान बैठना आत्मघाती हो सकता है।दरअसल जिस ईमेल



से इस तरह की सूचनाएं मिल रही हैं, उनको जांच के राडार पर रखा जाना चाहिए। अगर यह किसी की शरारत है तो उसपर नकेल कसी जानी चाहिए लेकिन साथ ही कार्रवाई करते वक्त इस बात का भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि इससे पुलिस प्रशासन अपने मुखबिरों या सटीक सूचना स्त्रोतों से कट न जाए।यह अराजकतत्वोंकी सोची-समझी साजिश भी हो सकती है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ, अलीगढ़, मेरठ, अमरोहा और आजमगढ़ जिलों में अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी जिस तरह एक ही दिन दी गई है, उसे कमतरनहीं समझा जाना चाहिए।यह और बात है कि पुलिसप्रशासन तुरंत सक्रियहो गया। जितने भी ऐहतियात बरते जा सकते थे, सब बरते गए। जिलों में जिस तरह से एक ही छत के नीचे सभी कार्यालयों को लाने की प्रदेश भर में सरकार की कोशिशहै, ऐसे में कहीं भी अगर इस तरह की घटना होती है तो भारी जान-माल का नुकसान हो सकता है। सर्विलांस ड्रोन के जरिए अदालतों में जांच का जो सिलसिला चलाया गया, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है। मुख्यमंत्री तक को अगर उड़ाने की धमकी दी जा रही है।जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को जान सेमारने की अगर धमकी दी जा रही है तो आम जनमानस में भय की व्याप्ति सहज स्वाभाविक है। अदालत परिसरों में माफियाओं के बीच गोलीबारी भी कम चिंताजनक नहीं है।इस लिहाज से भी पुलिस प्रशासन को संवैधानिक संस्थानों, शिक्षण संस्थानों और भीड़ भाड़ वाले इलाकों की सुरक्षा को लेकर हमेशा सजग रहना चाहिए।सावधानी हटी, दुर्घटना घटी।कहीं ऐसान हो कि इन धमकियों को अफवाह मान लियाजाए और आतंकवादी अपने मंसूबों में कामयाब हो जाएं।इन धमकियों के सूत्र तलाशने के साथ ही इसके पीछे की रणनीति पर भी चौकस नजर रखी जानी चाहिए। जरा भी गफलत देश, प्रदेश को खतरे में डाल सकती है।भारत जिसतरह तरक्की कर रहा है, उसे देखकर पड़ोसी देश किसी भी तरह की साजिश रच सकते हैं। पाकिस्तान से विशेष सावधान रहनेकी जरूरत है।उत्तराखंड के नैनीताल जिला न्यायालय और गुजरात के दो जिलों में कई स्कूलोंको उड़ाने की धमकी यह बताने जताने के लिएभी काफी है कि जिन राज्यों में इसतरह की धमकियां मिली हैं,उनमें सभी भाजपा शासित राज्य है।ऐसे में निर्णय और जांच दोनों का शिकंजाकसा जाना ही वक्त की मांग है।

---

**विचार**

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है,उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं औरवह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्तिजब तक किसी वस्तुके लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है।चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है।सर्वदा सत्य व्यवहार करता है।कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है,सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै,वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

# पाकिस्तान पर भारत की एक और विजय

सारिम अन्ना

> इस मैच को दो विशेष कारणों से देखा जाएगा। एक ईशान किशन की कठिन पिच पर शानदार व स्मार्ट बल्लेबाजी , जिससे मैच एकतरफा हो गया। हालांकि भारत ने अभिषे शर्मा को जल्दी खो दिया था, लेकिन इससे विचलित हुए बिना ईशान किशन ने शाहीन शाह आफरीदी के दूसरे ओवर में दो छक्के लगाए और फिर उन्होंने स्पिनर्स पर हमला बोला।

कोई मुकाबला ही नहीं था।विश्व कप में भारत बनाम पाकिस्तान का एक और मैच, भारत की एक और जीत।इस बार (ई)शान से।कोलम्बो में टी-20 विश्व कप का मैच इतना अधिक एकतरफा था कि पाकिस्तान के लचर प्रदर्शन को देखते हुए मेरे एक दोस्त ने व्यंग्य किया कि मैन इन ग्रीन के लिए बायकाट ही बेहतर विकल्प था। लेकिन पूर्णतः कमर्शियल हो चुके क्रिकेट में पैसे का जादू इतना सिर चढ़कर बोलता है कि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध अपने ग्रुप मैच को बॉयकाट करने की जिद (जो बेवकूफी के अतिरिक्त कुछ न थी) छोड़ी और 15 फरवरी 2026 के शाम को मैदान में उतरा। बहरहाल, इस मैच के हीरो रहे ईशान किशन जो छह माह पहले, जब भारत ने एशिया कप जीता था, तो वह विश्व कप के लिए तैयार की जा रही टीम की योजना में भी न थे, लेकिन सैय्यद मुश्ताक अली ट्राफी में झारखंड के लिए अपने शानदार प्रदर्शन (और शुभमन गिल के टी-20 में खराब फॉर्म) के चलते 27-वर्षीय ईशान किशन को लगभग दो साल बाद राष्ट्रीय टीम में अवसर मिला और अब वह देश के हीरो बनकर उभरे हैं। ईशान किशन ने अपनी विस्फोटक व साहसिक पारी से दिखाया कि धीमे व स्पिन लेते विकेट पर किस तरह से बल्लेबाजी की जाती है।उनकी 40 गेंदों में 77 रन की पारी की बदौलत भारत ने अपने निर्धारित 20 ओवर में 175 रन बनाये और फिर जब पाकिस्तान खेलने के लिए उतरा, तो जसप्रीत बुमराह ने अपने पहले ही ओवर में दो विकेट चटकाकर मुकाबले को नो-कांटेस्ट (मुकाबला नहीं) बना दिया। बाकी कसर हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल व वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लेकर पूरी कर दी। पाकिस्तान 18 ओवर में मात्र 114 रन पर सिमट गया और भारत को 61 रन से शानदार व प्रभावी जीत मिली।इस मैच में भारत के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बुमराह, कुलदीप, वरुण व पांड्या को अपने अपने निर्धारित 4 ओवर फेंकने की भी जरूरत नहीं पड़ी और जख्म पर नमक छिड़कते हुए कप्तान सूर्य कुमार यादव ने अपने बैटर्स तिलक वर्मा व रिंकू सिंह से गेंदबाजी करायी, जिसकी वजह से पाकिस्तान 100 रन से ऊपर बना सका,



वर्ना उसके 9 विकेट तो मात्र 97 रन पर गिर चुके थे।

## टी-20 विश्व कप

वैसे इस मैच को दो विशेष कारणों से याद रखा जायेगा।एक, ईशान किशन की कठिन पिच पर शानदार व स्मार्ट बल्लेबाजी, जिससे मैच एकतरफा हो गया।हालांकि भारत ने अभिषेक शर्मा (जो पिछली छह पारियों में रिकॉर्ड चार बार शून्य पर आउट हो चुके हैं, जिनमें से 3 गोल्डन डक हैं) को जल्दी खो दिया था, लेकिन इससे विचलित हुए बिना ईशान किशन ने शाहीन शाह आफरीदी के दूसरे ओवर में दो छक्के लगाये और फिर उन्होंने स्पिनर्स पर हमला बोला।अबरार अहमद व शादाब खान की समझ में नहीं आ रहा था कि वह ईशान किशन को किस जगह गेंद करें; क्योंकि वह जबरदस्त पॉवर से अपने स्ट्रोक्स लगा रहे थे, जबकि पिच में पेस था ही नहीं।ईशान किशन ने तिलक वर्मा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़े, जो टी-20 में पाकिस्तान के खिलाफ नया भारतीय रिकॉर्ड है। इस विकेट के लिए पिछला रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग व विराट कोहली के नाम था, जिन्होंने 30 सितम्बर 2012 को कोलम्बो में ही 74 रन की साझेदारी की थी।यहां यह बताना आवश्यक है कि ईशान किशन ने अपनी पिछली छह पारियों में 60.83 की औसत से 365 रन बनाये हैं, जिनमें एक शतक व तीन अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका स्ट्राइक रेट 217.26 रहा है।सूर्य कुमार यादव के अनुसार, शून्य पर पहला विकेट खोने के बाद किसी को तो जिम्मेदारी लेनी थी और जिस प्रकार ईशान किशन ने इस जिम्मेदारी को समझा, वह गजब है।इस विकेट पर 155 का स्कोर संघर्षमय हो सकता था, लेकिन हमने उससे 20 रन ऊपर बनाकर मैच को उनकी पहुंच से दूर कर दिया।यह देखकर अच्छा लगा कि गेंद से हर किसी ने योगदान दिया।अब हम वापस जाकर थोड़ा मजा करेंगे और फिर अगले मैच के बारे में सोचेंगे।

जिस दूसरी वजह से इस मैच को याद किया जायेगा वह है पाकिस्तान की बेवकूफी भरी बायकाट की धमकी। बांग्लादेश का समर्थन (जो बाद में दिखावा साबित हुआ) करने के लिए पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध ग्रुप मैच को बायकाट करने की घोषणा की थी, लेकिन जैसा कि सुनील गावस्कर व अन्य सीनियर खिलाड़ियों का सही अंदाजा था, उसने यू-टर्न लिया और मैच खेलने के लिए तैयार हो गया क्योंकि दांव पर बहुत बड़ी रकम लगी हुई थी। अनुमान यह है कि भारत-पाकिस्तान के इस मैच ने लगभग 250 मिलियन डॉलर का राजस्व एकत्र किया। यह बहुत अधिक पैसा है, लेकिन क्रिकेट के वैश्विक स्वास्थ्य के संदर्भ में अत्यधिक गुमराह करने वाला आंकड़ा है। इस समय टी-20 विश्व कप में जो 20 टीमें खेल रही हैं उनमें से कुछ तो अगली आईसीसी प्रतिस्पर्धा से पहले फुल मेम्बर के विरुद्ध शायद ही कोई मैच खेल सकें। कुलीन चक्र के बाहर अर्थपूर्ण एक्सपोजर दुर्लभ है। वेस्टइंडीज, जो दो बार टी-20 चैंपियन रह चुका है, में क्रिकेट चिंताजनक पतन की ओर है। जहां फीफा दुनियाभर में फुटबॉल विकसित करने के लिए जबर्दस्त निवेश करता है, वहीं आईसीसी का राजस्व वितरण तीन बड़ी टीमों में ही अधिक हो जाता है। ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी बहुत पहले हो जानी चाहिए थी- 2028 लॉस एंजेल्स गेम्स लेकिन ऐसा इसलिए नहीं हुआ; क्योंकि आईसीसी अपने विशिष्ट कैलंडर में संशोधन करने के लिए तैयार नहीं था।

संक्षेप में बात केवल इतनी सी है कि क्रिकेट को उसके परम्परागत भूगोल के बाहर विकसित करने के लिए जिस कड़ी मेहनत की जरूरत है, वह अभी मुकम्मल नहीं हो सकी है।लेकिन आईने को अंदर की तरफ भी देखना चाहिए। भारतीय फैन्स जज्बाती हैं बल्कि वैश्विक मंचों पर प्रभावी भी हैं, इसके बावजूद इंग्लिश काउंटी क्रिकेट के मैच देखने के लिए भीड़ उमड़ती है, जबकि ऐसा कोई दावा रणजी या दिलीप ट्राफी के संदर्भ में नहीं किया जा सकता।घरेलू क्रिकेट के लिए यह उदासीनता किस लिए? केवल अपनी राष्ट्रीय टीम की जीत से प्यार करने का अर्थ यह नहीं है कि आप क्रिकेट से भी प्यार करते हैं।इसकी एक वजह मार्केटिंग भी है। भारत में क्रिकेट को निरंतरता के साथ हाई-वोल्टेज राष्ट्रवाद के प्रिज्म से बेचा जा रहा है। इससे रेटिंग व राजस्व में तो इजाफा होता है, लेकिन खेल छोटा हो जाता है और दर्शकों की कल्पना भी सिकुड़ जाती है।बहरहाल, कैमरा के सामने भारत-पाकिस्तान के संबंध मैदान पर वहीं रहे जहां उन्हें रहना था। खिलाड़ियों ने आपस में हाथ नहीं मिलाये। लेकिन वह दुश्मनी (या बदतमीजी) भी देखने को नहीं मिली, जो पिछले साल सितम्बर में एशिया कप के फाइनल में देखने को मिली थी। कोई किसी पर बेहूदा व्यंग्य नहीं कर रहा था और भारत के टेलिविजन समीक्षकों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को इंटरव्यू किया। मैच खेल भावना के साथ खेला गया। वह हरकतें नहीं हुईं जिनसे क्रिकेट संसार जहरीला हो गया था। उस्मान तारिक जब वार्मअप कर रहे थे, तो उनके एक्शन के सबसे बड़े आलोचक हरभजन सिंह पास में ही खड़े थे। उस्मान ने वरिष्ठ खिलाड़ी को सलाम किया और हरभजन ने भी शालीनता से उसे स्वीकार करते हुए जवाब दिया।

---

**सोशल मीडिया**

11 राज्यों में फैला माओवाद देश में चिंताकाविषय रहा है। मार्च तक हम इसे पूरी तरह खत्म करने में सफल होंगे।
अमित शाह.



सरकार आशा बहनों के आर्थिक औरसामाजिक सुरक्षा से पीछे क्यों हट रही है। हम पूरी तरह आशा बहनों के साथ हैं।
अखिलेश यादव.



बजट देश को विकसित बनाने और उन्नति के शिखर पर ले जाने वाला है। इसकी आलोचना करने वाले देश को केवल गुमराह कर रहे हैं। निर्मला सीतारमण.



# मनीषियों का चिंतन

भारतीय सनातन परंपरा में भगवान शिव को आदि और अनादि कहा जाता है।जितना सरल और सहज कहा जाता है, उन्हें उतना ही गूढ़ भी मानाजाता है।वे संहारक भी हैं और जगत्पिता भी हैं। शिव दरअसल चेतना के वह परम तत्व हैं जो समस्त सृष्टि के मूल में विद्यमान है। वे धर्म की मूल हैं।अक्षर, बिंदु और स्वर की उत्पत्ति के कारक भी वही देवाधिदेव हैं। महाशिवरात्रि शिवत्व के जागरण की रात्रि है जो एक दिन पहले ही बीती है। महाशिव रात्रि को जब साधक अपने भीतर के तम, रज और सत्व के पार जाकर शिव के शुभ तत्व से जुड़ने की चेष्टा करता हैतो वह आत्मजागरण, आत्मसंयम और आत्मोन्नति के बेहद करीब होता है।भगवान शिव के मस्तक पर अर्धचंद्र मन की शीतलता और संतुलन का प्रतीक है।जटाओं में विराजमान गंगा शुद्धता और जीवनदायिनी ऊर्जा का संकेत देती है।तीसरा नेत्र ज्ञान की उस अग्नि का प्रतीक है जो अज्ञान और अहंकार को भस्म कर देती है।गले में सर्प यह दर्शाता है कि जिसने भय और मृत्यु पर विजय पा ली, वही शिव है।शरीर पर भस्म इस सत्य का उद्घोष करती है कि यह संसार नश्वर है और अंततः सब कुछ पंचतत्व में विलीन हो जाना है।त्रिशूल शिव के हाथ में केवल एक आयुध नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक संदेश है।यह तीन गुणों—सत्व, रज और तम—पर विजय का प्रतीक है।यह दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति का संकेत है।जो इन तीनों संतापों से ऊपर उठ जाए, वही शिवत्व को प्राप्त करता है। नंदी वृषभ धर्म का प्रतीक है, जिसके चार पांव धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूपी पुरुषार्थों को दर्शाते हैं। शिव समाधिस्थ योगी हैं, किंतु आवश्यकता पड़ने पर रौद्र रूप धारण कर अधर्म का संहार भी करते हैं। इस प्रकार वे संतुलन और न्याय के अधिष्ठाता हैं।

**अंतर्दृष्टि**

शिव का नटराज स्वरूप सृष्टि चक्र की गहन व्याख्या करता है। उनका तांडव नृत्य सृजन, पालन और संहार तीनों का प्रतीक है।एक हाथ में डमरू, जिससे नाद उत्पन्न हुआ और सृष्टि का प्रारंभ हुआ। दूसरे हाथ में अग्नि, जो संहार और पुनर्निर्माण का संकेत देती है।उनके चरणों तले अपस्मार पुरुष अज्ञान और विस्मृति का प्रतीक है, जिसे शिव अपने ज्ञान से दबाए रखते हैं।यह संदेश है कि जब तक अज्ञान का दमन नहीं होगा, तब तक जीवन में प्रकाश नहीं आएगा।शिव की आराधना का विशेष महत्व रात्रि में माना गया है।रात्रि तमोगुण का प्रतीक है, और शिव तम के भी अधिपति हैं। जब संसार निद्रा में लीन होता है, तब साधक जागकर शिव से जुड़ता है।

# कौन सी बला है वर्चुअल रिअलिटी

**व्यंग्यलोक**

क्या आपको पता है कि वर्चुअल रियलिटी किस बला का नाम है।शायद पता हो भी और न भी हो तो चलिए हिंदी में ही बता देता हूं।बहरहाल, वर्चुअल रियलिटी यानी आभासी वास्तविकता। अर्थात जो और जैसा लगे कि यह वास्तविकता है लेकिन जो और जैसा होकर भी न हो।कभी विकास को आपने देखा है।नाम तो बहुत सुना होगा, एनकाउंटर होते ही देखा-सुना होगा लेकिन इस विकास को शायद देखा नहीं हो, केवल सुना ही सुना हो, फिर भी यहां-वहां वे विकास तो कर ही रहे हैं, विकास हो ही रहा है।यह सब देखने के लिए स्पेशल ग्लासेस चाहिए यानी विशिष्ट प्रकार के चश्मे से ही देखा और दिखाया जा सकता है। जिंदगी में आप अच्छे दिन महसूस करते हैं तो यह वास्तविकता होगी लेकिन जब अपने आप को दुःख-संकटों से घिरा हुआ पाएं और कोई आपके लिए अच्छे दिन लाए जाने का आभास कराए या अच्छे दिन लाने की बात करें तो मानकर चलिए कि यह वर्चुअल रियलिटी है।इसे एक और उदाहरण से समझाता हूं।मान लीजिए कि आपकी जेब में पन्द्रह लाख रुपए रखे हैं यह तो वास्तविकता है यानी रियलिटी लेकिन आपके बैंक खाते में पन्द्रह लाख आ सकते हैं, यह आभासी वास्तविकता होगी।इस आभासी वास्तविकता से आपके तात्कालिक आनन्द में कई गुना अभिवृद्धि हो सकती है और आप सामने वाले पर फिदा हो सकते हैं और फिर वह जैसा चाहे आपको दूह सकता है। आपको जब अलानी,फलानी,ढिकानी पार्टी द्वारा यह कहा जाता है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो आपको तीन सौ यूनिट या चार सौ यूनिट बिजली फ्री देने या फिर फ्री राशन, फ्री गैस, फ्री इलाज, कर्ज माफी, लैपटॉप देंगे तो उनकी ऐसी बातों को आप वर्चुअल रियलिटी मान सकते हैं।यानी आपको भविष्य में कुछ पाने का आभास होगा, कुछ सपने होंगे बंद आंखों के तो कुछ खुली आंखों के।और फिर खुदा न खास्ता अगर बाद में ये मिल भी गए तो दूसरे रास्ते से टैक्स के रूप में वसूल लिए जाएंगे अर्थात कान सीधे तरफ से न पकड़कर उल्टी तरफ से पकड़ने का फार्मूला ही वर्चुअल रियलिटी है।जनता तो बेचारी गाय समान ही है।जैसे ज्यादा वोट खिंचने के लिए मतदाता को दूहने की कला का विकास हमारे यहां हुआ है,ठीक इसी तरह का चरम विकास तुर्की के किसान ने किया है।उसने अपनी गायों को वर्चुअल रियलिटी (वी आर) गागल्स(हेडसेट) लगाए हैं।इनमें उस किसान ने लोकतंत्र में जनता रूपी गाय को दिखाए जाने वाले सब्जबाग की तरह गायों को हरे-भरे चरागाहों के वीडियो दिखा दिए और उनका तनाव कम कर परिणाम में बढ़ा हुआ दूध दूहकर अपनी बल्ले-बल्ले कर ली।यही सब लोकतंत्र की वर्चुअल रियलिटी है और यह शो बदस्तूर चालू है। **प्रदीप उपाध्याय**

# नैसर्गिक शक्ति की जगह नहीं ले सकता कृत्रिम सौंदर्य



**सामयिक**

सरकार भारत सदियों से संयम, त्याग और आध्यात्मिक चेतना की भूमि रहा है।यहां आत्मसंयम को ही वास्तविक शक्ति माना गया है और चरित्र को ही मनुष्य की सबसे बड़ी संपत्ति समझा गया है।यही कारण है कि इस देश ने समय-समय पर ऐसे महान आदर्श प्रस्तुत किए, जिन्होंने न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण विश्व को दिशा दी। भीष्म पितामह की आजीवन ब्रह्मचर्य प्रतिज्ञा हो, भगवान महावीर का संयम और तप का संदेश हो या स्वामी विवेकानन्द का तेजस्वी व्यक्तित्व इन सबने सिद्ध किया कि सच्ची शक्ति बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि भीतर के आत्मबल में निहित होती है।आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी इन आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझे, क्योंकि देश की बागडोर अब युवाओं के हाथ में है। वर्तमान समय में युवा शक्ति अनेक चुनौतियों से घिरी हुई दिखाई देती है। भोगवादी प्रवृत्तियां, दिखावा, कृत्रिम जीवनशैली और व्यसनों की प्रवृत्ति ने युवाओं के नैसर्गिक तेज को धूमिल कर दिया है। देर रात तक अनावश्यक मनोरंजन में डूबे रहना, असंतुलित दिनचर्या, अस्वस्थ खान-पान और फैशन की अंधी दौड़ ने उनके शरीर और मन दोनों को कमजोर किया है।जबकि एक युवा के व्यक्तित्व में ऊर्जा, उत्साह, दृढ़ निश्चय और कर्मठता का संचार होना चाहिए।राष्ट्र का भविष्य उन्हीं कंधों पर टिका होता है जिनमें सामर्थ्य, चरित्र और कर्तव्यनिष्ठा का बल हो।यदि युवा स्वयं ही शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से दुर्बल हो जाएं, तो राष्ट्र की प्रगति कैसे संभव होगी?

कृत्रिमता के इस युग में मनुष्य बाहरी सजावट से अपनी वास्तविकता को ढकने का प्रयास करता है, परन्तु सच्चाई यह है कि कृत्रिम सौंदर्य कभी भी नैसर्गिक शक्ति और आत्मविश्वास का स्थान नहीं ले सकता। जिस प्रकार सूखी जड़ वाला वृक्ष ऊपर से हरा दिखाया जाए तो भी वह अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकता, उसी प्रकार यदि युवा केवल बाहरी आडंबर में उलझे रहेंगे और आत्मिक विकास की ओर ध्यान नहीं देंगे, तो उनका व्यक्तित्व खोखला रह जाएगा। राष्ट्र निर्माण के लिए ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जिनकी जड़ें मजबूत हों, जिनके भीतर आत्मसंयम और आत्मविश्वास की गहरी नींव हो।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा ने सदैव संयम, तप और साधना को महत्व दिया है।यहां जीवन को केवल भोग का साधन नहीं, बल्कि साधना का अवसर माना गया है। स्वामी विवेकानन्द जब विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लेने के लिए शिकागो गए, तब भी उन्होंने अपने संस्कारों और संयम को नहीं छोड़ा। उनके तेजस्वी व्यक्तित्व का रहस्य बाहरी आकर्षण नहीं, बल्कि भीतर की पवित्रता और आत्मबल था। यही आत्मबल युवाओं को अपनाना होगा।जब युवा अपने चरित्र को दृढ़ बनाते हैं, तब वे समाज में विश्वास और प्रेरणा के स्तंभ बनते हैं।

आज देश अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, उद्योग, राजनीति और सामाजिक जीवन में नई संभावनाएं उभर रही हैं। इन संभावनाओं को साकार करने की जिम्मेदारी युवाओं पर ही है।देश की बागडोर उनके हाथ में है, इसलिए उन्हें केवल अपने व्यक्तिगत सुख-सुविधा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना चाहिए।देश के प्रति समर्पण केवल नारों से सिद्ध नहीं होता, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम से प्रकट होता है।जब युवा अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा से करते हैं, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है।

युवाओं का प्रथम कर्तव्य है कि वे स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाएं।स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, व्यायाम और योग से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही अध्ययन, चिंतन और सत्साहित्य के माध्यम से बुद्धि का विकास होता है। ज्ञान से ही विवेक उत्पन्न होता है और विवेक से ही सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है।जब युवा विवेकशील बनेंगे, तभी वे समाज को सही दिशा दे सकेंगे।

दूसरा महत्वपूर्ण कर्तव्य है नैतिक मूल्यों का पालन। ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, करुणा और सहयोग की भावना ही समाज को जोड़ती है।यदि युवा भ्रष्टाचार, छल और स्वार्थ से दूर रहकर आदर्श जीवन जिएंगे, तो समाज में विश्वास की नींव मजबूत होगी।राष्ट्र का निर्माण केवल सड़कों और भवनों से नहीं, बल्कि सुदृढ़ चरित्र वाले नागरिकों से होता है।

– कांतिलाल मांडोत

## आप की बात

### युवा जागेगा तभी आगे बढ़ेगा देश

राष्ट्र का सुनहरा भविष्य युवाशक्ति के जागरण में निहित है। युवाओं को अपने कर्तव्यों का बोध होना चाहिए और उन्हें पूरे समर्पण के साथ निभाना चाहिए। संयम, परिश्रम, नैतिकता और देशभक्ति के आधार पर ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। आज समय की पुकार है कि युवा स्वयं को बदलें, समाज को बदलें और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।जब युवाशक्ति जागृत होगी, तब भारत का भविष्य सचमुच स्वर्णिम बनेगा।

युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा प्रसार, स्वच्छता अभियान, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक समरसता जैसे कार्यों में आगे आना चाहिए। वे नई सोच और नवाचार के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं।तकनीकी दक्षता और रचनात्मकता के बल पर वे विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा उठा सकते हैं।

जब युवा अपने कौशल और प्रतिभा को राष्ट्रहित में समर्पित करते हैं, तब देश प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूता है। आज आवश्यकता है कि युवा कृत्रिम आकर्षणों से ऊपर उठकर वास्तविक जीवन मूल्यों को अपनाएँ।संयम का अर्थ केवल त्याग नहीं, बल्कि अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करना है।जब इन्द्रियां भोग से हटकर योग की ओर उन्मुख होती हैं, तब व्यक्ति में अद्भुत शक्ति का संचार होता है।यही शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार बनती है।युवाओं को चाहिए कि वे अपने भीतर आत्मगौरव और राष्ट्रगौरव की भावना को जागृत करें। भारत का भविष्य उज्ज्वल तभी होगा जब उसकी युवा पीढ़ी जागरूक, अनुशासित और समर्पित होगी।आज का युवा यदि अपने वर्तमान को संवार ले, तो उसका कल स्वयं ही स्वर्णिम हो जाएगा।देश की प्रगति किसी एक नेता या संस्था पर निर्भर नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सामूहिक प्रयास पर आधारित है।जब प्रत्येक युवा यह संकल्प लेगा कि वह अपने जीवन को राष्ट्र के हित में उपयोग करेगा, तब भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। **धीरज पांडेय, लखनऊ.**

### शिवभक्तों पर हमले अनुचित

शिवरात्रि पर बरेली और अमरोहा में जो भी अप्रिय घटना हुई। कांवरियों पर हमले हुए, उसकी जितनी भी आलोचना की जाए, कम है। भोलेनाथ अल्प से प्रसन्न हो जाने वाल देवधिदेव हैं और उनके भक्तों में भी अपने ईष्ट के गुण आने स्वाभाविक हैं लेकिन हाल के वर्षों में जिसतरह सनातनी समाज पर जान-बूझकर हमलेकिएजारहे हैं, वह नाकाबिले बर्दाश्त है। हमें समझना होगा कि शिवभक्त प्राणि मात्र में भगवान शिव की व्याप्ति देखते हैं। शिव भक्ति से व्यक्ति में वैराग्य, संयम और संतुलन का विकास होता है।यह भोग और मोक्ष—दोनों का मार्ग प्रशस्त करती है। सृष्टि चक्र पर शिव का वर्चस्व सर्वविदित है।ब्रह्मा सृष्टि की रचना करते हैं, विष्णु उसका पालन करते हैं और शिव संहार करते हैं।किंतु यह संहार विनाश नहीं, बल्कि नवसृजन की भूमिका है।जैसे बीज मिट्टी में दबकर अंकुर बनता है, वैसे ही संहार के बाद ही नई सृष्टि का उदय होता है।प्रलयकाल में समस्त सृष्टि शिव में लीन हो जाती है।वे ही आदियोगी हैं, जिनसे योग का प्रारंभ हुआ।वे ही आदिनाथ हैं, जिनसे तंत्र और ध्यान की परंपरा चली।शिवलिंग के दर्शन और पूजन करने से व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक जागरण होता है।कहा जाता है कि इन ज्योतिलिंगों के स्मरण मात्र से सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान शिव का संदेश सरल है।अहंकार का त्याग, आत्मसंयम और समत्व की भावना। पूजाकोई भी कर रहा हो, मानवता का तकाजा यही है, कि उसमें न तो व्यवधान डाला जाए और न ही माहौल बिगाड़ने की कोशिश हो। कानून कोहाथमें लेनाकिसी भी लिहाज से उचित नहीं है।भारतीय संस्कृति और सभ्यता तो अनेकता में एकता की रही है।यह सब जानने-समझने के बाद भी कुछ लोगों काशरारतपूर्ण व्यवहारसमझसे परे हैं। **अविकल, बाराबंकी**

# रमजान, ईद, होली और रामनवमी मेले को लेकर प्रशासन अलर्ट

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष चंद्र दर्शन के अनुसार 18/19 फरवरी 2026 से रमजान माह प्रारंभ होना संभावित है। इस दौरान इस्लाम धर्मावलंबियों द्वारा प्रतिदिन प्रातः शहरी, सायंकाल मस्जिदों में तरावीह तथा रोजा इफ्तार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और पांच वक्त की नमाज अदा की जाएगी। चंद्र दर्शन के अनुसार ईद-

**● जिला मजिस्ट्रेट ने शांति व्यवस्था के लिए जारी किया निर्देश**

उल-फितर का त्योहार 20/21 मार्च 2026 को मनाया जाना संभावित है। उन्होंने बताया कि रमजान माह में 20 फरवरी, 27 फरवरी, 6 मार्च को शुक्रवार पड़ेंगे तथा 13/20 मार्च को रमजान का अंतिम शुक्रवार (जमातुलविदा) होगा।शिया समुदाय द्वारा रमजान की 19वीं, 20वीं व 21वीं तारीख को जुलूस निकाले जाने की परंपरा है। नगर में सुन्नी समुदाय द्वारा ईदगाह सिविल लाइन तथा शिया समुदाय द्वारा इमामबाड़ा राठहवेली व रानोपाली ईदगाह में सामूहिक नमाज अदा की जाती है। ईद के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख ईदगाहों एवं मस्जिदों में नमाज के बाद लोग एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम का प्रांतीयकृत चैत्र रामनवमी मेला 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त 2 मार्च को होलिका दहन तथा 4 मार्च को होली का पर्व है। इन सभी आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट एवं समस्त उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही मुस्लिम धर्मगुरुओं, मौलानाओं व कमेटियों से संवाद स्थापित कर समय से शांति समिति की बैठकें आयोजित की जाएंगी। त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर संभावित विवादों का समय से निस्तारण तथा नई परंपरा न पड़ने देने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी को पर्व के दौरान जनपद के सभी अस्पतालों, पीएचसी व सीएचसी में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं व एंबुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, कैंट बोर्ड एवं पंचायती राज विभाग को साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, मार्ग मरम्मत एवं जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया है। विद्युत विभाग को ढीले तारों व जर्जर खंभों की मरम्मत तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग को मस्जिदों, ईदगाहों व प्रमुख मार्गों के गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने को कहा गया है। जल निगम को आवश्यकतानुसार हैंडपंपों के रिबोर तथा खोदे गए गड्ढों के समतलीकरण के निर्देश दिए गए हैं। नगर निकाय, पंचायती राज एवं पशु चिकित्सा विभाग को भीड़भाड़ वाले स्थलों व जुलूस मार्गों से निराश्रित पशुओं को हटाने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जारी निषेधाज्ञाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# अधिवक्ता की दिन दहाड़े हत्या के मामले में पुलिस के हाथ खाली, अधिवक्ताओं में उबाल



**बाराबंकी।** अधिवक्ता शुऐब किदवई उर्फ बॉबी हत्याकांड में 48 घंटे बाद हत्यारों की गिरफ्तारी न होने से नाराज अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओ ने कचहरी से नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंच प्रदर्शन किया। तथा जल्द खुलासे

**● एसपी कार्यालय घेरकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन**

की मांग की। आपको बताते चले 13 फरवरी 2026 को लखनऊ-बाराबंकी हाईवे स्थित असैनी मोड़ के पास सर्विस लेन पर अज्ञात हमलावरों ने अधिवक्ता शुऐब किदवई पर ताबड़तोड़ गोलियां चला कर उनकी निर्मम हत्या कर दी थी।

दिनदहाड़े हुई साथी अधिवक्ता की हत्या से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने जिला अस्पताल से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक जोरदार प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया और पुलिस को 48 घंटे में हत्यारों की गिरफ्तारी का अल्टीमेटम दिया था। जिसके बाद आज सोमवार को निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी हत्यारों का कोई सुराग न मिलने से जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय तक पहुंचे। तथा मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने अधिवक्ताओ से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हत्याकांड के खुलासे के लिए 5 टीमें गठित की है। जिनको अलग-अलग जनपदो में जांच के लिए भेजा गया है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जायेगा। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कचहरी परिसर, पटेल तिराहा के पास भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस के अनुसार जांच कई एंगल से की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। हालांकि 48 घंटे बाद भी ठोस सुराग न मिलने से अधिवक्ता समुदाय में नाराजगी बरकरार है।

## मदरसा इस्लामिया परिसर में एक तरही मुशायरा और कवि गोष्ठी का आयोजन




**बाराबंकी।** उर्दू भाषा और साहित्य को आम जन तक पहुंचाने और बढ़ावा देने की कोशिश करने वाली साहित्यिक संस्था अदबी कैनवस के तत्वाधान मे मुशायरा एवं कवि गोष्ठी का आयोजन गया। मुख्य अतिथि के रुप मे नसीर अंसारी, हाशिम अली हाशिम, मोहम्मद असगर उस्मानी, जमीर फैजी, राही सिद्दीकी मौजूद रहे। संचालन सेक्रेट्री आदर्श बाराबंकवी ने किया। सम्मेलन मे शायर डा0 रेहान अल्वी ने पढ़ा शुक्र हम से न हो भले लेकिन। उसने नियमत तो बारहा दी है। इसके अतिरिक्त जकी तारिक बाराबंकवी, डॉक्टर फिदा हुसैन, आदर्श बाराबंकवी, कैफी रुदौलवी, मास्टर इरफान बराबंकवी, वकार बराबंकवी, अंजुम अहमद पुरी, सलीम हमदम रुदौलवी, किरण भारद्वाज, तुफैल जैदपूरी, नफीस अहमदपूरी, असलम सैदनपुरी, नूरेन चमनवली, इरशाद बाराबंकवी, वली अलिआबादी, नाजिश बाराबंकवी ने अपनी पंक्तियां पेश किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष जियाउद्दीन अहमद, गुलजार फातिमा, शमीम अंसारी, कारी मकबूल अहमद, इमरान किदवाई, कमर असलम मौजूद रहे।

## 4 ओवरलोड सीज, बिना परमिट के अनफिट स्कूली वाहन सहित 35 वाहनों के काटे चालान, 1.25 लाख जुर्माना



**बाराबंकी।** अनाधिकृत डग्गामार, बिना फिटनेस सहित ओवरलोड वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा शुरू किये गये विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज प्रवर्तन दलो ने अनफिट स्कूल वाहन व ओवरलोडेड वाहनों को सीज कर भारी जुमार्ना किया। आज सोमवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने विभिन्न मार्गो पर 4 ओवरलोड़ वाहनो को सीज किया तथा 35 वाहनो का चालान काटकर लगभग 1.25 लाख जुमार्ना लगाया। अभियान के दौरान एक वाहन संख्या यू0पी 14 एटी 1922 पर वर्ष 2024 से बकाया टैक्स व फिटनेस फेल पर भारी जुर्माना कर थाने में निरुद्ध एवं एक स्कूली वाहन बिना परमिट के संचालित मिलने पर चालान कर चालक को नियमो का पालन किये जाने के निर्देश दिये।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे के पूर्वी छोर पर बने वेलकम बोर्ड के पास अनियंत्रित बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गोसाईंगंज कस्बे के रामबली स्कूल के पीछेस्थित बनराजा बस्ती निवासी राजकुमार35पुत्र स्व0मिर्चवा पैदल ही दातून बेचने जा रहा था।वह जैसे ही वेल्कम बोर्ड के पास पहुंचा कि तभी अम्बेडकरनगर की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने जबरदस्त टक्कर मार दी।

जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी गोसाईंगंज ले गईं जंहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।इसी बीच मौका पाकर बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया।एसआई आशुतोष गुप्ता के मुताबिक शव को पीएम के लिए भेजा गया और बाइक को जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है।

# अयोध्या में चमकेंगी ग्रामीण इलाकों की प्रतिभाएं

**अयोध्या।** अयोध्या के ग्रामीण इलाकों की खेल सुविधाओं में अब बड़ा परिवर्तन दिखने जा रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ युवाओं के खेल और शारीरिक विकास पर विशेष जोर देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ओपन जिम और आधुनिक स्टेडियम निर्माण की व्यापक योजना बनाई है। इस कदम से

**● गांवों में ओपन जिम व स्टेडियम निर्माण की तैयारी**
**● ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक स्टेडियम बनाकर युवाओं को दी जाएँगी सुविधाएं**

अयोध्या के गांवों में छिपी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा और युवा स्थानीय स्तर पर ही विश्वस्तरीय अभ्यास कर सकेंगे। जिले के ग्रामीण इलाकों में ओपन जिम और मिनी स्टेडियम बनाने की तैयारी जोरों पर है। प्रशासन द्वारा 11 विकासखंड में भूमि चिह्नित करने का कार्य शुरू हो चुका है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपयुक्त जगहों की पहचान की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू हो सके। ये सुविधाएं ग्रामीण युवाओं को शहरों की ओर जाने की मजबूरी से बचाएंगी और उन्हें घर के पास ही अभ्यास का मौका देंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने खेल को युवा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम माना है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खेल सुविधाओं पर विशेष प्रावधान किया गया है। राज्य स्तर पर ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम निर्माण के लिए 130 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित की गई है। यह राशि पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उपयोग की जाएगी, जिसमें अयोध्या के गांव भी प्रमुखता से शामिल होंगे।सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि अयोध्या को आस्था का केंद्र के साथ-साथ खेल और युवा सशक्तिकरण का भी प्रमुख हब बने। राम नगरी के रूप में विश्व प्रसिद्ध होने के साथ ही यहां के युवा खेल के मैदान में भी नई ऊंचाइयां छू सकें। ओपन जिम से आम ग्रामीण युवा फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग में रुचि ले सकेंगे, जबकि मिनी स्टेडियम, क्रिकेट, फुटबॉल, कुश्ती और एथलेटिक्स जैसी खेल गतिविधियों के लिए आदर्श साबित होंगे।

यह योजना ह्यकैच देम यंगह्न की भावना से जुड़ी हुई है, जिसके तहत बचपन से ही प्रतिभाओं को पकड़कर उन्हें निखारा जाता है। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जिले के ग्रामीण युवा अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। भूमि चिह्नांकन के बाद जल्द ही निर्माण एजेंसियां काम शुरू करेंगी। इससे न केवल युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। गांवों में खेल के मैदान और जिम बनने से पर्यटन के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। रुदौली विधानसभा क्षेत्र बिड़हार गांव निवासी अजय तिवारी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में ऐसी आधुनिक सुविधाएं आने से हमारे जैसे युवाओं को बड़ा मौका मिलेगा। प्रतिभा होने के बावजूद संसाधनों की कमी से पीछे रह जाते थे, अब घर के पास ही क्रिकेट, कुश्ती या फुटबॉल का प्रैक्टिस कर सकेंगे। सरकार का 130 करोड़ का प्रावधान देखकर लगता है कि अब गांव के बच्चे भी देश-विदेश में नाम कमाएंगे।

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के किनौली गांव निवासी मुकुल श्रीवास्तव काफी उत्साहित है उनका कहना है कि गांव में मिनी स्टेडियम लगभग तैयार होना बड़ा तोहफा जैसा है। ओपन जिम भी बड़ी सौगात होगी। पहले हम लोग सिर्फ गांव के पुराने मैदान पर खेलते थे, लेकिन अब आधुनिक सुविधाओं से ट्रेनिंग मिलेगी।

## ट्रेलर में पीछे से भिड़ा डंपर, चालक की मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या । इनायत नगर थाना क्षेत्र के बारुन बाजार में सोमवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में डंपर चालक कुलदीप गुप्ता (28) पुत्र सन्तोष गुप्ता निवासी फतेहपुर की मौत हो गई। यह घटना सुबह 7:25 बजे हुई, जब एक डंपर ने आगे चल रहे ट्रेलर को पीछे से टक्कर मार दी। स्थानीय पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के समय आगे चल रहे ट्राले यूपी 79 एटी 6362 का अगला पहिया फट कर पंचर हो गया था। बस्ती निवासी ड्राइवर मोहित कुमार ने तुरंत ब्रेक लगाई, जिसके बाद ट्रेलर पर सवार दूसरा चालक बजरंगी नीचे उतरा और वाहन को किनारे लगाने के लिए पीछे खड़ा होकर साइड देख रहा था। इसी दौरान, जगदीशपुर की ओर से आ रहे डंपर यूपी 71 बीटी 1579 ने ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर का इंजन वाला हिस्सा चिपक गया,चालक कुलदीप स्टीयरिंग के पास फंस गया, डंपर की बीच से चेचिस टूट गई।

## डीएम ने की राजस्व, प्रवर्तन एवं भूमि अर्जन से जुड़े कार्यों की समीक्षा




***बाराबंकी।*** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजस्व, प्रवर्तन एवं भूमि अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति, प्रवर्तन कार्यवाहियों तथा भूमि अर्जन से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्टों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने प्रत्येक नगर निकाय में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने, सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर हटाने, अभियान की नियमित मॉनिटरिंग, जनपद में अवैध खनन एवं अनुमति से अधिक खनन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही करने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी नगर निकायों को सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राज कुमार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सिरौलीगौसपुर तेजस के0, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एलपीएस संस्थापक डॉ. एसपी सिंह ने शिक्षण पद्धतियों में बदलाव और नवाचार पर की प्रेस वार्ता

**बाराबंकी।** शिक्षण पद्धतियों में बदलाव और नवाचार को लेकर असैनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल आडिटोरियम पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के संस्थापक व प्रतापगढ़ सांसद डॉ एस0पी सिंह ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता

**● दक्षता-आधारित शिक्षण मॉडल, डिजिटल लर्निंग टूल्स, स्मार्ट क्लासरूम, नियमित शिक्षक प्रशिक्षण, छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियाँ विद्यालय मे लागू: डॉ. सिंह**
**● कक्षा 12 तक सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त होने पर दी विस्तृत जानकारी**

में संस्थापक श्री सिंह ने बताया कि जनपद जैसे उभरते शैक्षिक क्षेत्र में विश्वस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है।

विद्यालय में दक्षता-आधारित शिक्षण मॉडल, डिजिटल लर्निंग टूल्स, स्मार्ट क्लासरूम, नियमित शिक्षक प्रशिक्षण तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियाँ लागू की गई हैं। संस्था स्थानीय विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक, खेल, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों की समुचित व्यवस्था प्रदान कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय को आधिकारिक रूप से कक्षा 12 तक सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त हो गई है। जिसका सीबीएसई संबद्धता क्रमांक 2134517 है। इस संबद्धता के साथ अब हमारे विद्यार्थी उसी सुरक्षित, स्नेहपूर्ण एवं शैक्षणिक रूप से समृद्ध वातावरण में कक्षा 12 तक अपनी




पढ़ाई जारी रख सकेंगे। महाप्रबंधक हर्षित सिंह ने बताया कि हमारी संस्था विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एनईईटी, आईआईटी, जेईई, सीएलएटी, सीएटी, आईपीएमएटी और सीयूईटी की बेहतर तैयारी कराने के साथ ही आईईएलटीएस एवं टीओईएफएल के लिए विशेष मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने हेतु समर्थ बनाती रहेगी। तथा ब्रिटेन के शिक्षाविद के दिशा निर्देशन में विद्यालय में नवीन असेसमेंट प्रोसेस एवं स्टूडेंड ग्रोथ ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया गया है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी कांति सिंह, प्रधानाचार्य डा0 रितु सिंह, मीड़िया प्रभारी विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जनपद में कुल 115 परीक्षा केंद्रों पर होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ होंगी। जनपद में कुल 115 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 16 को संवेदनशील और 5 को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि प्रत्येक ब्लॉक में सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। पांच जोनल मजिस्ट्रेट परीक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। इसके अतिरिक्त पांच सचल दल गठित किए गए हैं तथा निदेशालय से दो पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच



चुकी हैं। शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीलपैक प्रश्नपत्र केंद्रों को भेजे गए। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर व वॉइस रिकॉर्डिंग सिस्टम की व्यवस्था की गई है, जिसकी निगरानी विद्यालय, जनपद कंट्रोल रूम एवं निदेशालय स्तर से होगी। प्रत्येक कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक, जिनमें एक बाहरी होगा, तैनात रहेंगे। इस वर्ष लगभग 75 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त होंगी।

## उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर एसपी ने दी बधाई



**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक/निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली-2015 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत पात्रता एवं ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा जनपद बहराइच में तैनात मुख्य आरक्षी श्री जगलाल प्रसाद को उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) पद पर पदोन्नत किया गया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बहराइच के चुनाव प्रकोष्ठ में नियुक्त मुख्य आरक्षी श्री जगलाल प्रसाद को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की उपस्थिति में स्टार एवं बैज लगाकर पदोन्नति प्रदान की गई। इस अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा भी नवपदोन्नत उपनिरीक्षक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## शिव नाम से जग में उजाला............



**बाराबंकी।** सत्यप्रेमी नगर स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर में जागरण, शिवलिंग भव्य श्रंगार व भक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण में पीलीभीत से आए कलाकारों रजत मस्ताना ग्रुप द्वारा राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, नरसिंह

**● महाशिवरात्रि पर सजा भक्ति का दरबार, झांकियों-भजनों से गूंजा मंदिर परिसर**
**● पीलीभीत के कलाकारों ने भक्ति संगीत पर किया मनमोहक नृत्य**

अवतार, हनुमान जी और दुर्गा जी की सजीव झांकियों सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ कलाकारो ने गणेश वंदना से किया।

कार्यक्रम मे फूलों की होली और शिव विवाह की मनोहारी प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ मे हर ओर ह्नहर-हर महादेवह्न के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। सुप्रसिद्ध गायिका अंजलि मिश्रा ने शिव नाम से जग में उजाला और ओम नमः शिवाय, शिव कैलाश के वासी, शिव के आगे बारात जैसे भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके उपरान्त पंडित अनिल महाराज ने अरे द्वार पालो भजन पर श्रद्धालुओ को झूमने पर मजबूर किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, डा0 राज विवेक वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र वर्मा, संतोष कुमार तिवारी, गणेश प्रसाद जायसवाल, उमेश शुक्ला, अमित जायसवाल, मदन शुक्ला, केदारनाथ पांडे, रोहित द्विवेदी, अक्षय जायसवाल मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मेले में 59 ग्रामीणों ने करायी जांच

**बहराइच ।** ग्राम पारापरसरामपुर, ब्लॉक जरवल में आयोजित स्वास्थ्य मेले ने ग्रामीणों को उनके गांव में ही समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। मेले का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज की आधारशिला सुरक्षित मातृत्व और सशक्त बेटियों से निर्मित होती है। कानून के अनुसार लड़कियों के विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित है, जबकि स्वास्थ्य की दृष्टि से 20 वर्ष के बाद गर्भधारण अधिक सुरक्षित माना जाता है। कम उम्र में विवाह और गर्भधारण से मातृ एवं शिशु मृत्यु व जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए समुदाय को जागरूक होकर सही उम्र में विवाह और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना चाहिए।मेले में कुल 594 पुरुष एवं महिलाओं का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 452 लाभार्थियों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण का लाभ 259 लोगों को मिला। परिवार नियोजन सेवाओं के तहत 49 दंपतियों को परामर्श एवं आवश्यक सेवाएं प्रदान की




गईं।आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 45 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए, जिससे वे पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार के पात्र होंगे। किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु 35 बालिकाओं को सैनिटरी पैड वितरित किए गए।स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए ह्यस्नेक एंड लैडरह्न जैसे रोचक खेल का आयोजन किया गया, जिसमें 42 बच्चों ने भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किए। खेल के माध्यम से स्वच्छता, पोषण और शिक्षा का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया।

इस मौके पर डीपीएम मोहम्मद राशिद ने कहा कि परिवार नियोजन सेवाएं दंपतियों को सुरक्षित अंतराल रखने और स्वस्थ परिवार निर्माण में सहयोग देती हैं। उन्होंने कहा कि दो गर्भधारण के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखना मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।मेले में आयोजित फोल्क मीडिया शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लोक कलाकारों ने परिवार नियोजन, बाल विवाह निषेध और बालिका शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गीत, संगीत और नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम को सराहा और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सजग रहने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मोबियस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, भारत स्काउट गाइड के कल्लन इदरीसी, ग्राम प्रधान छिद्दू प्रसाद, आरबीएसके टीम जरवल से डॉ. समा एवं डॉ. अभिषेक, आयुष्मान मित्र, एएफएचएस काउंसलर रविंद्र चौधरी, आशा, एसमूह की महिलाएं, पीसी व फील्ड ऑफिसर आदि उपस्थित रहे।

## जंगली हाथी ने बुजुर्ग पुजारी को कुचला

बहराइच। जिले में कतर्नियाघाट जंगल में बने मंदिर के एक बुजुर्ग पुजारी को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला।एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज कतर्नियाघाट थाना-सुजौली अन्तर्गत ग्रामसभा कारीकोट के हजारीपुरवा गांव निवासी बाबा सुरेश दास (100 वर्ष से अधिक) वन रक्षक चौकी के समीप बने मंदिर में बीते 50-60 वर्षों से पूजा करने आते थे। कभी-कभी रात में देर होने पर वह मंदिर में ही रुक जाते थे। रविवार रात भी वह मंदिर में रुके हुए थे। रविवार रात करीब 20.05 बजे जंगली हाथी ने हमला कर उन्हें मार डाला बयान के अनुसार स्थलीय निरीक्षण में घटनास्थल के समीप जंगली हाथियों के स्पष्ट पगचिन्ह व लीद पाई गई। मृतक के शव पर गहरे धाव व पैर तथा अन्य अंगों की चमड़ी कटी हुई थी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सुजौली द्वारा मृतक के शव को थाना-सुजौली भेज दिया गया। मृतक के शव के पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

## मोटर साइकिले बरामद, 4 गिरफ्तार



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों एवं चोरों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय व क्षेत्राधिकारी महोदय कैसरगंज के कुशल नेतृत्व में पुलिस पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच द्वारा वाहन चोरी के अपराध के अनावरण हेतु टीम का गठन किया गया था जिसके क्रम मे आज दिनांक 16.02.2026 को चौकी प्रभारी उ0नि0 श्री शिवम कनौजिया व उनकी टीम द्वारा 05 अदद चोरी की मोटर साइकिल 03 अदद मोटर साइकिल की चेचिस व 04 अदद मोटर साइकिल के खुले हुए इंजन मय पुर्जो के साथ 04 अभियुक्तो को हरचन्दा रोड कस्बा जरवल से गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 30/2026 धारा 317(2)/319(2)/336(3) बीएनएस पंजीकृत कर बाद अन्य विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया ।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच ।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

संक्षेप

## दुपट्टे के फंदे के सहारे शव लटकता मिला छात्रा का शव

परशदेपुर रायबरेली। डीह थाना के परशदेपुर चैकी क्षेत्र में रविवार को संदिग्ध अवस्था मे बी ए की छात्रा का आंगन की जाली से दुपट्टे के फंदे के सहारे शव लटकता मिला।परिजन अस्पताल लेकर पहुचे जहाँ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। परशदेपुर कस्बे के वार्ड नम्बर दस रामसागर मोहल्ला निवासी मो. निहाल इदरीसी उर्फ बबलू की 19 वर्षीय बेटी महमूना उर्फ सोनम ने आँगन में लगे जाली से दुपट्टे के सहारे फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं परिजन बगैर पुलिस को सूचना दिए छात्रा को उतार कर सीएचसी सलोन लेकर गए जहां चिकित्सक ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में परिजन कुछ भी बोलने को राजी नही है। घटना के समय घर मे मौजूद छोटी बहन खुशनुमा ने पूछा दीदी ये क्या कर रही हो तो युवती ने बताया कि झूला बना रही हूं तुम्हे झूलने के लिए और खुद झूल गयी। सूचना पर पहुची चैकी पुलिस ने जांच पड़ताल कर परिजनों से पूछताछ की। मृतक युवती के नाना पीर मोहम्मद ने बताया कि घर पर कोई मौजूद नही था उस उक्त सिर्फ मृतक की छोटी बहन थी। सलोन सीएचसी के चिकित्सक मो. जावेद ने बताया कि परिजन युवती को लेकर आये बताया कि इलेक्ट्रिक शॉर्ट लगा है, सीपीआर दिया गया पर युवती की मौत पहले ही हो चुकी थी। इस बारे में पुलिस को सूचना दी गयी और डेट मेमो तैयार कर रहे थे तभी परिजन धक्का देकर भाग निकले। मामले में चौकी प्रभारी इंचार्ज सुभाष कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच पड़ताल की जा रही है, परिजन युवती को अस्पताल लेकर गए है।

## पाकिस्तान पर भारत की शानदार जीत पर मना जश्न

लालगंज रायबरेली। कोलंबो में हिंदुस्तान की टीम के द्वारा पाकिस्तान की क्रिकेट टीम पर दर्ज की गई धमाकेदार जीत के चलते लालगंज नगर में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर प्रसन्नता भी जताई गई। भारत की जीत पर सुशील शुक्ला ने खुशी जताते हुए कहा कि भारत को विजय दिलाकर भारतीय क्रिकेट टीम ने जो तोहफा दिया है, वह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। वरिष्ठ शिक्षक देवेस अग्निहोत्री और भाजपा सभासद कैलाश वाजपेई ने कहा कि पाकिस्तान को हराकर भारत की क्रिकेट टीम ने देश का नाम गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि भारत ने टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हराया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 गेंदों में 77 रन की तूफानी पारी खेली। जवाब में पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑल आउट हो गई। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस अवसर पर मोहम्मद याकूब अजय प्रताप सिंह, शीलू त्रिवेदी, कौशलेंद्र कंचन, रमेश मिश्रा, आयुष बाजपेई तन्नू बाजपेई, आदित्य वर्मा सहित भाजपा नेता अनूपपांडे, शिवम गुप्ता ने भी प्रसन्नता जताई है।

# शिव बारात का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



रायबरेली। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जगमोहनेश्वर मंदिर से निकाली गयी शिव बारात का रास्ते में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बारात में तरह-तरह की आस्था की प्रतीक झाकियां सजायी गयीं थी। झांकी के कलाकारों का प्रदर्शन इतना मन मोहक था कि जिधर से बारात निकली लोग मस्त होकर झूम रहे थे। शिव बारात में बैंड-बाजे व डी.जे. धार्मिक गीतों की धुन माहौल को चार चांद लगा रहे थे। बारात के स्वागत स्थलों की कड़ी में जनपद के वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी द्वारा अपने प्रतिष्ठान मुकेश कम्प्यूटर्स कोतवाली रोड रायबरेली की ओर से बारात का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत स्थल पर महान औघड़ सन्त पूज्य अवधूत भगवान राम, पूज्य गुरूदेव बाबा गुरूपद संभव रामजी, पूज्य पारद शिवलिंग, भगवान खाटू श्याम जी, सालासर बाला जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पूजा, अर्चना के साथ दीप प्रज्जवलित कर प्रसाद वितरित किया गया। श्री रस्तोगी द्वारा बारात संचालकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अंग वस्त्र भेंट करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी डा0 अमिताभ पाण्डेय, पूर्व सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी यादव, शिवकुमार शुक्ला, पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, व्यापार मण्डल अध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा, मनोज गुप्ता, बबलू जोशी, अनुज त्रिवेदी, सत्यांशु दुबे, आशु श्रीवास्तव, पवन अग्रहरि, श्रमिक संघ के अध्यक्ष पं. वी.के. शुक्ला, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष भौमेश कुमार स्वर्णकार, इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, गोविन्द सोनी, भाजपा नेता रवि सिंह चैधरी, विजय बाजपेयी, सपा नेता शशिकान्त शर्मा, सौरभ सिंह, नीलेश यादव, चैधरी सुरेश कुमार निर्मल, सुशील जनसेवक, रामबहादुर यादव, राजन रस्तोगी, जया रस्तोगी, देवरंजन रस्तोगी, वीनू रस्तोगी, देवर्षि रस्तोगी, शिवानी रस्तोगी, निवेदिता रस्तोगी, जानकी रस्तोगी, वान्या रस्तोगी, श्रवण रस्तोगी, वामी रस्तोगी, शिवी रस्तोगी, परी मौर्या, अशाक्य शाक्य आदि लोगों ने विशेष भूमिका निभायी।

## कस्बे में जलाभिषेक के साथ निकाली गई शिव बारात

सलोन, रायबरेली। खाकी की निगरानी में रविवार को कस्बे में जलाभिषेक के साथ शिव बारात निकाली गई।शिव भक्तों को ये सुखद पल दशकों के परिश्रम ,त्याग और ईश्वर पर टिकी आस्था के बाद मिला। शिव बारात में घण्टा घड़ियाल और शंख की धुन कस्बे में अदभुत छटा बिखेर रही थी।ढोल नगाड़ों के बीच शिव भक्त जमकर थिरके और हर हर महादेव के जयकारे भी लगे।सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा तहसील के अधाधिकारियो ने संभाल रखी थी।सड़को पर पुलिस के जवान स्थानीय प्रशासन के साथ मुस्तेद रहे।रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजक नागार्जुन प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक भक्तों ने पैदल विद्युत घर शिव मंदिर से शिव बारात निकाली।बारात में ढोल नगाड़े के साथ वाद्य यंत्र शंख की ध्वनि के बीच श्रद्धालु सड़को पर थिरकते नजर आए।इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने कस्बे के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया।इस दौरान वाद्य यंत्र की आवाज सुन लोग शिव बारात का हिस्सा होते गए। इसके बाद परशदेपुर मार्ग स्थित संतोष कोल्ड स्टोर शिव मंदिर पर शिव बारात यात्रा का समापन हुआ।कार्यक्रम में हिन्दू संगठन के नेता राम सजीवन गौड़, सुरेश सिंह, चंद्र शेखर रस्तोगी, शुभम साहू, दिनेश कौशल, नगर पुरोहित पंडित गया प्रसाद शास्त्री, रोहन साहू, अमन जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## आरेडिका में महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारे का आयोजन



रायबरेली। एमसीएफ के टाइप 4 कॉलोनी स्थित आधुनिकेश्वर शिव धाम मंदिर और टाइप 2 में स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शंकर की पूजा अर्चना की गई। महाशिवरात्रि के अगले दिन आज दिनांक 16 तारीख को दोनों मंदिरों में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें महाप्रबंधक महोदय ने दोनों स्थलों पर पहुंचकर पूजा अर्चना की एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं भी साथ में उपस्थित रहीं। महाशिवरात्रि पूजा में सभी कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य, यूनियन प्रतिनिधि सभी भक्तिमय नजर आये।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्री के त्रिदिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



रायबरेली। ब्लॉक संसाधन केंद्र अमावां में परिषदीय विद्यालयों के सामान्य शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के शिक्षक प्रशिक्षण को सुग्राही बनाने हेतु एन ई पी 2020 पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। कार्यक्रम का दिशा निर्देशन खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने किया तथा प्रशिक्षण विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव एवं मीना वर्मा द्वारा दिया गया। प्रशिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ध्यान लगाने का भी प्रशिक्षण दिया जिसके जरिए उन्हें काफी सुखद अनुभूति महसूस हुई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव ने भारतीय पुनर्वास परिषद, आर सी आई माड्यूल के आधार पर समस्या व्यवहार, व्यवहार परिमार्जन की विभिन्न मनोवैज्ञानिक तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया आँगनवाड़ी विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक सरकारी व्यवस्था हैं देश भर में लगभग 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्र है जिनमें लगभग 8 करोड़ से भी अधिक बच्चे शिक्षण-पोषण प्राप्त करते हैं। मीना वर्मा शीघ्र पहचान व निदान पर चर्चा की। ए आर पी हरीशचंद्र पाण्डेय विशेष शिक्षकों के द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग देने के लिए कार्यकत्रियों को प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में दृष्टिबाधित बालक शबाब अली ने सुंदर भजन प्रस्तुत करके सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। इस अवसर पर संतोष सिंह रेखा सिंह कुसुम आदि आँगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने अपने विचार व्यक्त किये।

## दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन



रायबरेली। बालिकाओं को सशक्त,मुखर ,निडर एवं उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद के सभी यू.पी.एस, कंपोजिट तथा केजीबीवी में मीना मंच कार्यक्रम का प्रत्येक शनिवार दोपहर बाद संचालन किया जाता है।

मंच के संचालन हेतु एक सक्रिय शिक्षिका को विद्यालय स्तर पर सुगमकर्ता तथा तीन बालिकाओं को पावर एंजेल नामित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह के दिशा निर्देश पर जनपद के सभी विकासखंड में दो दिवसीय मीना मंच सुगमकर्ताओ का उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आज जनपद के विकासखंड डीह मे बी.ई.ओ तरुण कुमार, राही मे बी.ई.ओ बृजलाल एव सताव मे बी.ई.ओ शीतल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समापन तथा अमावां में बी.ई.ओ रिचा सिंह की देखरेख में शुभारंभ किया गया। जनपद नोडल मीना मंच एस.एस पाण्डेय ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा मीना मंच के सफल संचालन हेतु समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं। मीना मंच कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त एवं मुखर उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने तथा मुसीबतो का सामना करने और आगे बढ़ाने के लिए सजग एवं जागरूक बनाया जाता है।

समापन अवसर पर बी.आर.सी सतांव एव राही में पहुंच कर उन्होंने मीना मंच गठन ,पावर एंजेल चयन, प्रत्येक शनिवार वार्षिक कैलेंडर अनुसार सत्र संचालन, हेल्पलाइन नंबर ,मीना मंच कक्ष की साज सज्जा, प्रगति के पंख एवं अरमान मॉड्यूल तथा कॉमिक्स बुक आधारित बच्चों को सजग एवं जागरूक बनाने के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक के रूप में सविता सिंह, सुनीति सिंह ,सीमा सिंह ,वंदना श्रीवास्तव, रिचा गोस्वामी ,राजलक्ष्मी वर्मा, संगीता मिश्रा मीता श्रीवास्तव, ब्लॉक नोडल रेनू शुक्ला संगीता सिंह के अलावा सभी सुगमकर्ता प्रशिक्षण में शामिल रही।

# पति ने मारा थप्पड़ तो प्रेमी ने कर दी युवक की हत्या

- एसपी चारू निगम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शुरू की जांच
- जांच में फॉरेंसिक टीम की भी ली गई मदद
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा



लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। महाशिवरात्रि के मेले में पड़ा एक थप्पड़ खूनी साजिश में बदल गया। जनवारी नाथ धाम में लगे महाशिवरात्रि के मेले में पति अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर गया था। वहां दोनों में किसी बात पर झगड़ा हो गया। इसी बात पर उसने पत्नी को थप्पड़ मार दिया। ये नजारा पास में खड़ा प्रेमी देख रहा था। इसी बात से नाराज होकर प्रेमी ने सोमवार की सुबह लगभग पांच बजे घर में घुसकर पति की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी और वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। इसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई। जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रेमी की तलाश जारी है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मदनपुर पनियार निवासी अमित सिंह ने शिल्पी के साथ तेरह वर्ष पहले लव मैरिज की थी। वह मुंबई में ट्रक चलाता था और मां तथा भाई के साथ रहता था। अमित के अलावा पत्नी शिल्पी तीन बच्चे शिवा (12), महक (9) और यश (9) रहते थे। छह महीने पहले उसकी सुलतानपुर कोतवाली देहात कामतागंज के ही रहने वाले दीपक से दोस्ती हो गई थी। दीपक भी मुंबई में ट्रक चलाता था। दोस्ती के बाद दीपक अमित के घर आने लगा था। इसी बीच अमित की पत्नी शिल्पी से उसकी नजदीकियां बढ़ गईं। दोनों में अफेयर हो गया। पति अमित को उसके अफेयर की जानकारी हुई तो दोनों के बीच झगड़ा हुआ। बाद में परिवार वालों ने सुलह-समझौता करा दिया। इसके बाद अमित ने नवंबर वर्ष 2025 में पत्नी शिल्पी को बच्चों के साथ गांव मदनपुर पनियार भेज दिया। खुद मुंबई में रहकर ट्रक चलाता रहा। शिल्पी के गांव आते ही दीपक भी ट्रक चालक की जॉब छोड़कर घर आ गया। इस दौरान बीच-बीच में वो शिल्पी ने मिलने आता रहा। महाशिवरात्रि पर्व पर 13 फरवरी को अमित घर आया था। रविवार को महाशिवरात्रि के दिन पूरा परिवार घर से जनवारी नाथ धाम में दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान पत्नी शिल्पी सिंह, पति अमित, तीनो बच्चे और साली आरती मौजूद थे। पहले सभी ने मंदिर में दर्शन किया, फिर मेला घूमने लगे। इस मेले में पत्नी का प्रेमी दीपक भी आया था। अमित की साली आरती ने बताया- मेले में किसी बात को लेकर दीदी और जीजा के बीच विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में अमित ने शिल्पी को एक थप्पड़ मार दिया। यह पूरा मामला प्रेमी दीपक ने देख लिया। रविवार शाम को सब घर लौटे। आरती भी अपने घर चली गई। रात को सबकुछ सामान्य था। बताया जाता है कि रात को सभी ने साथ में खाना खाया और सो गए। सुबह करीब पांच बजे अचानक दीपक शिल्पी के घर पहुंचा। शिल्पी जब तक कुछ समझ पाती, तब तक दीपक ने अलग कमरे में सो रहे अमित का चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद शिल्पी डर गई। वो बच्चों को लेकर चुपचाप मायके चली गई। मायके जाकर देवर को दी हत्या की सूचना दी। मायके में उसने बहन आरती को बताया की दीपक ने आज सुबह पांच बजे पति अमित की चाकू से हत्या कर दी है। वो थप्पड़ वाली बात से आहत हो नाराज था। इसके बाद शिल्पी ने ये बात मुंबई में रह रहे अपने देवर अजित को कॉल करके बताई। देवर अजीत ने कॉल कर गांव के लोगों और सुलतानपुर पुलिस को हत्या की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे में अमित का शव लहूलुहान हालत में पड़ा था। पुलिस ने शव कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद छापा मारकर शिल्पी को उसके मायके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, आरोपी दीपक हत्याकांड के बाद मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में टीमों को लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर चारू निगम ने बताया की अमित सिंह की आरोपी दीपक सिंह ने हत्या कर दी है। इसमें शामिल पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रेमी की तलाश जारी है। उसको गिरफ्तार करने के लिए चार टीमें गठित की गई है।

## सीएम डैशबोर्ड की बैठक सम्पन्न



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत निमार्णाधीन सड़क परियोजनायें, निमार्णाधीन परियोनायें एवं अन्य निर्माण कार्यो की माह जनवरी की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों का नवीनीकरण/मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराये जायें। निर्माण कार्यो में समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण न करने वाली कार्यदायी संस्थाओं को चिन्हित कर पेनालटी लगाई जाये। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु निर्माण सामग्री की समय-समय पर सैम्पलिंग कराकर जांच करवायी जाये। उन्होंने समय सीमा के उपरान्त लम्बित निमार्णो कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## यूजीसी डिप्लोमा विभाग का छठा फैशन शो रहा आकर्षण का केंद्र



सुलतानपुर (वीओएल)। पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के यूजीसी डिप्लोमा विभाग द्वारा आयोजित छठा फैशन शो भव्यता और रचनात्मकता का अद्भुत संगम बनकर सामने आया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपने हुनर और नवीन सोच से दर्शकों को नित-नवीन फैशन तकनीकों से रूबरू कराया।

संस्थान में यूजीसी के सहयोग से संचालित रोजगारपरक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अंतर्गत छात्रों ने प्राकृतिक एवं घरेलू सामग्रियों से तैयार परिधानों का आकर्षक प्रदर्शन किया। पॉलीथीन, सैटिन फ्लावर, पीपल लीफ, बटन, आर्टिफिशियल लीफ, फोम, ऊन का धागा और जूट जैसी सामग्रियों से डिजाइन की गई ड्रेसेज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस फैशन शो की विशेषता यह रही कि परिधानों की डिजाइनिंग से लेकर सिलाई तक का पूरा कार्य छात्रों ने स्वयं किया और मंच पर आत्मविश्वास के साथ उसका प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में छात्रों के परिजन, शहर के सम्मानित व्यवसायी, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और संस्थान द्वारा संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सराहना की। मुख्य अतिथि वर्धमान ग्रुप बद्दी (हिमाचल प्रदेश) के श्री ओंकार सिंह ने छात्रों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी केवल स्वप्न देखने वाले नहीं, बल्कि कर्मशील बनकर अपने उज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष प्रो. राधेश्याम सिंह, प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह, अनुशासन प्रमुख डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, डॉ. राजेश पाण्डेय सहित अनेक विभागों के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रो. राधेश्याम सिंह ने डिप्लोमा निदेशक डॉ. संजय पाण्डेय को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि डिप्लोमा विभाग के छात्र रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प को भी साकार कर रहे हैं। कार्यक्रम में कोमल मौर्या, शानिया जहरा, श्वेता तिवारी, शालिनी पाण्डेय, सरस्वती, सानया समीम, समीक्षा पटेल और खुशबू विश्वकर्मा जैसे प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन यूजीसी डिप्लोमा निदेशक डॉ. संजय पाण्डेय ने किया।

## सीडीओ ने ब्लॉक का किया निरीक्षण



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। मुख्य विकास अधिकारी ने विनय कुमार सिंह ने सोमवार शाम लगभग 04:00 बजे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कूरेभार ब्लॉक का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला विकास अधिकारी गजेन्द्र कुमार तिवारी भी मौजूद रहे। करीब एक घंटे चले निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर की व्यवस्थाओं और विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने परिसर में लगे वाटर कूलर की स्थिति देखी और कृषि भवन का निर्माण कार्य अधूरा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लक्ष्य पूरा न होने पर संबंधित कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीओ पंचायत कक्ष में परिवार रजिस्टर की नकल जारी करने में देरी पर भी सीडीओ ने असंतोष व्यक्त किया और प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। उर्दू अनुवादक हैदर अब्बास से पत्रावलियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। जनसुनवाई पोर्टल का रजिस्टर अद्यतन न पाए जाने पर संबंधित कर्मियों को चेतावनी दी गई। मनरेगा के अंतर्गत संचालित कार्यों की फाइलों का अवलोकन करते हुए फोटो प्रलेखन में पारदर्शिता की कमी पर भी नाराजगी जताई और सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी निशा तिवारी, खंड विकास अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी, एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा, लेखाकार बीर सिंह भारती, एडीओ समाज कल्याण मुदित शंकर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी दिवाकर सिंह, जेई आरएस ऋषभ पटेल, कंप्यूटर ऑपरेटर योगेश सिंह, सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी अभय प्रताप सिंह, एडीओ कॉपरेटिव प्रभात सिंह, एडीओ कृषि आलोक सिंह, अरुण शुक्ला सहित अन्य विकास कर्मी उपस्थित रहे। सीडीओ ने अंत में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेसी नेता को किया गया नजर बंद, पुलिस ने लगाया पहरा

तिलोई अमेठी । कांग्रेसियों द्वारा मंगलवार को लखनऊ स्थित विधान भवन के घेराव की खबर से प्रशासन सकते में हैं अमेठी जिले के कांग्रेस नेता सिंहपुर पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश मिश्रा को सोमवार को अंगुरी स्थित घर में नजरबंद कर पुलिस का पहरा लगा दिया वहीं उनके आने-जाने पर रोक लगा दी गयी है बातचीत में कांग्रेस नेता राकेश मिश्रा ने बताया की प्रदेश सरकार जन उपयोगी नितियों से डर गयी है और कांग्रेस के कार्यकताओं घर में कैद करना उनके मूल अधिकारों का हनन है

## 13 आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना

अमेठी। जनपद में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ द्वारा आयोजित 12 दिवसीय आवासीय ह्यआपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आज 13 चयनित आपदा मित्रों को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। उपजिलाधिकारी पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बस द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान कराया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर आधारित है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सर्पदंश से बचाव एवं प्राथमिक उपचार, प्राथमिक चिकित्सा, आकाशीय बिजली से सुरक्षा उपाय, डूबने की घटनाओं में बचाव कार्य, सड़क दुर्घटनाओं में राहत एवं बचाव तकनीक सहित विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद सभी आपदा मित्र, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में ह्यआपदा कवचह्न के रूप में कार्य करेंगे। किसी भी आपात स्थिति में ये प्रशिक्षित स्वयंसेवक तत्काल राहत एवं बचाव कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हुए आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित आपदा मित्रों की तैनाती से आपदा की स्थिति में प्रारंभिक सुनियोजित प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी, जिससे अमूल्य मानव जीवन की रक्षा की जा सकेगी तथा नुकसान को न्यूनतम किया जा सकेगा।

## खुशनूर फात्मा और अदिति का जोरदार स्वागत और सम्मान

अमेठी। टिकरी गांव निवासी अदिति यादव व गंगागंज मोहल्ला निवासी खुशनूर फात्मा द्वारा यूजीसी नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान समारोह हरे कृष्णा लाइब्रेरी अंतू रोड पर रखा गया, जहां दोनों मेधावियों का मुंह मीठाकर व फूलमालाओं से जोरदार स्वागत कर अंग वस्त्र से सम्मानित किया । सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि दोनों बहने नेट जेआरएफ जैसी परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। दोनों की उपलब्धि पर हम सभी अमेठी वासियों को गर्व है, अदिति यादव हिंदी से व खुशनूर फात्मा ने गृह विज्ञान विषय से नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है ये छात्रों के लिए प्रेरणाश्रोत है, आने वाले समय में अदिति और खुशनुमा जिले, प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगी, अदिति यादव बचपन से ही मेधावी है वह पहले प्रयास में नेट और दूसरे प्रयास में जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की है। वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय की टॉपर रह चुकी हैं। छात्रों को संबोधित करती हुई अदिति ने बताया कि मेहनत लगन व अपने करियर के प्रति ईमानदारी से पढ़ाई करें सफलता आपके कदम चूमेगी, आगे मै पीएचडी कर प्रोफेसर बनना चाहती हूं, खुशनूर फातमा ने बताया कि किसी भी लक्ष्य पाने के लिए कोशिश करने वालों की हार नहीं होती. कार्यक्रम को भूतपूर्व सैनिक रणधीर यादव व प्रत्यूष ने संबोधित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की. इस मौके पर प्रभात पाल, सुनील, सनी पांडेय, मंजीता, प्रीति, सुधा विश्वकर्मा, सौरभ, चंद्रकांत, सोनिका मौर्य, सहित बड़ी संख्या छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल ने डाकघर का किया निरीक्षण



सुलतानपुर (वीओएल)। प्रणव कुमार, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल ने सुल्तानपुर मंडल, प्रयागराज परिक्षेत्र अंतर्गत गोराबारिक शाखा डाकघर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल गोराबारिक शाखा डाकघर बल्कि सुलतानपुर मंडल के कुल 15 शाखा डाकघरों के कार्य निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की और बेहतर प्रदर्शन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल के जनपद आगमन पर डाक विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। निरीक्षण के अवसर पर उनके साथ प्रयागराज रीजन की निदेशक प्रीति अग्रवाल भी उपस्थित रहीं। समीक्षा बैठक के दौरान पूर्व माह में डाक अधीक्षक राजेश कुमार तिवारी एवं समस्त डाककर्मियों द्वारा डाक जीवन बीमा योजना के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों की विशेष रूप से सराहना की गई। उन्होंने बताया कि डाक जीवन बीमा योजना में सुल्तानपुर जनपद ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर विभाग को गौरवान्वित किया है, जो टीमवर्क और समर्पण का परिणाम है। मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल ने कहा कि डाकघर केवल पत्र वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आज यह जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समीक्षा बैठक में सुलतानपुर-अमेठी संयुक्त जिले के निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण कार्यक्रम से डाककर्मियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

संक्षेप

## चतुर्वेदी समाज का ऐतिहासिक होली डोला 3 मार्च को , तैयारियां शुरू

**मथुरा।** श्रीमाथुर चतुर्वेद परिषद द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला चतुर्वेदी समाज का होली डोला इस वर्ष 3 मार्च को दोपहर 2 बजे निकाला जाएगा। परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि डोला द्वारकाधीश मंदिर के नीचे से प्रारंभ होकर विश्राम घाट, छत्ता बाजार, होली गेट, कोतवाली रोड, भरतपुर गेट व चैक बाजार होते हुए पुनः विश्राम घाट पर संपन्न होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक रहेंगे।

डोले में सम्मिलित होने के इच्छुक समाजजन यदि झांकी, ट्रैक्टर अथवा टोली के रूप में भाग लेना चाहते हैं तो वे 25 फरवरी तक श्री माथुर चतुर्वेद परिषद कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों पर विचार के बाद प्रतिभागियों को क्रमबद्ध नंबर जारी किए जाएंगे, जिनके अनुसार डोला आगे बढ़ेगा।

# आयुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया

जिला संवाददाता

**फिरोजाबाद।** आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नगेन्द्र प्रताप द्वारा ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम की साउंड क्वालिटी उच्च स्तरीय होनी चाहिए ताकि कार्यक्रमों के दौरान स्पष्टता बनी रहे। उन्होंने लाइटिंग पर विशेष ध्यान देने

**● समीक्षा बैठक में लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर लाइट और साउंड व्यवस्था होने पर ही इस ऑडिटोरियम की असली उपयोगिता सिद्ध हो सकेगी। ऑडिटोरियम की रूफ ट्रस पर उच्च गुणवत्ता की व मानकों के अनुसार ही रूफ शीट लगाए जाने के निर्देश दिए।

इसके पशचात आयुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों की सुचिता और व्यवस्था परखने के लिए अभिलेखागार एवं प्रशासनिक अधिकारिक कक्ष, बंदोबस्त अधिकारी कक्ष नजारत अनुभाग चकबंदी एवं भूलेख विभाग का जायजा लिया। सुरक्षा मानकों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए आयुक्त ने परिसर में लगे अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट की बारीकी से जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में अग्निशमन यंत्रों की संख्या पर्याप्त होनी चाहिए, साथ ही अग्निशमन यंत्रों को चलाने में निपुण कर्मचारियों की भी नियुक्ति होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही की जा सके। इस दौरान कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी रमेश रंजन के साथ समस्त अपर जिलाधिकारियों और कलेक्ट्रेट कर्मियों के साथ आयुक्त ने एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में आयुक्त ने निर्देश दिए कि न्यायालयों और कार्यालयों में लंबित वादों का निस्तारण शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यवाही को अनावश्यक रूप से न लटकाया जाए। एक नोटिस देकर कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी की जाए।



उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर निरीक्षण समस्याओं के समाधान में सबसे कारगर हथियार हैं, अधिकारी फील्ड विजिट और कार्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। मत्स्य पट्टों के आवंटन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवंटन नियमानुसार तालाब पर ही हो रहा है, न की खेत पर। इसकी मौके पर जांच अनिवार्य है। राजस्व की ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण अधिकारी स्वयं देखकर सुनिश्चित करें, साथ ही ऑफिस की पत्रावलियों का निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से किया जाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों का कोई भी देय या सेवा संबंधी मामला लंबित न रहें, इसे तत्काल निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पेंशन संबंधी मामले लंबित न रहे। इसी के साथ उन्होंने राजस्व परिषद की लंबित ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण कराए जाने के निर्देश भी दिए इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य नगर आयुक्त अपर आयुक्त आगरा उपस्थित रहें।

## आयुक्त आगरा मण्डल ने मण्डलीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का किया भव्य शुभारंभ




**फिरोजाबाद।** आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नागेन्द्र प्रताप द्वारा सोमवार को स्थानीय दाऊ दयाल स्पोर्टस्‍स्टेडियम में 40वीं मण्डलीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया, इस अवसर पर उनके साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य भी उपस्थित रहें, इस दौरान उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए आयुक्त ने कहा कि आधुनिक और बदलते परिवेश में खेलों का महत्व काफी बढ़ गया है, उन्होने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में इस तरह की प्रतियोगिताऐं बच्चों को आभासी दुनिया से बाहर निकालकर उनके शारिरीक और मानसिक कौशल को निखारने का कार्य करती है, खेल में हार-जीत से कहीं अधिक महत्वपूर्ण प्रतिभाग करना होता है, उन्होने आगे कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ्य रखते है, बल्कि एक स्वच्छ मन और संतुलित व्यक्तित्व के विकास में भी सहायक होते है, आयुक्त ने भी सफल और विशिष्ट आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और उन्हे धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी खिलाडियों के उज्वल भविष्य और खेल भावना के लिए शुभकामनाऐं दी, उद्घाटन समारोह के दौरान नन्हे खिलाडियों ने अतिथियों के समक्ष अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मनमोह लिया, इस मण्डलीय प्रतियोगिता मे आगरा मण्डल के चार जिलों की टीमें अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिभाग कर रहीं है, प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ी खो-खो, कबड्डी एवं एथलेटिक्स जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाऐंगे, इस दौरान आयुक्त ने 400 मी0 दौड़ के प्रतिभागियों को हरी झण्डी भी दिखाई, कार्यक्रम की शुरूआत आयुक्त के साथ सभी विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे मोहन लाल गुप्ता सिटी मजिस्ट्रेट बीएसए क्रीडा अधिकारी सहित आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## आयुक्त आगरा मंडल ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नागेन्द्र प्रताप द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान उन्होने अस्पताल की विभिन्न ईकाईयों वार्डो और स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकियों से जायजा लिया, निरीक्षण का मुख्य उददेश्य आम जनता को मिल रहीं, चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता को परखना और व्यवस्थाओं में सुधार लाना था, आयुक्त ने ओपी0डी0 का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने वहां भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिल रहें इलाज और दवाओं की उपलब्धता के बारें में जानकारी ली, उन्होने स्टॉक रजिस्टर की जांच की और मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देशित किया कि मरीजों को बाहर से दवा न लिखनी पडे.यह सुनिश्चित किया जाए, निरीक्षण के दौरान डाक्टरों की डयूटी रोस्टरों की भी जांच की गयी, उन्होने अंत में कहा कि स्वास्थ्य सेवाऐं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिला अस्पताल में आने वाले हर गरीब मरीज को बेहतर इलाज और सम्मान मिलना चाहिए, बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए प्रशासन हर सम्भव सहायता प्रदान करेगा। इस दौरान अपर आयुक्त जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य भी उपस्थित रहें।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फिरोजाबाद।** जसराना के गांव कौरारा बजनी के एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक अपने घर से प्रयागराज हाईकोर्ट में तारीख की कहकर निकला था। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया।धर्मेंद्र शाक्य 30 निवासी कौरारा बजनी हाईकोर्ट में एक जमीनी विवाद में तारीख करने के लिए घर से निकला था। शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची जीआरपी आरपीएफ पुलिस ने शव की तलाशी में मिले अभिलेखों के आधार पर परिजनों को सूचित किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया। घटना की सूचना पर उसके परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। उसकी पत्नी शशी और चार वर्षीय बेटे आशीष का घटना के बाद रो-रो कर बुरा हाल है। युवक मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण कर रहा था। इस बारे में जीआरपी चौकी प्रभारी हरीश कुमार ने किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लाभचंद मार्केट के दुकानदारों ने केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल को ज्ञापन दे लगाई गुहार

**आगरा।** लाभचंद मार्केट एसोसिएशन के दुकानदारों ने रविवार को आगरा व्यापार मंडल अध्यक्ष टी एन अग्रवाल व जय पुरसनानी के नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं आगरा सांसद प्रोफेसर एस पी सिंह बघेल से मिलने पहुंचे और ज्ञापन दिया। दुकानदारों ने उनसे मांग की कि एडीएम सिविल सप्लाई अजय कुमार सिंह लगातार दुकानदारों को डिग्री बनाकर किराया वसूली के नोटिस जारी कर रहें हैं जिससे दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया हैं कि कहां से इतने रुपयों का इंतजाम करें जो उनकी डिग्री को देखें। दूसरी तरफ मार्केट के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही होने वाली हैं ऐसे में 70 दुकानदारों के साथ 500 कामगारों के परिवार की रोजी-रोटी का अभाव आयेगा भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेंगे। इसीलिए ध्वस्तीकरण से पहले किसी अच्छे व्यवसायिक केंद्र पर विस्थापित किया जाये। मंत्री एसपी सिंह ने दुकानदारों को आश्वासन दिया और हर संभव मदद देने का वादा किया। जय पुरसनानी ने बताया कि आज सुबह 11 बजे सभी दुकानदार जिलाधिकारी आगरा से मिलने जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में अशोक मंगवानी, अशोक जैसवानी, नरेंद्र अमरनानी, हेमंत भोजवानी, सुनील करमंचदानी, राजेश अग्रवाल, राजीव गुप्ता, राजेश राठौड़, राकेश बंसल आदि थे।

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर प्रोत्साहन मेला आयोजित, परिवारों व बच्चों ने लिया भाग

**आगरा।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बूढ़ी के नगला क्षेत्र में ह्यशिक्षा का अधिकार अधिनियमह्न के महत्व को ग्रामीण और शहरी बच्चों तथा उनके अभिभावकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय में आर टी ई एडमिशन प्रोत्साहन मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह ने माँ सरस्वती के सामने दीप जलाकर किया। *मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह* ने बताया कि शिक्षा का अधिकार सिर्फ कानून में लिखे शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे हर बच्चे तक पहुँचाना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी या निजी स्कूलों में आरटीई के तहत दाखिला करवा सकते हैं और उनकी पढ़ाई का सही तरीके से लाभ उठा सकते हैं। प्रचार वाहन को आरटीई योजना के प्रचार प्रसार के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया गया। *बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गोंड* ने कहा कि आरटीई पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कर प्राइवेट विद्यालयों में आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों भरकर छात्र लाभान्वित हो सकते हैं, इसके लिए एनजीओ और हमारे आईटी सेल की मदद ली जा सकती है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य 3 से 7 वर्ष तक के पात्र सभी बच्चों के लिए शिक्षा के मौलिक अधिकार निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। *एक पहल संस्था से मनीष राय* ने बताया कि मेला सुबह 10 बजे से शुरू हुआ, जिसमें एक पहल संस्था, स्टेप फॉर फ्यूचर संस्था और सामाजिक कार्यकताओं ने स्टॉल लगाए और बच्चों तथा अभिभावकों को शिक्षा के अधिकार, आवेदन प्रक्रिया, आरटीई के तहत उपलब्ध सुविधाओं और आर्थिक लाभ जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मेले में एक शिक्षा सहायता बूथ भी लगाया गया, जहाँ पर अभिभावकों के सवालों का जवाब दिया गया और उनके बच्चों के नामांकन के लिए ट्रेनिंग तथा आवेदन सहायता दी गई।

# महिला के कुंडल छीनने वाला शातिर गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**मथुरा।** फरह पुलिस व स्वाट टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला के कान के कुंडल छीनने वाले बदमाश को तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बीते दिन बेरी की महिला अपने देवर के साथ बाइक पर फरह आ रही थी। तभी पीछे से नीले रंग की अपाचे बाइक पर अज्ञात बदमाशों ने महिला के कान पर कुंडल छीनने के लिए झपट्टा मारा और कुंडल जमीन में गिर गए। महिला के कान में चोट आ गई। शोर मचाने पर बदमाश भाग खड़े हुए। पीड़िता ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आसपास के लोगों के बयान भी लिए फुटेज में नीली बाइक पर दो लोग दिखाई दिए। जिन्होंने मुंह कपड़ा भी बांध रखा था। पुलिस ने रात में बदमाशों की गिरफ्तारी को दबिश दी। पता लगा कि वे बदमाश बाइक पर आगरा की ओर निकल गए हैं। स्वाट टीम और स्थानीय पुलिस ने उनका पीछा किया।



पुलिस को आता देख उन्होंने अपनी बाइक चुरमुरा स्थित हाथी फार्म की ओर मोड़ दी। पुलिस पीछे दौड़ लगाती रही। तभी उनकी बाइक कच्चे रास्ते में फिसल गई। एक बदमाश गिर गया। बाइक सवार बाइक लेकर भाग गया। दूसरा बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पूछताछ में पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम रवि पुत्र बाबूलाल निवासी पोहपा बुर्ज भदाया थाना फरह बताया है। उसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा भी बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल वर्मा, उपनिरीक्षक अजय सिंह मलिक, आनन्द शर्मा चैको प्रभारी. दीनदयालधाम अजय वर्मा प्रभारी स्वाट टीम, हेड कांस्टेबल सर्वेश सिंह विनय कुमार, हरिजेन्द्र सिंह दुर्विजय सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, रमन चैधरी, योगेश कुमार, आशुतोष स्वाट टीम आदि रहे।

## हनीट्रैप मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर प्रधान ने आगरा कोर्ट में किया सरेंडर

जिला संवाददाता



**मथुरा।** आगरा के जगदीशपुरा निवासी ग्रामीण को फरह के दरोगा, सिपाही के साथ मिलकर हनीट्रैप में फंसाकर अवैध वसूली के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे ओल गांव के हिस्ट्रीशीटर प्रधान खूबी ने आखिरकार पुलिस को चकमा देकर आगरा की गैंगस्टर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। गैर-जमानती वारंट के डर से सरेंडर करने वाले आरोपी प्रधान को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

ज्ञात रहे कि आगरा के थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के गांव अंगूठी निवासी किसान जगदीश सिंह की जमीन रेल विकास निगम ने अधिग्रहित की थी, जिसके बदले उन्हें 3.15 करोड़ रुपये का मुआवजा मिला था। मुआवजे की जानकारी मिलते ही सपना उर्फ राजबाला और उसके साथी श्याम जाट निवासी औरंगाबाद ने

किसान को अपने जाल में फंसाया और करीब 12 लाख रुपये वसूल लिए।

31 जनवरी को आरोपियों ने साजिश के तहत किसान को ओल बुलाया। वहां ग्राम पंचायत ओल का हिस्ट्रीशीटर प्रधान खूबी उसे एक कमरे में ले गया। कुछ देर बाद खूबी प्रधान, ओल चैकी प्रभारी कपिल कुमार और मुख्य आरक्षी चालक राकेश को साथ लेकर वहां पहुंच गया। पुलिसकर्मियों ने किसान पर महिला से दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाया और मुकदमे का डर दिखाकर मौके पर ही 1 लाख रुपये वसूल लिए।

इसके अलावा, 4 लाख रुपये और देने के दबाव में किसान की कार भी खड़ी करवा ली गई। पुलिस इस मामले में आरोपी महिला सपना और श्याम जाट को पहले ही जेल भेज चुकी है।

फरार चल रहे प्रधान खूबी के खिलाफ अछनेरा थाने से भी पुराने मामलों में वारंट जारी थे। पकड़े जाने के डर से आरोपी प्रधान ने 11 फरवरी को चोरी-छिपे आगरा कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

अब फरह पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने और आगे की वैधानिक कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर गूंजा संघ का घोष स्वरों से गुंजायमान हुआ लीला मंच



**मथुरा।** अखिल भारतीय घोष दिवस एवं महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा महानगर के घोष वादक स्वयंसेवकों ने योगीराज भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि स्थित लीला मंच पर अपनी स्वर लहरियों का भव्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ परम पवित्र भगवा ध्वज के आरोहण और ध्वज प्रणाम के साथ हुआ, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने घोष वादन करते हुए भगवान केशवदेव की परिक्रमा की। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सह-विभाग कार्यवाह डॉ. संजय ने घोष के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में घोष का सर्वप्रथम आगाज भगवान शंकर ने अपने डमरू के माध्यम से किया था, इसी परंपरा को जीवंत रखते हुए संघ महाशिवरात्रि को ह्यघोष दिवसह्न के रूप में मनाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के सचिव कपिल शर्मा ने कहा कि जन्मभूमि के प्रांगण में संघ के घोष की गूंज देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को आनंदित और गौरवान्वित करती है। महानगर कार्यवाह विजय बंटा सर्राफ के संचालन में घोष वादकों ने विभिन्न रचनाओं का सधे हुए अंदाज में वादन किया। कार्यक्रम के दौरान ह्यसारे जहाँ से अच्छाह्न, ह्यजननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान हैह्न और ह्यविश्व गगन पर फिर से गूंजे भारत मां की जय-जयह्न का उद्घोष हुआ। कार्यक्रम का समापन संघ की प्रार्थना ह्यनमस्ते सदा वत्सले मातृभूमिह्न और देशभक्ति गीतों के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. संजय, कपिल शर्मा, विजय बंटा, ललित कुमार, विजय बहादुर, सीताराम, विवेक, सचिन पंडित, शुभ सक्सेना, गौरव जैन और समर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

# कॉरिडोर विवाद में सेवायतों के बीच तनाव

**मथुरा।** वृंदावन बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर सेवायतों के बीच जारी गतिरोध अब कोतवाली तक पहुँच गया है। हाई पावर्ड कमेटी के सदस्य और सेवायत दिनेश गोस्वामी ने तीन नामजद और 15 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ प्राथमिकी गोस्वामी द्वारा महिलाओं के लिए कुलटा जैसे शब्दों का प्रयोग करने का आरोप है। गोस्वामी का कहना है कि महिलाओं ने उनके घर में घुसकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और जूते से मारने की धमकी दी, जिसके चलते उन्हें कानूनी कदम उठाना पड़ा।

**● दिनेश गोस्वामी ने महिलाओं पर दर्ज कराई एफआईआर**
**● गोस्वामी महिलाओं ने दिनेश गोस्वामी पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने के विरोध में किया प्रदर्शन**

( दर्ज कराई है। इस कार्रवाई के विरोध में गोस्वामी समाज की महिलाओं ने मंदिर के गेट नंबर 1 पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन और कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यह विवाद तब और गहरा गया जब सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों के बीच मयार्दा की सीमाएं लांघ दी गईं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने दिनेश गोस्वामी की तुलना विभीषण से की, जिसके जवाब में दिनेश गोस्वामी ने जारी वीडियो में कहा है कि हालांकि वे जयपुर में हैं और उन्हें अपने प्रति हुए अपमान का पता अपनी किरायेदार से चला। जिसके बाद उन्होंने जयपुर से ही व्हाट्सएप के माध्यम से वृंदावन पुलिस को अपना शिकायती पत्र भेज दिया। वहीं दूसरी ओर मंदिर के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने दिनेश गोस्वामी की मानसिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए



कहा कि वे प्रशासन के साथ मिलकर सेवायतों पर रजिस्ट्री करने का दबाव बना रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि दिनेश गोस्वामी कमेटी में हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए हम अपनी बात रखने उनके पास गए थे, लेकिन बदले में हमें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाई पावर्ड कमेटी भय का माहौल पैदा कर कॉरिडोर के लिए जमीन हथियाना चाहती है। दिनेश गोस्वामी की शिकायत पर वृंदावन कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, इस घटना के बाद गोस्वामी समाज में उबाल है।

## मरीजों को किया निःशुल्क दवा का वितरण किया

**फिरोजाबाद।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में सोमवार को शिकोहाबाद नारायण तिराहा स्टेशन रोड पर निशुल्क दवा वितरण किया गया।सोमवार को जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में मरीजों को निशुल्क दवा के वितरण के लिए एक कैंप लगाया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवा का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि गरीबों की बीमारी के सबसे ज्यादा महंगी दवा खरीदने में दिक्कत होती है। ऐसे में गरीबों की सेवा ही नारायण की सेवा के समान हैं। इस दौरान कुलदीप शर्मा बृजेश शर्मा योगेश कुशवाहा, शिशुपाल विजय कुशवाहा सुरेंद्र मुकेश शर्मा विमल यादव, सत्येंद्र यादव आदि लोग मौजूद थे।

## सीएमओ ने किया मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**फिरोजाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राम बदन राम द्वारा सोमवार को मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय ग्राम वजीरपुर जैहलपुर में टीकाकरण का शुभारंभ नोडल अधिकारी टीकाकरण डॉ. कमल किशोर वर्मा विश्व स्वास्थ्य संगठन के एस एमओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनिधि डीएमसी की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद के कर्मचारियों विशाल तिवारी स्टेनो नवनीत शर्मा डीईओ रामू झा सीसीएच के साथ-साथ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसायनी डॉ. रजनीकांत शर्मा उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फिरोजाबाद।** ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लॉइज फेडरेशन के आह्वान पर आज जनपद फिरोजाबाद से केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों तथा स्वायत्त संस्थाओं ( ऑटोनॉमस बॉडीज ) के कर्मचारियों की प्रमुख लंबित मांगों को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को प्रेषित किया गया।ज्ञापन में फेडरेशन ने कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा और भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुरानी पेंशन योजना की बहाली, एनपीएस में आवश्यक सुधार, वेतन विसंगतियों को दूर करने, 8वें वेतन आयोग से संबंधित रिपोर्ट को समयबद्ध ढंग से लागू करने तथा सेवा निवृत्ति पर पेंशन योजना चुनाव प्रदान करने जैसी प्रमुख मांगें कर्मचारी हितों में रखी गईं।फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों में भविष्य को लेकर गंभीर असुरक्षा की भावना है। शिक्षक हर्षित का मत है कि पुरानी पेंशन योजना एक सामाजिक सुरक्षा कवच है, जिसे सभी कर्मचारियों के लिए लागू किया जाना चाहिए तथा वेतन विसंगतियों और आठवें वेतन आयोग जल्द से जल्द लागू करने की ओर सरकार की ओर से ध्यान दिया जाना समय की मांग है।ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से यह अपेक्षा है कि कर्मचारियों की इन न्यायसंगत मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे लाखों कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को आर्थिक स्थिरता और सुरक्षा मिल सके।इस अवसर पर रोहित कुमार, हर्षित, अनिल कुमार, अरुण कुमार व फेडरेशन के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीतः अजीत नगर बाजार कमेटी ने तिरंगा चौक पर मनाया जश्न



**आगरा।** टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए प्रतिष्ठित मुकाबले में टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद ताजनगरी जश्न में डूब गई। मैच समाप्त होते ही शहर के विभिन्न इलाकों में पटाखों की गूंज सुनाई दी और 'भारत माता की जय' के नारों से माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। शहर के प्रमुख बाजारों, कॉलोनियों और चौराहों पर युवाओं की भीड़ जमा हो गई। संजय प्लेस, कमला नगर, शाहगंज, सिकंदरा और ताजगंज सहित कई इलाकों में लोगों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। तिरंगा लहराते हुए युवाओं ने टीम इंडिया की जीत का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कई स्थानों पर मिठाइयां बांटी गईं और एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी गई। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे 'प्रतिष्ठा की जीत' बताते हुए खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। वहीं अजीत नगर बाजार कमेटी के सदस्यों ने तिरंगा चौक पर तिरंगा लहराकर ढोल नगाड़ों की थाप और आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाया। मनोज नोतनानी ने बताया कि इस अवसर पर सभी सदस्यों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद एवं भारत माता की जय के नारे लगाए। खुशी जाहिर करने वालों में प्रमुख रूप से मनोज नोतनानी, आशीष यादव, कुलविंद्र सिंह, दिनेश अरोड़ा, सुरेंद्र कुशवाह, पुनीत चंदानी, ओम चंदानी, मनु अरोड़ा, पप्पू बघेल आदि ने सभी को बधाई दी।

संक्षेप

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल भुगतान सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा दे रहा है एनपीसीआई

नयी दिल्ली। डिजिटल भुगतान ने वरिष्ठ नागरिकों के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे किराना, दवाइयों या यात्रा बुकिंग जैसे कार्यों के लिए भुगतान करना आसान हो गया है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है, क्योंकि वे छोटी-छोटी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर हुए बिना स्वयं भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, यह अधिक सुरक्षा और नियंत्रण भी प्रदान करता है, क्योंकि नकद रखने की आवश्यकता कम होती है, चोरी या गुम होने का जोखिम घटता है और हर भुगतान का रिकॉर्ड लेन-देन इतिहास में सुरक्षित रहता है।कभी भी अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे यूपीआई पिन, ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाता विवरण या लॉगिन क्रेडेंशियल साझा न करें। जो भी इनकी मांग करता है, वह धोखाधड़ी कर रहा है।अनजान लिंक पर क्लिक न करें और कॉल करने वालों या स्वयं को अधिकारी बताने वाले अजनबियों द्वारा साझा किए गए ऐप इंस्टॉल न करें। स्क्रीन शेयरिंग या रिमोट एक्सेस ऐप का उपयोग अक्सर डेटा चोरी और फोन पर नियंत्रण पाने के लिए किया जाता है।

## आईडीबीआई बैंक ने आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम शुरू की

नयी दिल्ली। आईडीबीआई बैंक ने आज आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम शुरू की। यह एक अद्वितीय फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम है, जिसमें हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज के साथ एश्योर्ड रिटर्न भी मिलता है। इससे ग्राहकों के कल्याण और वित्तीय सुरक्षा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम में ग्राहक रुपये 7.50 लाख की निश्चित राशि 370 दिनों के लिए जमा कर सकते हैं, जिसमें उन्हें फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज के साथ रुपये 15 लाख तक का हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज भी मिलेगा। हेल्थ इंश्योरेंस कवर इस प्रोडक्ट के लिए बैंक के इंश्योरेंस पार्टनर केयर हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा दिया जाएगा। यह स्कीम उन रेज़िडेंट व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए पेश की गई है, जिनकी उम्र 18 साल से लेकर 58 साल 11 महीने के बीच है आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम आईडीबीआई बैंक का ग्राहकों पर लगातार केंद्रित इनोवेशन प्रदर्शित करती है।

## पीएल वेल्थे की रिपोर्ट मार्केट आउटलुक फरवरी 2026 जारी

मुम्बई। पीएल कैपिटल (प्रभुदास लीलाधर) की वेल्थ मैनेजमेंट शाखा, पीएल वेल्थे ने अपनी नई रिपोर्ट मार्केट आउटलुक फरवरी 2026 में कहा है कि हालांकि भारतीय शेयर बाजार अभी कंसोलिडेशन के दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था की बुनियादी रफ्तार पूरी मजबूती से बरकरार है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं, मुद्रा के उतार-चढ़ाव और कंपनियों की कमाई के अनुमानों में बदलाव ने फिलहाल निवेशकों के उत्साह को थोड़ा कम किया है। इसके बावजूद, सरकारी खर्च और मजबूत आर्थिक आधार के कारण बाजार में अगली बड़ी बढ़त की नींव मजबूत हो रही है। भारतीय बाजार अभी वैश्विक उतार-चढ़ाव और कंपनियों की कमाई के नए आकलन को सहन कर रहे हैं, लेकिन देश के अंदरूनी हालात बहुत मजबूत हैं। सरकार लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च कर रही है और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने वाली नीतियां चला रही है, जिससे कंपनियों के लिए लंबे समय तक अच्छी ग्रोथ का रास्ता बन रहा है।

## हिमालया बेबीकेयर ने किया पैकेजिंग में बदलाव



नयी दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर, जिसे शिशु पसंद करते हैं और माता-पिता के लिए भरोसेमंद है, ने अपनी संपूर्ण जेंटल बेबी केयर रेंज में एक नया पैकेजिंग डिजाइन पेश किया है, जो इसकी सतत विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई पैकेजिंग में बेहतर उपयोगिता, सोच-समझकर की गई डिजाइन और पर्यावरण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता पर ध्यान दिया गया है, जो प्लास्टिक कचरे को कम करने और सार्थक प्रभाव पैदा करने के लिए हिमालया बेबीकेयर द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। अपने सस्टेनेबिलिटी रोडमैप के अनुसार ब्रांड की पुनःडिजाइन की गई पैकेजिंग से अगले पांच साल में 500 टन प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का लक्ष्य है जिससे सालाना लगभग 100 टन की खपत में कमी का अनुमान है।

# सेंसेक्स में 650 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 650 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 212 अंक चढ़ गया। बिजली, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई।

इसके अलावा, अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत के बीच रुपये और वैश्विक कच्चे तेल में स्थिरता से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650.39 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,565 शेयरों में गिरावट आई जबकि l,747 बढ़त में रहे। वहीं 184 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,11,982.13 रुपये बढ़कर 4,68,58,625.33 करोड़ रुपये (5,170 अरब डॉलर) पर पहुंच गया। सीमित दायरे में शुरुआत के बाद, घरेलू बाजारों में बैंक और बिजली क्षेत्र के शेयरों में नए सिरे से खरीदारी के कारण तेजी आई। मांग में निरंतर तेजी की उम्मीदों के साथ बिजली कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। साथ ही, बेहतर कर्ज वृद्धि और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता ने बैंकों में विश्वास को मजबूत किया। इस बीच, रुपये में स्थिरता और अमेरिका-ईरान वार्ता से पहले सीमित दायरे में कच्चे तेल की कीमतें घरेलू शेयर बाजारों को अतिरिक्त समर्थन दे रही हैं। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में पावरग्रिड सबसे अधिक लाभ में रहा। इसमें 4.45 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जनवरी में म्यूचुअल फंड के बढ़े हुए आवंटन से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयर तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। इसके कारण लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद शेयरों में उछाल आया।

मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.95 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सूचकांक 0.16 प्रतिशत नीचे आया।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 (अस्थायी) पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख को विदेशी बाजारों में डॉलर की मजबूती ने बेअसर कर दिया।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, कच्चे तेल की कम कीमतों ने रुपये का समर्थन किया, जबकि विदेशी कोषों की निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.63 पर खुला और सत्र के दौरान 90.61 के दिन के उच्चतम स्तर और 90.72 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में रुपया 90.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। शुक्रवार को, यह डॉलर के मुकाबले पांच पैसे कमजोर होकर 90.66 पर बंद हुआ था। बाजार प्रतिभागियों के सतर्क रहने की वजह से रुपया ज्यादातर स्थिर रुख के साथ कारोबार कर रहा था, जबकि कमजोर शुरुआत के बाद शेयर बाजार में सुधार से रुपये को स्थिर करने में मदद मिली। निवेशक अब इस सप्ताह अमेरिका से आवास बाजार और जीडीपी के आंकड़ों पर नज़र रख सकते हैं। डॉलर-रुपया हाजिर मूल्य के 90.30 रुपये से 90.90 रुपये के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.09 प्रतिशत बढ़कर 96.91 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.47 प्रतिशत घटकर 67.43 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 650.39 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 211.65 अंक की बढ़त के साथ 25,682.75 अंक पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 7,395.41 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## देश का चीनी निर्यात 2025-26 में फरवरी तक 2.01 लाख टन

नयी दिल्ली। भारत ने चालू वर्ष 2025-26 के विपणन वर्ष में फरवरी तक 2,01,547 टन चीनी का निर्यात किया। इसमें संयुक्त अरब अमीरात शीर्ष निर्यात गंतव्य रहा। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

चीनी निर्यात पर सरकार का नियंत्रण बना हुआ है जिसके तहत मिल के बीच आनुपातिक रूप से कोटा वितरित किया जाता है। केंद्र सरकार ने 2025-26 विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के लिए कुल 20 लाख टन निर्यात को मंजूरी दी है जिसमें हाल ही में स्वीकृत अतिरिक्त पांच लाख टन भी शामिल है। एआईएसटीए ने बयान में कहा कि कुल निर्यात में सफेद चीनी की हिस्सेदारी 163,000 टन रही जबकि परिष्कृत चीनी की हिस्सेदारी 37,638 टन थी। संयुक्त अरब अमीरात को सबसे अधिक 47,006 टन चीनी निर्यात की गई। इसके बाद अफगानिस्तान को 46,163 टन, जिबूती को 30,147 टन और भूटान को 20,017 टन चीनी निर्यात हुई। एआईएसटीए ने विपणन वर्ष के लिए अपने पहले अनुमान में कहा कि सितंबर में समाप्त होने वाले 2025-26 विपणन वर्ष में भारत का चीनी उत्पादन, एथनॉल के लिए चीनी के बदलाव को छोड़कर 13 प्रतिशत बढ़कर 2.96 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

## यूपीआई अब लेनदेन का सबसे पसंदीददा माध्यम

नयी दिल्ली। नकद लेनदेन को पीछे छोड़ते हुए यूपीआई भुगतान का सबसे पसंदीदा माध्यम बन गया है। हालांकि, गांवों तथा छोटे कस्बों में रुपे डेबिट कार्ड के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने 13-14 फरवरी 2026 को आयोजित चिंतन शिविर के दौरान रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई (व्यक्ति-से-व्यापारी) लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव विश्लेषण शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण 15 राज्यों के 10,378 प्रतिभागियों को शामिल करते हुए किए गए एक व्यापक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें 6,167 उपयोगकर्ता, 2,199 व्यापारी और 2,012 सेवा प्रदाता शामिल हैं, जो भारत के डिजिटल भुगतान परिवेश से जुड़े पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस सर्वेक्षण पर आगे शोध किया गया। मूल्यांकन से पता चलता है कि विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों में डिजिटल भुगतान को अपनाने में महत्वपूर्ण और निरंतर वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) सबसे पसंदीदा लेनदेन माध्यम बनकर उभरा है। 57 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे लेनदेन में यूपीआई का उपयोग करते हैं। यह नकद लेनदेन (38 प्रतिशत) से कहीं अधिक है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता नेतृत्व का किया सम्मान

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा श्रेष्ठ नेतृत्वकताओं को समर्पित, कर्मचारी जुड़ाव में वृद्धि और अलग-अलग क्षेत्रों से शीर्ष कार्य-निष्पादन वाले कार्मिकों को सम्मानित करने पर केंद्रित कार्यक्रम लीडरशिप इन एक्शन की मेजबानी की गई जिसमें बैंक के ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर ने शिरकत की। कार्यक्रम में बैंक के निदेशक मंडल और कॉर्पोरेट कार्यालय तथा सभी अंचलों के वरिष्ठ कार्यपालक भी शामिल हुए।

## ब्रिटेन के साथ एफटीए को अप्रैल से लागू करने के लिए प्रयास जारी

नयी दिल्ली। भारत और ब्रिटेन इस साल अप्रैल तक द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने की दिशा में ईमानदार प्रयास कर रहे हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को यह बात कही।

अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दोनों पक्ष इस समझौते को जल्द से जल्द अमल में लाने की दिशा में काम कर रहे हैं और अप्रैल से इसे लागू करने की कोशिशें जारी हैं। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत करीब 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर ब्रिटेन में शून्य शुल्क लगेगा जबकि भारत में कार एवं व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क में चरणबद्ध कटौती की जाएगी। हालांकि, समझौते को लागू करने से पहले ब्रिटिश संसद की मंजूरी लेनी जरूरी है, जबकि भारत में ऐसे समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलती है। अग्रवाल ने इस समझौते के लागू होने की संभावित समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में इसके अप्रैल में लागू होने की खबरें आई हैं और दोनों पक्ष उस दिशा में प्रयासरत हैं। लेकिन मुझे नहीं पता कि इसी समय तक हो पाएगा या फिर उसके आगे जाएगा। दोनों तरफ से वास्तविक प्रयास है कि यदि संभव हो तो अप्रैल की समयसीमा पूरी की जा सके।

# एआई से उत्पन्न गलत सूचना लोकतंत्र के लिए खतरा : जितिन



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सोमवार को एआई उपकरणों के इस्तेमाल में सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिये तैयार की गई गलत सूचना में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कमजोर करने की ताकत है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एक सत्र के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री ने कहा कि एआई छात्रों और शिक्षकों के लिए सीखने की प्रक्रिया को काफी बेहतर बना सकता है, लेकिन इसे ऐसा शॉर्टकट नहीं माना जाना चाहिए जिससे आलोचनात्मक सोच या जिज्ञासा कमजोर पड़े। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई शिक्षकों की जगह नहीं ले सकता और शिक्षा में इसके जोखिमों से सावधानीपूर्वक निपटना होगा। मंत्री ने कहा, अगर डिजिटल साक्षरता नहीं होगी, तो साइबर खतरों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। साइबर सुरक्षा एक बहुत बड़ा मुद्दा है और एआई डीपफेक के जरिये गलत सूचना फैलाई जाती है। भारत जैसा देश, जो वास्तव में लोकतांत्रिक है जहां केंद्रीय, राज्य या निगम स्तर पर साल भर चुनाव होते रहते हैं..अगर एआई के जरिये गलत सूचना फैलाई गई, तो यह लोकतंत्र को पटरी से उतार सकती है। यह लोगों की सोच को गलत दिशा में मोड़ सकती है और एक बार मतदान हो गया, तो वह बेहद नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि लोग झूठी जानकारी के आधार पर वोट दिया होगा। यह हमारे और सरकार के सामने भी एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। सरकार नीतियां बनाएगी और नागरिकों की सुरक्षा तथा उनके भविष्य की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी, लेकिन इसमें सबको योगदान देना होगा।

## थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। देश में थोक मुद्रास्फीति जनवरी में लगातार तीसरे महीने बढ़ते हुए 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य चीजों और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी इसकी मुख्य वजह रही।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर पिछले साल जनवरी में 2.51 प्रतिशत जबकि दिसंबर 2025 में 0.83 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, जनवरी 2026 में थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह मूल धातुओं के विनिर्माण, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य चीजों, खाद्य वस्तुओं तथा वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि रही। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 1.55 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर में इसमें 0.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। सब्जियों के मामले में जनवरी में महंगाई दर 6.78 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर में इसमें 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई थी। विनिर्मित उत्पादों में थोक महंगाई जनवरी में बढ़कर 2.86 प्रतिशत हो गई जो दिसंबर में 1.82 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य उत्पादों की श्रेणी में महंगाई जनवरी में तेज उछाल के साथ 7.58 प्रतिशत पहुंच गई जबकि दिसंबर में यह 2.95 प्रतिशत थी। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में महंगाई दर में गिरावट जारी रही। यह जनवरी में यह 4.01 प्रतिशत रही जो दिसंबर में 2.31 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश की खुदरा महंगाई दर जनवरी में बढ़कर 2.75 प्रतिशत हो गई।

## जनवरी में वस्तु निर्यात 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। देश का वस्तु निर्यात जनवरी महीने में सालाना आधार पर 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में आयात 19.2 प्रतिशत बढ़कर 71.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो एक वर्ष पहले के समान माह में 59.77 अरब डॉलर था। आयात में हुई इस तेज बढ़ोतरी के कारण समीक्षाधीन माह में व्यापार घाटा बढ़कर 34.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया। व्यापार घाटे से आशय आयात और निर्यात के बीच के अंतर से है। देश का निर्यात वस्तुओं एवं सेवाओं दोनों श्रेणियों में बढ़त का रुझान दिखा रहा है।

## पेज एक का शेष

### जेईई मेन्स

बताया एनटीए स्कोर ऐसे सामान्यीकृत अंक हैं, जो कई पालियों में आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों में समान रूप से मापने के लिए तैयार किए जाते हैं। ये अंक उस पाली में परीक्षा देने वाले सभी उम्मीदवारों के सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। प्रत्येक पाली में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक 0 से 100 तक के पैमाने में परिवर्तित किए जाते हैं। एनटीए अंक प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं होते। एनटीए के अधिकारियों के अनुसार, परीक्षा के सुचारू संचालन की निगरानी और सुविधा प्रदान करने के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष खोलने समेत कई उपाय किये गए थे।

### पीएम मोदी

देश में उभरती एआई पारिस्थितिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इसमें 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप भाग ले रहे हैं। साथ ही 13 देशों के मंडप भी स्थापित किए गए हैं, जो एआई क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करते हैं। इस प्रदर्शनी में वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां, स्टार्टअप, शैक्षणिक संस्थान एवं शोध संगठन, केंद्र एवं राज्य सरकारों के प्रतिनिधि और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय साझेदार एक मंच पर इकट्ठा हुए हैं। यह आयोजन एआई के क्षेत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के अवसरों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत मंडपम में

है। वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गज सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन और एंथ्रोपिक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दारियो अमोडेई के सत्र बुधवार से पहले शुरू नहीं होंगे। शिखर सम्मेलन के अंतिम दो दिन 19 और 20 फरवरी को दुनिया के 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख हिस्सा लेंगे। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा शामिल होंगे।

### रेवेन्यू सरप्लस

ज्यादा अन्नदाता को विकास में भागीदार बनाया गया। अन्नदाता से उद्यमी बनने की कहानी आज उत्तर प्रदेश में देखी जा सकती है। हमारा संकल्प कृषि को इनकम-बेस्ड और वैल्यू एडिशन मॉडल के साथ किसानों की आय बढ़ाना है। अन्नदाता को खेत से बाजार तक ग्लोबल मार्केट उपलब्ध है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में भी उत्तर प्रदेश के किसानों को 95 हजार करोड़ रुपये की धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित हुई है। आज अन्नदाता किसानों को उन्नत बीज, प्राकृतिक खेती, ड्रोन और जलवायु संबंधी तकनीकी जानकारी सरल भाषा में पहुंचाई जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों, स्टार्टअप और प्रगतिशील किसानों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। 2017 के पहले प्रदेश में स्लॉटर हाउस धड़ल्ले से चलते थे। व्यापक तस्करी होती थी और आस्था के साथ खिलवाड़ होता था। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत गोहत्या को लेकर कठोर कानून बनाए गए और गोतस्करी पर रोक लगी। आज 7,727 गो आश्रय स्थल प्रदेश में संचालित हैं जिनमें 16 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। प्राकृतिक खेती को भी इसके माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि गन्ना किसानों की चर्चा अक्सर सदन में होती है। आज देश के कुल गन्ना उत्पादन का 55 प्रतिशत प्रदेश का किसान करता है। प्रदेश में 122 चीनी मिलें संचालित हैं और गन्ने का मूल्य 400 रुपये प्रति कुंतल तक किया गया है। प्रदेश में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर को भी काफी मजबूती दी गई है।

### कांग्रेस मुक्त

और यह विश्वास हर सेक्टर में दिख रहा है। आज यूपी में कानून का राज, अपराधी भयभीत, गरीब को सम्मान, किसान खुशहाल, महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी, युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर, हर गांव में बिजली और हर हृदय में गर्व है। यूपी फिर से रामराज्य की आधारभूमि के रूप में नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने जनकल्याण, रोजगार सृजन, निवेश विस्तार के साथ ही सामाजिक सुरक्षा के माध्यम से सशक्त, सुरक्षित व समृद्ध प्रदेश के रूप में अपनी नई पहचान को बनाया है। हमारा लक्ष्य प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप 2029-30 में यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के रूप में स्थापित करना है। हमने बजट भी उस दिशा में ही प्रस्तुत किया है। सीएम योगी ने कहा कि बजट के बारे में समाजवादी पार्टी अच्छा नहीं बोल पाई, क्योंकि अच्छा करने के लिए उनके पास समय नहीं है। उन्होंने न अच्छा किया और न ही अच्छा बोलेंगे। हमारी सरकार ने डबल इंजन सरकार का लाभ लेते हुए पूरी मजबूती के साथ प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन को बढ़ाया है। सीएम ने कहाकि बहुत सारे सेक्टर हैं, जिसमें यह लोग गुमराह कर रहे हैं। सीएम ने संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विपक्षी दलों के भाव की निंदा की। बोले कि समाजवादी पार्टी के नेता बयानों से जातीय संघर्षों को बढ़ावा देते हैं। समाज को आपस में लड़ाने, आस्था का अपमान, गुंडागर्दी व अराजकता को बढ़ाने के साथ संवैधानिक मूल्य पर भी प्रहार करने में नहीं चूक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर की कार्यवाही चल रही है। इसमें सरकारों की कोई भूमिका नहीं होती है। आयोग की गाइडलाइन पर तंत्र उसका अनुपालन करता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2.88 करोड़ से अधिक लोग अनुपस्थित/मृत या शिफ्टिंग हैं। समाजवादी पार्टी इन्हें जबर्दस्ती वोट बनाकर फर्जी पोलिंग करती थी।

### विकास ही

व महापुरुषों) का अपमान करने वाले संविधान की अवहेलना कर रहे हैं। सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस व सपा एक तरफ संविधान के नाम पर जनता की आंखों में धूल झोंक रही है तो दूसरी तरफ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का विरोध कराया जा रहा है। इनके सदस्य कह रहे हैं कि हम वंदे मातरम नहीं गाएंगे। हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत न गाना नहीं चलेगा। यह संविधान निर्माताओं और बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का अपमान है। वंदे मातरम को 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता मिली थी। हर भारतीय का दायित्व है कि इन प्रतीकों को सम्मान दे। सीएम ने कहा कि गाजी भारत की परंपरा और संस्कृति को रौंदने आया था, सपा के लोग इस गाजी के मेले का समर्थन करते हैं। श्रावस्ती के तत्कालीन नरेश महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में हिंदु राजाओं ने उसे रौंद डाला। डबल इंजन सरकार ने महाराज सुहेलदेव को सम्मान दिया। बहराइच के चित्तौड़ा में उनका भव्य स्मारक और उनके नाम पर विश्वविद्यालय भी बनाया। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर को सम्मान दिया। पीएम मोदी ने लोकमाता की भव्य प्रतिमा काशी विश्वनाथ धाम में स्थापित कराई। समाजवादी पार्टी लोकमाता के नाम पर गुमराह कर रही है। यह लोग राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर का विरोध और ऐसे तत्वों को प्रश्रय देते हैं। उनकी यह प्रवृत्ति दिखाती है कि आस्था के प्रति इनके मन में सम्मान नहीं है। सपा सरकार ने कांवड़ यात्रा, जन्माष्टमी, अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा को रोक दिया था। प्रतिपक्ष के दलों ने अपने समय में दीपोत्सव, रंगोत्सव कार्यक्रम को रोका था। कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में कहा था कि श्रीराम-श्रीकृष्ण मिथक थे। सपा ने रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं। मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधा पैदा करने के लिए अधिवक्ता तैयार किए थे, लेकिन हम लोग कहते हैं कि हिंदुस्तान में भारत की आस्था को कोई कैद नहीं कर सकता है। आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है।

### रोहित शेट्टी

जा रहे अन्य लोगों में डर पैदा करने के इरादे से गोलीबारी की गई थी। अभियोजन के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दीपक शर्मा और एक अन्य आरोपी ने घटना से पहले शेट्टी के आवास की रेकी की थी। पुलिस हिरासत नोट में कहा गया है कि साजिश लोनकर ने रची थी और उसी ने गोलीबारी के लिए धन और हथियार उपलब्ध कराए। आरोपियों ने कथित तौर पर एक सोशल मीडिया मंच के जरिए संपर्क रखा था, जिसे घटना के बाद उनके मोबाइल फोन से हटा दिया गया। पुलिस ने अदालत को बताया कि लोनकर और उसके गिरोह के सदस्य पहले भी इसी तरह के अपराध कर चुके हैं और आगे भी ऐसे हमलों को उनके द्वारा अंजाम दिए जाने की आशंका है, इसलिए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करना आवश्यक है। एक फरवरी को रात करीब 12:45 बजे पश्चिमी मुंबई के जुहू स्थित शेट्टी की नौ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर कम से कम पांच गोलियां चलाई गई थीं। एक गोली इमारत के भीतर स्थित जिम के शीशे पर लगी थी। अब तक इस मामले में कुल 12 लोगों को पकड़ा जा चुका है। लोनकर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए घटना की जिम्मेदारी ली थी। वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर गोलीबारी के मामले में भी वांछित है।आरोपियों पर मकोका के अलावा भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

### सीएम धामी

नियमित समीक्षा करने को कहा। शासन व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और उत्तरदायी बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता ही सुशासन की पहचान है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सेवक की भावना को दोहराते हुए कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह स्वयं जनता के बीच जाकर समस्याओं का समाधान करे। उनका कहना था कि नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की बजाय प्रशासन उनके द्वार तक पहुंचे, यही इस पहल का उद्देश्य है।

### राजस्थान : अवैध

सुमित्रा पारीक ने बताया इस घटना में सात लोगों की मौत हुई है। इस गारमेंट फैक्टरी में अंदर अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि फैक्टरी में फंसे दो लोगों को निकालकर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा भिवाड़ी के खुशखेड़ा-करोली औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। पारीक ने कहा परिसर को गारमेंट फैक्टरी के लिए किराए पर लिया गया था, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार इसमें अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी नियमित गश्त के दौरान मिली, इसके बाद तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन को तुरंत राहत और बचाव का काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने वन मंत्री संजय शर्मा को अलवर पहुंचने का निर्देश दिया। वन मंत्री दोपहर बाद मौके पर पहुंचे और प्रभावित फैक्टरी का दौरा किया। संजय शर्मा ने अधिकारियों को विस्तृत जांच करने और भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सभी औद्योगिक इकाइयों की जांच का अभियान चलाने का निर्देश भी दिया।

### रक्षा क्षेत्र में

हमें जल्द से जल्द शुरू करना होगा। उस पर रिसर्च, समय की मांग है। जैसे-जैसे दुनिया में टेक्नोलॉजी बदल रही है, आर्टिफिशियल मशीन लर्निंग और न्यू मटीरियल का प्रयोग बढ़ रहा है, हमें उनमें आगे रहना होगा।

### यूपी में

सिलसिले में किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। आज ही मेरठ की जिला अदालत को भी बम विस्फोट कर उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिये भेजी गयी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद अधिकारियों ने कर्मचारियों और दूसरे लोगों को बाहर निकालने के बाद परिसर में तलाशी अभियान चलाया। कुछ भी संदिग्ध न मिलने के बाद मेरठ की अदालतों में कामकाज सामान्य रूप से दोबारा शुरू हो गया है।




# इंग्लैंड ने इटली को 24 रन से हराया

## टीम सुपर-8 की रेस में बरकरार, विल जैक्स की फिफ्टी, ओवरटन-करन को 3-3 विकेट

एजेंसी



कोलकाता। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्डकप में इटली को 24 रनों के अंतर से हरा दिया है। सोमवार के दूसरे मैच में मिली इस जीत से टीम सुपर-8 की रेस में बरकरार है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में ग्रुप-सी के मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। इंग्लिश टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाबी पारी में इटली 20 ओवर में 178 रन पर ऑलआउट हो गई। बेन मेनेंटी ने 60 रन बनाए। जबकि जस्टिन मोस्का ने 43 रन की पारी खेली। दोनों ने 92 रनों की साझेदारी की।

सैम करन और जैमी ओवरटन ने 3-3 विकेट झटके। इंग्लैंड की ओर से विल जैक्स ने 22 बॉल पर नाबाद 53 रनों की पारी खेली। इस पारी में 3 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। टॉम बैंटन ने 30, फिल सॉल्ट ने 28 और सैम करन ने 25 रन का योगदान दिया। इटली की ओर से ग्रांट स्टुअर्ट और क्रिशन कालुगामगे को 2-2 विकेट मिले। विल जैक्स प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इंग्लैंड ग्रुप सी में नंबर-2 पर आया, सुपर-8 की रेस में कायम इंग्लिश टीम ग्रुप सी की पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर आ गई है। टीम ने 4 में से 3 मैच जीतकर 6 अंक हासिल किए। इतने ही अंक वेस्टइंडीज के पास भी हैं, लेकिन कैरेबियाई टीम का नेट रन रेट इंग्लैंड से बेहतर है। स्कॉटलैंड और इटली एक-एक जीत के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। नेपाल ने लगातार तीनों मैच गंवा दिए हैं और टीम 5वें नंबर पर है। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे ळ20 वर्ल्ड कप टूनार्मेंट के दौरान दैनिक भास्कर के खास गेम रवढएफ ओवर में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूनार्मेंट का टॉप स्कोरर बनिए। इंग्लैंड ने 24 रन की जीत हासिल की है। उसने इटली को 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर 178 रनों पर ऑलआउट कर दिया है। जैमी ओवरटन ने 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर अली हसन को बोल्ड कर दिया।

उन्होंने इस ओवर में कोई रन खर्च नहीं किया। 19वें ओवर में ग्रांट स्टुअर्ट रिव्यू लेकर छइह होने से बच गए। सैम करन की दूसरी बॉल उनके पैड पर लगी और फील्ड अंपायर ने आउट भी दे दिया। ऐसे में स्टुअर्ट ने रिव्यू की मांग की। हालांकि, वे 5वीं बॉल पर छइह हो गए। स्टुअर्ट 45 रन बनाकर आउट हुए। 18वें ओवर में आदिल रशीद ने 21 रन खर्च कर दिए हैं। ग्रांट स्टुअर्ट और जसप्रीत सिंह की जोड़ी ने इस ओवर में आदिल रशीद की बॉल पर 3 छक्के मारे। अब यहां से इटली को 12 बॉल पर 30 रनों की जरूरत है। सैम करन ने 16वें ओवर में मार्कस कैंपोपिनो (2 रन) और जीपी मीडे (जीरो) को लगातार दो बॉल पर आउट किया। हालांकि, वे हैट्रिक नहीं ले सके। 15वें ओवर में इटली ने 5वां विकेट गंवाया।

यहां पर जस्टिन मोस्का 43 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आदिल रशीद ने टॉम बैंटन के हाथों कैच कराया। विल जैक्स ने बेन मेनेंटी ने 3 बाउंड्री लगाई। उन्होंने जैक्स की बॉल पर 2 सिक्स और एक चौका लगाया। हालांकि इसी ओवर की आखिरी बॉल पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में आउट हो गए। वे 60 रन बनाकर आउट हुए। यहां 92 रनों की पार्टनरशिप ब्रेक हुई। 19वां ओवर फेंक रहे सैम करन के ओवर में 14 रन आए, जिसमें बेन मेनेंटी ने लगातार दो छक्के जड़े। पहले उन्होंने फुल गेंद को लॉन्ग-ऑन के ऊपर भेजा, फिर धीमी गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग के पार छक्का मारा।

इसी के साथ मॉस्का-मानेन्टी के बीच 50 रन की साझेदारी भी पूरी हुई। वहीं दूसरी ओर मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिये जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाये। जम्मू कश्मीर के लिये आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिये। इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं। बंगाल के लिये फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार घरामी कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए। अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाये। बायें हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने 20 ओवरों में 41 रन देकर तीन विकेट लिये। जम्मू कश्मीर की पारी में भारत के पूर्व गेंदबाज शमी ने बंगाल के लिये शानदार पहला स्पैल डाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज शुभमन खजूरिया (तीन) और ताविर हुसैन (दो) को पगबाधा आउट किया जबकि शुभम पुंडीर ने मुकेश कुमार की गेंद पर स्लिप में सुदीप चटर्जी को कैच थमाया। तीन विकेट 13 रन पर गिरने के बाद जम्मू कश्मीर के लिये अनुभवी कप्तान पारस डोगरा ने 112 गेंद में 58 रन बनाये और युवा आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने 85 गेंद में 82 रन की पारी खेली। डोगरा ने रणजी ट्रॉफी में 10000 रन भी पूरे कर लिये।

# कनाडा व न्यूजीलैंड आमने-सामने



चेन्नई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आ गई थी और उसकी टीम अब कनाडा के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में इन्हें दूर करने और सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा। विश्व कप से ठीक पहले भारत में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से काफी हद तक अभ्यस्त होकर टूर्नामेंट में उतरी। अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आसान जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ उसे सात विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार ने हर विभाग में, खासकर बल्लेबाजी में उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया।

न्यूजीलैंड के लिए पावरप्ले की परेशानियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से लय बिगड़ जाती है और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पारी को संवारने का काम करना पड़ता है। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रचिन रविंद्र की खराब फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अगले दौर में प्रवेश करने वाला है तो न्यूजीलैंड के टीम प्रबंधन उनके जल्दी लय में लौटने की उम्मीद कर रहा होगा। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डैरिल मिचेल ने कहा, हम 200 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए जो हम चाहते थे। मुझे लगता है कि गेंदबाजी में भी हमारा प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा जितना होना चाहिए था। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए हैं और इसलिए इस मैच में नहीं खेलेंगे। काइल जैमीसन को उनकी जगह पर अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना है, जबकि लेग स्पिनर ईश सोढ़ी एक और रणनीतिक विकल्प बने रहेंगे। न्यूजीलैंड इस मैच में जीत हासिल करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की कर लेगा। दूसरी तरफ कनाडा की भी अपनी परेशानियां हैं। उसकी टीम दक्षिण अफ्रीका और यूएई के खिलाफ अपने दोनों मैच हारने के बाद अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। टूर्नामेंट से पहले प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव न होने का असर उनके प्रदर्शन में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना भी उनके लिए मुश्किल रहा है। यूएई से हार के बाद तेज गेंदबाज दिलोन हेइलिगर ने कहा था, हम यहां की तुलना में काफी कम तापमान में रहते हैं और हमारे पास क्रिकेट खेलने के लिए साल में केवल तीन महीने होते हैं। हम इनडोर अभ्यास करते हैं।

इसलिए हमारे लिए यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान की टी20 विश्व कप के मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से 61 रन की हार के बाद स्टार बल्लेबाज बाबर आजम आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं तथा देश के कई पूर्व खिलाड़ियों ने कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ उन्हें भी टीम से बाहर करने की मांग की है। पूर्व कप्तान बाबर, शादाब खान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी जैसे अनुभव खिलाड़ी रविवार रात कोलंबो में खेले गए एकतरफा मुकाबले में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

## संक्षेप

### उत्तराखंड के औली की बर्फीली ढलानों पर पहली बार हुई नाइट स्कीइंग

गोपेश्वर। उत्तराखंड के औली में पहली बार नाइट स्कीइंग हुई जहां हाथों में रोशनी लेकर स्कीयर्स ने अंधेरे में बर्फीली ढलानों पर अपना अदभुत कौशल प्रदर्शित किया। यह नाइट स्कीइंग औली में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय स्कीइंग चैम्पियनशिप और विंटर कार्निवल के दौरान रविवार रात को की गयी जिसने स्कीयर्स के अलावा वहां मौजूद लोगों को भी रोमांच से भर दिया। विंटर गेम्स एसोसिएशन ने उत्तराखंड सरकार के सहयोग से इस चैंपियनशिप का आयोजन किया था जिसका सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सोमवार को विधिवत समापन हुआ। राष्ट्रीय स्कीइंग चैम्पियनशिप में हिमाचल प्रदेश की टीम ने छह स्वर्ण पदकों के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि दूसरे स्थान पर भारतीय सेना तथा तीसरे स्थान पर जम्मू-कश्मीर की टीम रही। विंटर गेम्स एसोसिएशन, उत्तराखंड के अध्यक्ष हर्षमणि व्यास ने इसे उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन के लिए एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे औली को अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक बेहतरीन विंटर स्पोर्ट्स हब के रूप में पहचान मिलेगी।

### श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर समेटा

पालेकल। कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के विस्फोटक अर्धशतकों के दम पर मजबूत शुरुआत करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सोमवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप बी मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 181 रन पर सिमट गया। चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए मार्श ने वापसी करते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और 27 गेंदों में 54 रन ठोक डाले। हेड ने भी 29 गेंदों में 56 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर नौ ओवर से कम समय में 104 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को 200 से अधिक के स्कोर की राह पर ला खड़ा किया। श्रीलंका के गेंदबाजों ने हालांकि आखिरी 10 ओवरों में शानदार वापसी की। लेग स्पिनर दुशान हेमंथा (चार ओवर में 37 रन पर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी चार विकेट महज छह रन के अंदर गंवा दिये। पहले गेंदबाजी करने का श्रीलंका का फैसला शुरुआत में गलत साबित हुआ। मार्श और हेड ने चौकों-छक्कों की झड़ी लगाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। जिम्बाब्वे से 23 रन की हार के बाद उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दुष्मंथा चमीरा (36 रन पर दो विकेट) के पहले ही ओवर में 16 रन बटोर लिए।

# लक्ष्मण सिंह क्लब ने जीती अंडर 14 त्रिकोणीय की विजेता ट्रॉफी



लखनऊ। लक्ष्मण सिंह क्लब ने बालक अंडर-14 त्रिकोणीय क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब फाइनल में ईडेन स्पोर्ट्स क्लब को छह विकेट से हराकर जीत लिया। एलडीए स्टेडियम, अलीगंज में आयोजित फाइनल मुकाबले में लक्ष्मण सिंह क्लब की जीत में मैन ऑफ द मैच सत्यम सिंह ने चार विकेट हासिल किए। ईडेन स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 188 रन का स्कोर बनाया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए लक्ष्मण सिंह क्रिकेट क्लब ने दो ओवर शेष रहते चार विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाते हुए खिताबी जीत अपने नाम की।

समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. आनंद किशोर पांडेय (निदेशक, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया) ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्टेडियम के निदेशक (ऑपरेशन) अजय सेठी एवं सहायक निदेशक अंश पांडेय ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

वहीं बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ईडेन स्पोर्ट्स क्लब के तल्हा को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया जिन्होंने 190 रन बनाए, साथ ही चार कैच लपके और दो रन आउट में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार एलडीए स्टेडियम, अलीगंज ने पिछले वर्षों में विभिन्न खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है, उसी परंपरा को भविष्य में भी निरंतर जारी रखा जाएगा। उन्होंने प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि खिलाड़ियों के हित सर्वोपरि रहेंगे और किसी भी प्रकार की फीस वृद्धि नहीं की जाएगी।

# सुपर आठ की उम्मीद जीवंत रखने उतरेगा जिम्बाब्वे

एजेंसी



पल्लीकल (श्रीलंका)। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर शानदार जीत के बाद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखकर पहली बार सुपर आठ में जगह बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। आयरलैंड पर जीत से जिम्बाब्वे के छह अंक हो जाएंगे लेकिन तब भी उसकी ग्रुप बी से सुपर आठ में जगह पक्की नहीं होगी। ऑस्ट्रेलिया (दो मैचों में दो अंक) और श्रीलंका (दो मैचों में चार अंक) अब भी छह अंक तक पहुंच सकते हैं। उस स्थिति में नेट रन रेट निर्णायक होगा।

जिम्बाब्वे अपना आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को कोलंबो में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। अगर जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंच जाता है तो यह सात प्रयासों में पहली बार होगा जब उसकी टीम इस चरण में जगह बनाएगी। टूर्नामेंट में अब तक जिम्बाब्वे का प्रदर्शन शानदार रहा है। उसके तीन तेज गेंदबाजों रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस ने कोलंबो में खेले गए अपने पहले मैच में तीन तीन विकेट लेकर ओमान को केवल 103 रन पर आउट कर दिया था। ब्रायन बेनेट (48 नाबाद) की अगुवाई में उसके बल्लेबाजों को आठ विकेट से जीत हासिल करने के लिए केवल 13.3 ओवरों की जरूरत पड़ी। इसके बाद जिम्बाब्वे टूर्नामेंट में दिग्गज टीमों को हराने वाली टीम के रूप में उभरी। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट पर 169 रन बनाए और फिर विपक्षी टीम को सिर्फ 146 रन पर आउट कर 23 रन से जीत हासिल की। ओपनर बेनेट ने एक बार फिर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 64 रन बनाए, जबकि मुजरबानी और इवांस ने क्रमशः चार और तीन विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

# कैनबरा होटल मामला : पीएसबी ने भुगतान के सबूत दिये, पीएचएफ विवाद के घेरे में

एजेंसी

कराची। पाकिस्तानी हॉकी टीम के लिये आस्ट्रेलिया में होटल बुकिंग के एक करोड़ पाकिस्तानी रूपये से अधिक के भुगतान के सबूत पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) द्वारा दिये जाने के बाद अब पाकिस्तान हॉकी महासंघ विवाद के घेरे में आ गया है।

पाकिस्तान हॉकी टीम को सिडनी हवाई अड्डे पर 13 से 14 घंटे इंतजार करना पड़ा क्योंकि कैनबरा की फ्लाइट लेने से पहले पीएचएफ न खिलाड़ियों और अधिकारियों के हवाई अड्डे पर रूकने या खाने का कोई इंतजाम नहीं किया था जिससे पीएचएफ और पीएसबी की काफी आलोचना हो रही थी। एफआईएच प्रो लीग के लिये कैनबरा पहुंचने के बाद पाकिस्तानी टीम के पास होटल नहीं था क्योंकि पीएचएफ ने भुगतान नहीं किया था।

लाहौर से आस्ट्रेलिया का 24 घंटे का सफर तय करने के बाद खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ चार सितारा होटल पहुंचे जहां उन्हें बताया गया कि उनके नाम पर कोई बुकिंग नहीं है। खिलाड़ियों को अपने लगैज के साथ कैनबरा में होटल के बाहर लंबा इंतजार करना पड़ा जिसके बाद कैनबरा में रहने वाले पाकिस्तानियों ने सस्ते एयरबीएनबी होटल का इंतजाम किया। अगले दिन पाकिस्तान आस्ट्रेलिया से पहला मैच हार गया।

# खेल मंत्रालय की बैठक में दूषित सप्लीमेंट और दवाओं के दुरुपयोग पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली। खेलों में डोपिंग से जुड़ी नयी चुनौतियों पर विचार करने के लिए सोमवार को आयोजित चौथे राष्ट्रीय अनुपालन मंच की बैठक में खराब सप्लीमेंट, दवाओं के दुरुपयोग और प्रतिबंधित पदार्थों की ऑनलाइन बिक्री जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। खेल सचिव हरि रंजन राव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न हितधारकों द्वारा लागू किए गए डोपिंग रोधी प्रयासों की समीक्षा की गई और डोपिंग रोकने के लिए अंतर-मंत्रालय समन्वय को मजबूत करने के उपायों पर विचार किया गया। राव ने आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी को मजबूत करने और अनजाने में डोपिंग के जोखिम को कम करने और स्वच्छ खेल की अखंडता की रक्षा करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# गोल्फ लीग की शुरुआत, अवध ईगल्स ने मारी बाजी

खेल संवाददाता




लखनऊ। शहर के प्रतिष्ठित लखनऊ गोल्फ क्लब में रविवार को लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण का शानदार आगाज हुआ। टूनार्मेंट का उद्घाटन क्लब अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्रा (आईपीएस) और क्लब कप्तान आरएस नंदा ने खिलाड़ियों की मौजूदगी में किया। उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस बार लीग में कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे मुकाबला पहले से ज्यादा रोमांचक होने की उम्मीद है। पहले दिन ही खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दिन का सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन अवध ईगल्स टीम का रहा। ईगल्स ने पीआर हुंडई जो रॉयल्स को 4-1 के बड़े अंतर से हराकर जोरदार शुरूआत की।



मैच के दौरान ईगल्स के खिलाड़ियों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला। टीम की ओर से वाहिद हसन सिद्दीकी, संजीव कुमार और स्वप्निल राज की जोड़ियों ने सधी हुई रणनीति और सटीक शॉट्स के दम पर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। शुरूआत से ही उन्होंने बढ़त बनाई और अंत तक उसे कायम रखा। दूसरा मुकाबला बीबीडी रेंजर्स और स्टिंगर्स के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा और आखिरी होल तक नतीजा साफ नहीं था। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन आखिर में बीबीडी रेंजर्स ने 3-2 से जीत दर्ज कर ली। रेंजर्स की ओर से बबली नंदा, मनोज कपूर और जोहे सिद्दीकी की जोड़ियों ने अहम अंक जुटाए। उनकी सूझबूझ और संयम ने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिन का तीसरा मुकाबला पार सीकर्स और अमेजिंग ओरिजिन्स के बीच हुआ। यह मैच काफी कांटे का रहा और अंत तक बराबरी की टक्कर देखने को मिली।

दोनों टीमों ने एक-एक शॉट के लिए पूरा दम लगाया। आखिरकार मुकाबला 2.5-2.5 की बराबरी पर छूटा। इस ड्रॉ ने लीग को और दिलचस्प बना दिया है, क्योंकि आगे के मैचों में अंक तालिका का समीकरण बदल सकता है। पहले दिन के मुकाबलों ने साफ कर दिया है कि इस बार लीग में हर टीम खिताब जीतने के इरादे से उतरी है। आने वाले दिनों में दर्शकों को और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# नेपाल व स्कॉटलैंड का मुकाबला आज

मुंबई। पिछले मैच में इटली पर बड़ी जीत से उत्साहित स्कॉटलैंड की टीम नेपाल के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इंग्लैंड अगर सोमवार को इटली को हरा देता है तो वह ग्रुप सी में वेस्टइंडीज के बाद ऊपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन जाएगी। इससे स्कॉटलैंड बाहर हो जाएगा। नाटकीय परिस्थितियों में प्रतियोगिता में शामिल होने वाला स्कॉटलैंड हालांकि संघर्षरत नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। बेहतर नेट रन रेट (0.359) होने के बावजूद स्कॉटलैंड तीसरे स्थान पर है क्योंकि तीन मैचों में उसके केवल दो अंक हैं। इंग्लैंड (-0.143) के तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक हैं। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज से करारी हार के बावजूद स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया। नेपाल की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है और उसके खिलाफ स्कॉटलैंड न केवल अपनी जीत की उम्मीद करेगा बल्कि अपने नेट रन रेट में सुधार करने की भी कोशिश करेगा। लेकिन इससे पहले उसे दुआ करनी होगी कि इटली की टीम इंग्लैंड को उलटफेर का शिकार बना दे। लेकिन अगर यह टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड की आखिरी मैच साबित होता है तो वे जीत के साथ विदाई लेना चाहेंगे।

# आज में जीने वाला खिलाड़ी ईशान किशन

एजेंसी




नयी दिल्ली। बॉलीवुड की 1960 में आई सुपरहिट फिल्म वक्त में आशा भोंसले का गाया "आगे भी जाने ना तू, पीछे भी जाने ना तू, जो भी है बस यही एक पल है शायद इशान किशन का पसंदीदा गाना नहीं हो लेकिन इन पंक्तियों का भाव उनके करियर की कहानी पर सटीक बैठता है। पटना के 27 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने उस दौर से वापसी की जब भारतीय क्रिकेट जगत उनसे उम्मीद छोड़ने लगा था। ज्षभ पंत टी20 विश्व कप विजेता टीम में वापसी कर चुके थे, ध्रुव जुरेल प्रभावी प्रदर्शन कर रहे थे, संजू सैमसन हमेशा की तरह दावेदार थे और जितेश शर्मा भी अपनी उपयोगिता साबित कर रहे थे। ऐसे में चयन क्रम में पांचवें स्थान पर खड़े किशन के लिए राह लगभग बंद दिख रही थी। आक्रामक शैली के इस बल्लेबाज के लिए लगातार अनिश्चितता के सहारे जीवन बिताना आसान नहीं था। किशन ने मानसिक थकान के चलते ब्रेक लेने का फैसला किया। लेकिन इसके बाद उन्हें चयन से बाहर किया गया, केंद्रीय अनुबंध रद्द हुआ और उन पर घरेलू क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं होने के आरोप लगे। उनके करीबी मित्र अंशुमत श्रीवास्तव ने कहा," अगले ही दिन से लोगों ने मान लिया कि वह क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं हैं। तरह-तरह की बातें लिखी गईं। किशन ने हालांकि इन बातों पर कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। मुस्कुराते रहे और मेहनत करते रहे। वर्तमान में जीना कठिन होता है, लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया को सर्वोपरि मान लिया। अंशुमत के अनुसार, आज आप जो पाकिस्तान के खिलाफ देख रहे हैं, वह दो साल पहले शुरू की गई प्रक्रिया का परिणाम है। ये रन उस प्रक्रिया का एक हिस्सा है। अंशुमत पटना स्थित इशान किशन क्रिकेट अकादमी के सह-संस्थापक भी हैं और इस दौरान उनकी मेहनत के साक्षी रहे। इस मुश्किल दौर में अंशुमत के अलावा किशन के परिवार और करीबी लोगों का सुरक्षा घेरा बना रहा। पिता प्रणव पांडेय, बड़े भाई और चिकित्सक राज किशन ने उन्हें भावनात्मक संबल दिया। किशन की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई। बेहतर एकाग्रता के लिए उन्होंने ध्यान शुरू किया। पिता की सलाह पर भगवद गीता पढ़नी शुरू की। अभ्यास के लिए वह नियमित तौर पर दिन में दो बार अपनी अकादमी जाते। पोषण पर ध्यान देने के लिए निजी शेफ रखा और बाहर का खाना छोड़ दिया। नींद और आराम की निगरानी भी व्यवस्थित ढंग से की गई। भले ही किशन ने सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहा, लेकिन भारतीय क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर उठे सवाल उन्हें आहत कर गए थे। अंशुमत ने कहा, ब्रेक के दौरान वह मानसिक रूप से थके हुए थे और उन्हें विश्राम की जरूरत थी। उन्होंने इसे अपने तरीके से संभाला। यह कभी लक्ष्य नहीं रहा कि रणजी, सैयद मुश्ताक अली या विजय हजारे ट्रॉफी में इतने रन बनाने हैं। न्यूजीलैंड श्रृंखला और घरेलू क्रिकेट में उनका औसत शानदार रहा। मिलनसार और खुशमिजाज स्वभाव के किशन टीम माहौल को हल्का बनाए रखना पसंद करते हैं। अंशुमत कोलंबो सिर्फ पाकिस्तान मैच देखने नहीं, बल्कि अपने इस भाई के साथ रहने भी पहुंचे। उन्होंने कहा वह मजाक करना और हंसी-मजाक से माहौल हल्का रखना पसंद करते हैं। हल्के-फुल्के स्वभाव को अक्सर गंभीरता की कमी समझ लिया जाता है, लेकिन यह सिर्फ धारणा है। पाकिस्तान के खिलाफ कठिन परिस्थितियों में रन बनाने के बाद होटल लौटते ही उन्होंने सबसे पहले रिकवरी पर ध्यान दिया, क्योंकि बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ मैच है।

# दिल्ली पुलिस की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास

## विशेष प्रकोष्ठ के एकीकृत मुख्यालय से आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ावा मिलेगा : गृह मंत्री शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली पुलिस बल के 79वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 368 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहा दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ का एकीकृत मुख्यालय आतंकवाद और अपराध से निपटने का एक प्रभावी साधन बनेगा।



इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि यह नई सुविधा मादक पदार्थों के नेटवर्क, संगठित अपराध और आतंकी गतिविधियों से निपटने के लिए देश का सबसे आधुनिक केंद्र बनकर उभरेगी। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह में परियोजना की ई-आधारशिला रखी गई। गृह मंत्री ने कहा कि एकीकृत मुख्यालय में अत्याधुनिक इनडोर फायरिंग रेंज, वॉर रूम, साइबर प्रयोगशालाएं, प्रशिक्षण हॉल और अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी। उन्होंने कहा कि विशेष प्रकोष्ठ ने न केवल राजधानी में बल्कि पूरे देश में मादक पदार्थों के गिरोह, नकली भारतीय मुद्रा गिरोह, जटिल साइबर अपराध और बड़ी आतंकी साजिशों पर नकेल कसने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक बयान के मुताबिक, शाह ने कहा "दिल्ली पुलिस ने अपनी स्थापना से ही शांति, सेवा और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर कायम रखा है। दिल्ली न केवल राष्ट्रीय राजधानी है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थानों का केंद्र भी है, जहां राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आवास और कार्यालयों सहित कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान स्थित हैं, इसलिए बल की जिम्मेदारी कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सुरक्षा को उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप होना चाहिए, विशेष रूप से शहर में आयोजित होने वाले कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों को देखते हुए। समारोह के दौरान दिल्ली पुलिस की 10 नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। लगभग 857 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सुरक्षित शहर परियोजना के पहले चरण की आधारशिला रखी गई। इस परियोजना के तहत, दिल्ली के लोगों को समर्पित एक आधुनिक एकीकृत कमान, नियंत्रण, संचार और कंप्यूटर केंद्र (सी4आई) स्थापित किया गया है। शाह ने कहा, यह केंद्र बल की निगरानी, समन्वय और वास्तविक समय में प्रतिक्रिया देने की क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि राजधानी को 10,000 कैमरों से जोड़ने की योजना के पहले चरण के तहत 2,100 कैमरे पहले ही चालू हो चुके हैं। इसके अलावा, शहर भर में मौजूद 15,000 से अधिक कैमरों को केंद्रीय प्रणाली से एकीकृत किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सी4आई केंद्र चेहरे की पहचान, भीड़ की निगरानी और डेटा विश्लेषण जैसी उन्नत सुविधाओं लैस होगा, जिससे अपराध का पता लगाने और सार्वजनिक सुरक्षा प्रबंधन में सुधार होगा। उम्मीद है कि यह प्रणाली बड़े जनसमूहों, आपात स्थितियों और कानून-व्यवस्था की स्थितियों के दौरान स्थितिजन्य जागरूकता को मजबूत करेगी। सुरक्षित शहर परियोजना से राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा और शहरी पुलिसिंग के समग्र मानकों में काफी सुधार होगा।

# रक्षा मंत्री ने प्रदान किये भव्य भारत भूषण पुरस्कार

कोयंबटूर (तमिलनाडु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां ईशा योग केंद्र में महाशिवरात्रि समारोह के दौरान विशिष्ट राष्ट्र निर्माताओं के एक समूह को पहले भव्य भारत भूषण पुरस्कार प्रदान किए।



ये नवस्थापित पुरस्कार विज्ञान, कला, खेल और सैन्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत की प्रगति में योगदान देने वाले दिग्गजों को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू किए गए हैं। इन पुरस्कारों की शुरुआत ईशा फाउंडेशन ने की है। रक्षा मंत्री ने कहा, इन क्षेत्रों के दिग्गजों को यह सम्मान दिए जाने के साथ-साथ, ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के सम्मान में हमारी सशस्त्र सेनाओं के तीनों सैन्य संगठन को भी सम्मानित किया गया, जिनमें पश्चिमी वायु कमान, सेना की दक्षिणी कमान और पश्चिमी नौसेना कमान शामिल हैं। व्यक्तिगत रूप से, इससे मुझे बहुत खुशी और गर्व महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि संस्कृति और विज्ञान को अक्सर अलग माना जाता है, लेकिन भारत में ये हमेशा से एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। उन्होंने कहा, संस्कृति केवल महज रीति-रिवाज नहीं है, यह हमारी जीवनशैली है। ये पुरस्कार प्रतिवर्ष सात प्रमुख श्रेणियों में दिए जाएंगे, जिनमें कॉर्पोरेट, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल और संस्कृति शामिल हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी श्रेणी के तहत नम्बी नारायण और किरण कुमार को भारत की प्रौद्योगिकी प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरस्कार दिया गया। कला और संस्कृति क्षेत्र में शास्त्रीय नृत्यांगना अलमेल वल्ली, वायलिन वादक एन राजम और इतिहासकार विक्रम संपत को सम्मानित किया गया। खेल क्षेत्र में बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी साइना नेहवाल को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सेना की तीनों शाखाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया, जिनमें पश्चिमी वायु कमान के एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा, दक्षिणी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल ए वी एस राठी और पश्चिमी नौसेना कमान के वाइस एडमिरल आर वी गोखले शामिल हैं।

## संक्षेप

### सरकारी नौकरी का वादा 10 महीने बाद भी नहीं हुआ पूरा

पुणे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपने पिता की मौत के दस महीने बाद भी, असावरी जगदाले महाराष्ट्र सरकार द्वारा किये गए सरकारी नौकरी के वादे के पूरा होने का इंतजार कर रही हैं। असावरी ने सोमवार को पुणे में अपनी चिंता व्यक्त की। इस संबंध में भाजपा नेता नवनाथ बान ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस देरी का मुद्दा उठाने का वादा किया। असावरी के पिता संतोष जगदाले उन 26 पीड़ितों में से एक थे जिनकी मौत पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन मैदान में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में हुई थी। इस नरसंहार के बाद, राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के छह पीड़ितों के परिवारों को 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और उनके परिजनों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। असावरी ने मीडिया कर्मियों से कहा, मुझे सरकार में नौकरी दिये जाने का वादा किए हुए 10 महीने हो गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से इस संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सदस्य मेधा कुलकर्णी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राज्य सरकार के आश्वासनों से अवगत कराया है। असावरी ने कहा, मैंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालयों से संपर्क किया है। वे इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं।

# सरकार और पार्टी का रुख एक जैसा होना जरूरी नहीं

पलक्कड़ (केरल)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव एम. वी. गोविंदन ने सोमवार को कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले फिर से उठे शबरिमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर पार्टी और उसकी सरकार का रुख एक जैसा होना जरूरी नहीं है।

गोविंदन ने यहां पत्रकारों से कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार ने पहले उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुसार सभी आयु वर्ग की महिलाओं के इस मंदिर में प्रवेश का समर्थन किया था। पार्टी का रुख अलग बात है। पार्टी और सरकार का रुख एक जैसा नहीं हो सकता। सरकार का अपना अलग रुख होगा। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि यह मान लेना उचित नहीं होगा कि माकपा द्वारा एक पार्टी के रूप में या एलडीएफ द्वारा एक मोर्चे के रूप में अपनाया गया रुख सरकार द्वारा उसी रूप में लागू किया जाएगा। इस बात को भी खारिज किया कि शबरिमला मुद्दा माकपा के लिए परेशानी का सबब है। कुछ समय के विराम के बाद, महिलाओं के प्रवेश का मुद्दा रविवार को फिर से सामने आया।

# ओलचिकी लिपि को संरक्षित करने की कोशिशें हो

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि संथाली भाषा की लिपि ओलचिकी को संरक्षित करने और उसको बढ़ावा देने की कोशिश की जानी चाहिए।



ओलचिकी लिपि के सौ साल पूरे होने के मौके पर एक सभा को संबोधित करते हुए, मुर्मू ने इस बात पर खुशी जताई कि यह लिपि डिजिटल माध्यम में बढ़ रही है।

पंडित रघुनाथ मुर्मू ने 1925 में ओलचिकी लिपि तैयार की थी। तब से, यह संथाल पहचान का एक मज़बूत प्रतीक बन गई है। इसे 2003 में संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। अपने भाषण में, मुर्मू ने भारत को कई भाषाओं का बगीचा बताया, और बातचीत में अपनी मातृभाषा का इस्तेमाल करने की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ओलचिकी लिपि को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की कोशिश की जानी चाहिए। इससे पहले, डॉ. आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र के भीम हॉल में एक सैन्य बैंड ने राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत किया। बैंड ने सबसे पहले राष्ट्रगीत वंदे मातरम की धुन बजाई, जिसके बाद राष्ट्रगान जन गण मन प्रस्तुत किया गया। लोक कलाकारों के एक समूह ने संथाली भाषा में गाने गाए, जिसके बाद संथाली नर्तकों के एक अन्य समूह ने एक ऐसे विषय पर प्रस्तुति दी, जो प्रकृति और भारत की सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाती है। इस मौके पर ओलचिकी लिपि की शुरुआत और उसके विकास पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर एक विशेष डाक टिकट और 100 रुपये का विशेष सिक्का जारी किया गया।

# पंजाब में बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब पुलिस ने सोमवार को कथित बाल तस्करी और नवजात बच्ची की बिक्री में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि गिरोह ने 13 फरवरी को जन्मी बच्ची को कथित रूप से 2.10 लाख रुपये में बेच दिया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त समीर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं में बच्ची की मां, एक नर्स, एक चिकित्सक और खरीददार महिला शामिल हैं, जबकि तीन अन्य आरोपी फरार हैं। उसने कहा कि आर्थिक तंगी और पति के दबाव के कारण बच्ची की मां नवजात को बेचने के लिए तैयार हुई। उसका पति उत्तर प्रदेश का रहने वाला दिहाड़ी मजदूर है और दंपति की पहले से चार बेटियां हैं। जांच में खुलासा हुआ कि डॉ. मनमीत कौर के नेतृत्व में यह सौदा लुधियाना के एक निजी नर्सिंग होम के माध्यम से तय किया गया था। भुगतान ऑनलाइन किया गया और एक बिचौलिए की मदद से सौदा पूरा हुआ। पुलिस ने बताया कि बच्ची को संरक्षण में रखा गया है।

# भाजपा ने राहुल पर हमला करते हुए उन्हें असफल वंशवादी बताया

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह एक असफल वंशवादी हैं क्योंकि न तो उनकी अपनी पार्टी के नेताओं को और न ही उनके सहयोगियों को उन पर कोई भरोसा है।




भाजपा ने यह हमला ऐसे वक्त किया है जब कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेजते हुए आरोप लगाया कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें नज़रअंदाज किया जा रहा है और प्रदेश इकाई में उन्हें उचित स्थान नहीं दिया जा रहा है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी पर नहीं है भरोसा। पूनावाला ने कहा, तृणमूल कांग्रेस कहती है राहुल को हटाओ, ममता को लाओ, इंडी-गठबंधन को बचाओ। असम के कांग्रेस नेता भूपेन बोरा ने इस्तीफा दिया। मणि (शंकर) अय्यर कहते हैं कि कांग्रेस केरल हारेगी और विजयन जीतेंगे। भाजपा नेता ने सवाल किया कि क्या यह समझने के लिए और सबूतों की जरूरत है कि न तो गांधी की अपनी पार्टी के नेता और न ही उनके सहयोगी उन्हें गंभीरता से लेते हैं। पूनावाला ने कहा, राहुल के पास न तो जनमत है और न ही संगत... राहुल एक असफल विशेषाधिकार प्राप्त वंशवादी हैं। रविवार को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि उन्हें विश्वास है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन अपने पद पर बने रहेंगे। अय्यर की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। कांग्रेस ने उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग करते हुए कहा कि अय्यर का पिछले कुछ वर्षों से पार्टी से कोई संबंध नहीं है।

# 25 और 26 को इजराइल के दौरे पर रहेंगे मोदी

यरुशलम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 फरवरी को दो दिवसीय इज़राइल दौरे पर रहेंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को संपन्न कॉन्फ्रेंस ऑफ प्रेसिडेंट्स ऑफ मेजर अमेरिकन ज्यूइश ऑर्गनाइजेशंस को संबोधित करते हुए मोदी की यात्रा की घोषणा की। नेतन्याहू ने कहा, संसद में संबोधन प्रस्तावित है। अगले सप्ताह यहां कौन आ रहे हैं? नरेन्द्र मोदी। उन्होंने कहा, इज़राइल और भारत के बीच गहरी साझेदारी है और हम विभिन्न प्रकार के सहयोग पर चर्चा करने जा रहे हैं। आप जानते हैं कि भारत कोई छोटा देश नहीं है। इसकी आबादी 1.4 अरब है। भारत अत्यंत शक्तिशाली और अत्यंत लोकप्रिय है। एक सूत्र ने यहां बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा संक्षिप्त (25 से 26 फरवरी तक) रहने की संभावना है, लेकिन इसका प्रभाव गहरा होगा, क्योंकि मोदी को न केवल इज़राइल में, बल्कि दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल है। यात्रा का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है और इस दौरान मोदी के इज़राइली संसद नेसेट को संबोधित करने की संभावना है। समझा जाता है कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी द्विपक्षीय और क्षेत्रीय महत्व के सभी मुद्दों को उठाएंगे। मोदी की यह इज़राइल की दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले वह जुलाई 2017 में इज़राइल गए थे, जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यहूदी राष्ट्र की पहली यात्रा थी। भारतीय प्रधानमंत्री की यह उच्च स्तरीय यात्रा दोनों पक्षों के बीच हाल में हुई कई मंत्रिस्तरीय यात्राओं के बाद हो रही है। इज़राइल के पर्यटन मंत्री हैम काट्ज, अर्थव्यवस्था और उद्योग मंत्री निर बरकत, कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री अवी डिचर तथा वित्त मंत्री बेज़ालेल स्मोट्रिच ने पिछले वर्ष भारत का दौरा किया था। दोनों रणनीतिक साझेदार देश मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। स्मोट्रिच की यात्रा के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की नवंबर में इज़राइल यात्रा के दौरान एफटीए के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस (कार्य के दायरे) पर सहमति बनी।

## इंटरटेनमेंट...

# दावा- तुम्बाड 2 में खतरनाक विलेन की एंट्री तय

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई कल्ट हॉरर फिल्म तुम्बाड के सीक्वल को लेकर इंडस्ट्री में जबरदस्त चर्चा है। हाल ही में अभिनेता-निमार्ता सोहम शाह ने आधिकारिक तौर पर पेन स्टूडियोज के साथ हाथ मिलाया है। इस स्टूडियो के प्रमुख अनुभवी निमार्ता जयंतीलाल गड़ा हैं। आरआरआर और गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी भव्य फिल्मों से जुड़ चुका यह बैनर अब तुम्बाड 2 के साथ डार्क सिनेमैटिक यूनिवर्स को और बड़े स्तर पर ले जाने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, तुम्बाड 2 में विलेन का किरदार बेहद अहम होने वाला है। मेकर्स चाहते हैं कि इस बार कहानी में ऐसा नेगेटिव किरदार हो जो सिर्फ डरावना ही नहीं, बल्कि मानसिक और नैतिक रूप से भी जटिल हो। टीम सीक्वल में एक बेहद मजबूत और परतदार विलेन लाना चाहती है। फिलहाल अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। दोनों कलाकार ग्रे और अनपेक्षित किरदारों में माहिर हैं, जो तुम्बाड की दुनिया में बिल्कुल फिट बैठते हैं। सूत्र ने यह भी कहा कि मेकर्स ऐसा किरदार गढ़ना चाहते हैं जो सोहम शाह के किरदार को तीव्रता और गहराई में कड़ी टक्कर दे सके। 2018 में रिलीज हुई तुम्बाड शुरूआत में स्लीपर हिट रही, लेकिन बाद में यह एक कल्ट फिल्म बन गई। 2024 में हुई इसकी री-रिलीज ने फिल्म की लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी और नई पीढ़ी के दर्शकों को इसकी पौराणिक और मनोवैज्ञानिक हॉरर दुनिया से जोड़ा। अब खबर है कि तुम्बाड 2 इस साल की शुरूआत में फ्लोर पर जा सकती है। सोहम शाह अपनी प्रोडक्शन कंपनी सोहम शाह फिल्म्स के तहत इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहे हैं और फिल्म की टोन व पौराणिक गहराई को बरकरार रखने पर खास जोर दे रहे हैं। पेन स्टूडियोज की मजबूत प्रोडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन ताकत के साथ, और विलेन की कास्टिंग को लेकर चल रही चचार्ओं के बीच, तुम्बाड 2 को इस समय बन रही सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में गिना जा रहा है। हालांकि अभी आधिकारिक कास्टिंग अनाउंसमेंट बाकी है, लेकिन इंडस्ट्री में यह साफ संकेत है कि तुम्बाड यूनिवर्स का अगला अध्याय पहले से ज्यादा डार्क, भव्य और तीव्र होने वाला है।




# सलमान के केस की सुनवाई से हटे जज

मुंबई। राजस्थान हाईकोर्ट में बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू ने इस मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने फाइल को किसी अन्य बेंच के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई दूसरी बेंच करेगी। दरअसल, साल 1998 के इस मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान की सजा के खिलाफ अपील और राज्य सरकार की ओर से सह-आरोपियों को बरी करने के खिलाफ दायर 'लीव टू अपील' पर संयुक्त सुनवाई होनी थी।

तकनीकी प्रक्रियाओं और बेंच बदलने के कारण अब इस मामले की कानूनी प्रक्रिया में नया समय तय होगा।

# राजपाल को हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत

**मुंबई।** हाईकोर्ट में सोमवार को अभिनेता राजपाल यादव की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान भुगतान के तरीके को लेकर अहम बहस हुई। सुनवाई में उनके वकील ने अदालत को बताया कि वे 1.5 करोड़ रुपए की राशि एफडीआर (फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद) के जरिए जमा करने को तैयार हैं। हालांकि, जस्टिस शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि यह राशि एफडीआर के बजाय डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि 25 लाख रुपए का एक डिमांड ड्राफ्ट पहले ही जमा किया जा चुका है। इसके अलावा 75 लाख रुपए का एक और डीडी भी पूर्व में कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि शेष 1.5 करोड़ रुपए की राशि भी उसी दिन दोपहर 3 बजे तक डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा कराई जाए। कोर्ट ने साफ कहा था कि निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी राशि जमा होने पर ही अंतरिम जमानत पर रिहाई संभव होगी। भुगतान के तरीके को लेकर अदालत का रुख सख्त रहा और किसी भी प्रकार की छूट देने से इनकार कर दिया गया।

> 1.5 करोड़ रुपए डिमांड ड्राफ्ट से जमा करने के बाद मिली राहत, कोर्ट की सख्ती के बीच आदेश

# रश्मिका-विजय 26 फरवरी में करेंगे शादी

**मुंबई।** टॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इस साल 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दोनों सितारे पिछले कई महीनों से इस खबर के चलते सुर्खियों में हैं, और अब आखिरकार शादी की तारीख लगभग पक्की मानी जा रही है। कहना गलत नहीं होगा कि उद्योग जगत और फैन्स दोनों इस खबर के बाद बेहद उत्साहित हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार शादी एक निजी व इंटिमेट समारोह में आयोजित की जाएगी, जिसमें सिर्फ करीबी परिवारजन और कुछ चुनिंदा दोस्त ही शामिल होंगे। बड़ी बात यह है कि दोनों कलाकारों ने खुद अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन इनवाइट कार्ड और चचार्ओं के चलते लगता है कि शादी तय सा दिख रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शादी की रस्मों की तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और चचार्ओं ने पुष्टि की है कि दोनों सितारे इस आयोजन को बेहद प्राइवेट रखना चाहते हैं। यहां तक कि शादी में नो-फोन पॉलिसी की भी बात सामने आ रही है, ताकि निजी क्षणों को मीडिया और पब्लिक के कैमरों से बचाया जा सके। बेहद खास बात यह है कि शादी उदयपुर के किसी ऐतिहासिक महल या दरबार शैली के स्थल में होने की अटकलें हैं, जिससे यह आयोजन और भी भव्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, किसी भी सरकारी या पारिवारिक सोर्स ने अभी तक शादी के स्थान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



> इंटिमेट वेडिंग की तैयारी शुरू, ऑफिशियल ऐलान का फैंस को इंतजार




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceofflucknow@gmail.com